दैनिक
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 120 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 21 मई, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 पेज 8+ ₹

# पीएम चाहते हैं हमारे देश की माता - बहनों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो, महिला आरक्षण बिल हर हाल में लेकर आएंगे : भजनलाल शर्मा

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बांसवाड़ा के कुशलगढ़ में चुड़ादा गांव में रात्रि चौपाल का किया आयोजन, गांव में ही रात्रि भोजन करके किया रात्रि विश्राम, आज सुबह करेंगे मॉर्निंग वॉक और आज शाम को धंबोला गांव में रात्रि चौपाल का करेंगे आयोजन, बुधवार की रात्रि चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं, किसान और युवाओं ने अपनी उपस्थिति दिखाई इस मौके पर कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी और जिले के पार्टी के विधायक और संगठन से जुड़े नेता भी रहे मौजूद**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ के तीन दिन के दौरे के लिए रवाना हुए, बुधवार की शाम बांसवाड़ा के कुशलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चुड़ादा गांव में आयोजित रात्रि चौपाल के कार्यक्रम के लिए जब मुख्यमंत्री शर्मा चूड़ादा हेलीपैड पर पहुंचे तो वहां जिला कलेक्टर इंद्रजीत यादव और जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा रात्रि चौपाल के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जब एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल परिसर में पहुंचे तो वहां



स्थानीय ग्रामीणों ने अपने अंदाज में नृत्य करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा का शानदार स्वागत किया स्थानीय ग्रामीण लोगों के स्वागत सत्कार को देखकर मुख्यमंत्री शर्मा काफी खुश और प्रभावित हुए यहां रात्रि चौपाल के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं, किसान, युवा और ग्रामीण पहले ही एकत्रित हो गए थे कार्यक्रम स्थल पर कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी पार्टी के संगठन से जुड़े अन्य नेताओं और विधायकों ने मुख्यमंत्री शर्मा का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उपस्थित लोगों से कहा कि वे यहां राजनीतिक भाषण बाजी करने नहीं आए हैं बल्कि यहां सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों से चर्चा करने आए हैं चर्चा करने के साथ-साथ लोगों से सुझाव लेने आए हैं ताकि आगे हम मिले सुझाव के आधार पर और भी अच्छी योजनाएं तैयार कर सके। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की काफी प्रसन्नता है कि बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ की महिलाएं राजीविका के क्लस्टर से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह चाहते हैं कि देश की माता बहने आर्थिक रूप से काफी मजबूत हो और माता बहनों का जीवन खुशहाल हो इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं को उनका अधिकार और सम्मान देने के लिए लोकसभा में महिला आरक्षण बिल लेकर आए थे लेकिन देश की कुछ राजनीतिक पार्टियों जो परिवारवाद में विश्वास रखती हैं वे राजनीतिक दल यह नहीं चाहते कि देश की महिलाएं आगे बढ़ सके इसलिए उन्होंने इस बिल को मंजूर करवाने में पीछे हट गए लेकिन मोदी है तो मुमकिन है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर हाल में इस बिल का को लेकर आएंगे । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रात्रि चौपाल में उपस्थित लोगों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और निर्देशन में हमारी सरकार चाहती है कि केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही सभी योजनाओं का आप पूरा फायदा उठाएं इसीलिए हमने ग्राम विकास रथ कार्यक्रम और रात्रि चौपाल जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया ताकि हमारी योजनाओं के बारे में आपको पूरी जानकारी हो और आप इन योजनाओं का फायदा उठा सके उन्होंने कहा कि सरकार और अधिकारी अपने स्तर पर सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने का पूरा प्रयास करते हैं लेकिन फिर भी ग्रामीण क्षेत्र में कई लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती जिसकी वजह से वह योजनाओं का फायदा नहीं उठा पाए इसीलिए ग्रामीणों से चर्चा करने के लिए उन्होंने इन रात्रि चौपाल कार्यक्रमों को आयोजित करने का निर्णय लिया ताकि मैं खुद ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं के बारे में चर्चा भी करें उनसे फीडबैक भी लूं और ग्रामीणों से सलाह भी लूं।

## दिन में अगर महिलाओं को दो या तीन घंटे का भी समय मिले तो वे राजीविका क्लस्टर से जुड़कर खुद को आत्मनिर्भर बनाएं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रात्रि चौपाल में उपस्थित महिलाओं से आग्रह किया कि वैसे तो बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ की महिलाएं राजीविका के कार्यक्रम से अच्छी संख्या में जुड़ी हुई हैं लेकिन जो महिलाएं अभी इस योजना से जुड़ी हुई नहीं है उन्हें अगर दिन में दो या तीन घंटे का समय भी मिलता है तो वह अपने इस समय का सदुपयोग अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए राजविका क्लस्टर से जुड़े तो काफी फायदेमंद साबित होगा ।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राजीव का क्लस्टर के तहत 22 लाख महिलाओं को प्रशिक्षण दिया था जिसमें 17 लाख महिलाएं इस क्लस्टर से जुड़कर आर्थिक स्थिति को लगातार मजबूत कर रही हैं प्रदेश में बड़ी संख्या में महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं और कई महिलाएं मिलेनियम दीदी बनने जा रही हैं उन्होंने कहा कि हमारी सरकार चाहती है कि महिलाओं का जीवन खुशहाल हो, महिलाएं अच्छा जीवन जीए, अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा दिलवाएं इसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने हमारी पलक का अच्छा फायदा उठाया है और बड़ी संख्या में महिलाएं अब अपने परिवार को आर्थिक रूप से संबल देने लगी है जिसकी वजह से परिवार में भी महिलाओं को काफी सम्मान और इज्जत मिलने लगा है ।उन्होंने कहा कि पहले जो पुरुष महिलाओं को घर से बाहर निकालने के लिए मना करते थे आज वहीं पुरुष महिलाओं को उनके कार्य स्थल तक छोड़ने आते हैं महिलाओं के जीवन में यह बड़ा बदलाव हमारी डबल इंजन की सरकार की बदौलत ही आया है ।

### *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की वर्षों पुरानी पीड़ा और परेशानियों को दूर किया*

*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रात्रि चौपाल में उपस्थित महिलाओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं की भलाई और कल्याण के लिए शुरू से ही समर्पित भाव से काम कर रहे हैं ।उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले महिलाओं को कई बड़ी-बड़ी पीड़ा और मुश्किलों से गुजरना पड़ता था कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने कई साल तक देश पर राज किया लेकिन महिलाओं की तकलीफों को दूर नहीं किया लेकिन वर्ष 2014 में देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए क्रांतिकारी निर्णय जिसमें पीएम मोदी की पहल पर देशभर में हर घर में शौचालय का निर्माण करवाया गया, हर घर में नल का जल पहुंचा जा रहा है, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को शानदार तरीके से संपादित करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुरुष और महिलाओं के लिंग भेद में जो पहले बड़ा अंतर रहता था उसे काफी काम कर दिया है इसी तरह से उज्जवला गैस योजना, मातृ वंदन योजना, लाडो योजना, लखपति दीदी जैसी अनेक योजनाएं शुरू की है जिसकी वजह से देश की महिलाओं का जीवन काफी सुखदाई हुआ है और देश की महिलाएं तेजी से आर्थिक रूप से मजबूत होती जा रही है महिलाओं के जीवन में यह क्रांतिकारी बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच और नियत का ही परिणाम है ।*

## हमारी सरकार ने सवा दो साल में हर क्षेत्र में शानदार कार्य किया और प्रदेश के विकास को तेजी से बढ़ाया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रात्रि चौपाल में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने पिछले सवा दो साल में पानी बिजली सड़क शिक्षा चिकित्सा महिला और युवा कल्याण सौर ऊर्जा कृषि उद्योग सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक कार्य किए हैं और बड़े-बड़े निर्णय लिए हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमने अपनी के क्षेत्र में जहां रामसेतु लिंक जल परियोजना, यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी ने गंगा नहर परियोजना जैसी अनेक जल परियोजनाओं पर गंभीरता से कार्य कर रहे हैं जिसकी वजह से प्रदेश के सभी जिलों में आने वाले दिनों में कहीं भी पीने के पानी और खेती के पानी की कमी नहीं होगी क्योंकि हमने भविष्य को ध्यान में रखते थे जल परियोजनाएं शुरू की है और वर्तमान में भी पानी और बिजली की निरंतर सप्लाई सुनिश्चित किया जाना निर्धारित किया है यही वजह है कि वर्तमान में प्रदेश में पानी और बिजली को लेकर कहीं भी किसी भी तरह का कोई प्रदर्शन नहीं हो रहा । मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमने राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ रुपए के समझौते किए जिसमें 9 लाख करोड रुपए के समझौते धरातल पर आ गए हैं इससे बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं तथा प्रदेश में उद्योगों का अच्छा माहौल बन रहा है । उन्होंने कहा कि हमने बिजली उत्पादन के क्षेत्र में भी जोरदार काम किया है सौर ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान पूरे देश में नंबर वन पर है राजस्थान का किसान अब सौर ऊर्जा का उत्पादन करने लगा है जिसकी वजह से किसान की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो रही है और उसकी बिजली की आवश्यकता भी वह खुद ही पूरी कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधिकांश जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है और अगले साल 2027 तक प्रदेश के कृषक, उद्योगों और आमजन को 24 घंटे दिन में बिजली उपलब्ध करवाएंगे मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमने प्रदेश में युवा नीति बनाई है और युवा नीति के माध्यम से हम प्रदेश के युवाओं को रोजगार लेने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं । मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमने पिछले सवा दो साल में 125000 सरकारी नौकरी दी है तथा 135000 सरकारी नौकरी प्रक्रिया में है तथा 125000 सरकारी नौकरियों का कैलेंडर हमने जारी किया हुआ है इस तरह से हमने युवाओं के जीवन में खुशहाली लाने का काम किया है ।

# भजन लाल शर्मा की कैबिनेट की बैठक कल शाम 5:00 बजे : वैश्विक संकट और कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर होगा मंथन, लिए जाएंगे बड़े निर्णय

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भजनलाल शर्मा की कैबिनेट की बैठक कल शाम 5:00 बजे आयोजित किए जाने की जानकारी मिली है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है इस बैठक में कई ज्वलंत मुद्दों और विषयों को लेकर सामूहिक चर्चा होने के साथ-साथ वैश्विक संकट के बीच राजस्थान के विकास को तेज गति से आगे बढ़ाने के साथ-साथ प्रदेश की जनता को भी किसी भी तरह की परेशानी का सामना करना नहीं पड़े इसके लिए मुख्यमंत्री शर्मा कैबिनेट मंत्रियों के साथ विस्तार से चर्चा करके आवश्यक निर्णय भी ले सकते हैं । जानकार लोगों का कहना है कि पेट्रोल डीजल और ईंधन को लेकर प्रदेश में आगे भी स्थिति नियंत्रण में रहे इसके लिए सरकारी स्तर पर और क्या कदम उठाए जाने चाहिए इस बारे में भी मंत्रियों के साथ विस्तार से चर्चा होने की बात कही जा रही है कहा जा रहा है की बैठक में चर्चा ही नहीं होगी बल्कि



कई बड़े निर्णय भी लिए जा सकते हैं जिसमें पेट्रोल और डीजल का कम से कम उपयोग करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सुनिश्चित किया जा सकता है जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश में अभी हाल ही में ग्रामीण विकास रथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ है यह आयोजन प्रदेश के अधिकांश विधानसभा क्षेत्र में आयोजित हुआ है जिसमें सरकार की योजनाओं को उपलब्धियां को हर विधानसभा क्षेत्र में गांव-गांव जाकर प्रचारित किया गया इस कार्यक्रम में मंत्रियों का क्या अनुभव रहा मंत्री इस कार्यक्रम के बारे में क्या सोचते हैं ।सरकार को आगे और क्या कदम उठाए जाने चाहिए इन सब विषयों को लेकर भी इस बैठक में चर्चा होगी जानकार लोगों का कहना है कि जयपुर में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट का भी आयोजन होने वाला है इस आयोजन को लेकर भी इस बैठक में चर्चा होने की उम्मीद है इस महत्वपूर्ण बैठक में सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन, सरकार की उपलब्धियां, बजट घोषणा के क्रियान्वयन, संकल्प पत्र के वादों के क्रियान्वयन, पानी और बिजली के क्षेत्र में संपादित की जा रही बड़ी परियोजनाओं की क्रियान्वयन, यमुना जल समझौते, खनन और कोयला क्षेत्र से जुड़े विषयों पर भी सामूहिक चर्चा होने की संभावना है।




# मुख्य सचिव ने दिए माय भारत पोर्टल में अधिकाधिक युवाओं को जोड़ने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में माय भारत पोर्टल की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के अधिकाधिक युवाओं को पोर्टल से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप राजस्थान में माय भारत प्लेटफॉर्म पर विद्यार्थियों एवं युवाओं का व्यापक पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करते हुए विशेष अभियान चलाएं तथा प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंच सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने कहा कि माय भारत पोर्टल को युवाओं के लिए 'सिंगल विंडो सॉल्यूशन' के रूप में विकसित किया जाए, जहां उन्हें कौशल विकास, स्वयंसेवा, अनुभवात्मक शिक्षण, नवाचार, युवा नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी एवं अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को मुख्यमंत्री स्तर पर दिए गए निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए युवा मामले विभाग को साप्ताहिक कम्प्लायंस रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जिला कलेक्टरों द्वारा प्रतिमाह पोर्टल की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित कर उसकी कार्यवाही



एवं मॉनिटरिंग रिपोर्ट भी भेजी जाए। मुख्य सचिव ने युवाओं को प्रेरित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के यूथ आइकॉन्स को अभियान से जोड़ने के निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं आईटीआई संस्थानों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों का पंजीकरण कराया जाए। उन्होंने विशेष रजिस्ट्रेशन ड्राइव संचालित करने, शिक्षण संस्थानों में 'माय भारत कैंपस एम्बेसडर' नियुक्त करने तथा युवाओं को पोर्टल से जोड़ने के लिए प्रभावी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए जिला कलेक्टरों की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के साथ नियमित बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं युवा गतिविधियों को पोर्टल पर एकीकृत करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीएसआर फंड एवं गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से युवाओं को स्वरोजगार एवं कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। मुख्य सचिव ने 'स्वस्थ राजस्थान-फिट राजस्थान' की भावना के अनुरूप युवाओं के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने तथा माय भारत पोर्टल के माध्यम से विशेष रूप से नशामुक्ति अभियान संचालित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं, सेमिनार, युवा संवाद, पोस्टर एवं जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से युवाओं को समाज एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ा जाए। उन्होंने वृद्धाश्रमों एवं सामाजिक संस्थाओं से युवाओं की सहभागिता बढ़ाने तथा 'विकसित भारत@2047' की संकल्पना को साकार करने के लिए राष्ट्र निर्माण गतिविधियों का व्यापक आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# जिला कलक्टर ने ली थानागाजी में आयोजित होने वाले समाधान शिविर की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक

### केंद्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के शत-प्रतिशत सैचुरेशन कराने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन के नवाचार 'समाधान शिविर' के तहत 4 जून को थानागाजी में आयोजित होने वाले दूसरे शिविर की तैयारियों व उसके सफल आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक लेकर जिलास्तरीय व थानागाजी के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं से सभी पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर समाधान शिविरों का आयोजन होगा, जिसकी शुरुआत 22 मई को कठूमर में आयोजित प्रथम शिविर से होगी। उन्होंने थानागाजी ब्लॉक में महत्वपूर्ण योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर सैचुरेशन स्तर प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक में लंबित राजस्व परिवादों एवं जनसुनवाई के परिवादों की विस्तृत समीक्षा कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में दिए जाने वाले लाभों के संबंध में विस्तृत विभागवार समीक्षा कर जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय रखते हुए समाधान शिविर से पूर्व गतिविधियों के तहत गूगल फॉर्म का स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करें। इसके माध्यम से योजनाओं के आवेदन एवं परिवेदनाएं आदि ली जाएं। शिविर की तैयारी इस प्रकार करें कि समाधान शिविर के दिन लाभार्थियों को मौके पर लाभांवित किया जा सके। उपखण्ड अधिकारी थानागाजी सविता शर्मा ने थानागाजी मुख्यालय पर 4 जून को आयोजित होने वाले समाधान शिविर की तैयारियों के संबंध में विस्तृत प्रेजेंटेशन देकर शिविर में की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी।

#### यहां लगेंगे शिविर

उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों की शुरुआत 22 मई को कठूमर में पहले शिविर के साथ होगी। इसके पश्चात 4 जून को थानागाजी, 12 जून को रैणी, 25 जून को उमरैण, 10 जुलाई को लक्ष्मणगढ, 23 जुलाई को गोविन्दगढ, 31 जुलाई को राजगढ, 7 अगस्त को रामगढ और 21 अगस्त को मालाखेडा में उपखण्ड मुख्यालय पर ये शिविर प्रातः 10 बजे से आयोजित होंगे।

#### अभियान का मुख्य उद्देश्य

केंद्र सरकार की 11 जनकल्याणकारी योजनाओं एवं राज्य सरकार की मुख्यमंत्री फ्लैगशिप योजनाओं का शत-प्रतिशत इन शिविरों में सैचुरेशन किया जाना, ई-गर्वनेंस के अंतर्गत संचालित समस्त पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर शत-प्रतिशत निस्तारण करना प्रमुख कार्य है। साथ ही इन शिविरों के लिए उपखण्ड स्तरीय परिवाद संकलन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर शिकायत संग्रहण एवं आमजन की सुविधा हेतु गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन संबंधित उपखण्ड के नागरिकों से परिवेदना, शिकायत व समस्याओं को प्राप्त कर उनका शिविर से पूर्व ही निस्तारण किया जावेगा। इस क्यूआर कोड के माध्यम से कोई भी नागरिक घर बैठे अपना परिवाद दर्ज करा सकेगा।

https//docs.google.com/forms/d/vK-EgoBBJfoWUWpKLvkaQDbGi892YJ48mWd83qvsmWk/viewform?edit_requested=true

बैठक में एडीएम प्रथम योगेश डागुर, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरुका, उपखण्ड अधिकारी थानागाजी सविता शर्मा, एसडीएम अलवर माधव भारद्वाज, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता आर.एस बंसल, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, पीडब्ल्युडी एसई भूरी सिंह, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीना, उद्यान विभाग के उप निदेशक के.एल मीना, तहसीलदार थानागाजी मोहित पांचाल, बीडीओ अमीर अली सहित संबंधित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## राजस्थान हाईकोर्ट में सेंट्रल गवर्नमेंट काउंसल नियुक्त होने पर अधिवक्ता हिरेन पटेल का अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**बांसवाड़ा(निसं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर में सेंट्रल गवर्नमेंट काउंसल नियुक्त किए जाने पर अधिवक्ता हिरेन पटेल का मेवाड़ा कलाल समाज द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समाज के मुख्य संरक्षक हरीश कलाल सेनावासा एवं सभापति सुंदरलाल डडुका के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने अधिवक्ता हिरेन पटेल को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया तथा भारत माता की प्रतिमा एवं तलवार भेंट कर शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि हिरेन पटेल की यह नियुक्ति उनके विधिक ज्ञान, समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्यशैली का परिणाम है, जिससे समाज का गौरव भी बढ़ा है। अभिनंदन समारोह में अधिवक्ता आकाश पटेल, युवा मंडल के संरक्षक कल्पेश कलाल, बांसवाड़ा ग्रामीण सेंटर के अध्यक्ष रविंद्र कलाल, अधिवक्ता नीरज कलाल, अधिवक्ता भूपेश कलाल सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। समारोह के दौरान उपस्थितजनों ने अधिवक्ता हिरेन पटेल को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही इस नियुक्ति के लिए उच्च पदाधिकारियों एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## आयुक्त ने किया अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण, साफ-सफाई बनाए रखने के दिए निर्देश




जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** नगर परिषद खैरथल आयुक्त मुकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में अन्नपूर्णा रसोई संख्या 672 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रसोई में भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई तथा भोजन व्यवस्था की सराहना की गई। आयुक्त ने रसोई परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए रसोई संचालन में स्वच्छता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान भोजन वितरण व्यवस्था, रसोईघर की साफ-सफाई एवं कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि रसोई में प्रतिदिन साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि लाभार्थियों को बेहतर वातावरण में भोजन उपलब्ध हो सके।

## भीषण गर्मी में आमजन को राहत, महिला कांग्रेस ने लगाई शीतल जल प्याऊ

### डॉ. विनोद कुमारी सांगवान के नेतृत्व में हरसौली मुख्य बाजार में हुई मीठे पानी की सेवा




जयपुर टाइम्स

**खैरथल(निसं.)।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कोटकासिम क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरसौली के मुख्य बाजार में खैरथल-तिजारा महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमारी सांगवान के नेतृत्व में शीतल जल की प्याऊ स्थापित की गई। डॉ. सांगवान ने बताया कि क्षेत्र में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच चुका है, जिससे राहगीरों और बाजार आने वाले लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कई बार पानी के अभाव में लोगों की तबीयत भी खराब हो जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्य बाजार में ठंडे एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई है, ताकि लोगों को गर्मी से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जल सेवा का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और जरूरत के अनुसार अन्य स्थानों पर भी ऐसी व्यवस्थाएं की जाएंगी। उन्होंने लोगों से भीषण गर्मी में पर्याप्त पानी पीने तथा स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष की इस जनहितकारी पहल का स्थानीय नागरिकों ने स्वागत करते हुए सराहना की। कार्यक्रम के दौरान महिला कांग्रेस हरसौली ब्लॉक अध्यक्ष बाला चौधरी, रामरती देवी, अर्चना शर्मा, सुनीता देवी, अनिता देवी, मंडल अध्यक्ष दीपक चौधरी, वीर सिंह (पूर्व सरपंच पतलिया), शैतान सिंह, बस्तीराम नंबरदार, अनिल रोहिला, बंटी शर्मा, टिंकू चौधरी, विकास सोनी, बाबू चीलवाल, शुभम जोशी, बबलू चौधरी, कालाराम सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अलवर के मंजित सिंह चिल्लर का एशियन ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2026 के लिए चयन

### मंगोलिया में भारतीय टीम का करेंगे प्रतिनिधित्व, जिले में खुशी की लहर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर जिले के प्रतिभाशाली ताइक्वांडो खिलाड़ी मंजित सिंह चिल्लर का चयन 27वीं एशियन ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 21 से 24 मई 2026 तक उलानबातार (मंगोलिया) में आयोजित की जाएगी, जिसमें मंजित सिंह चिल्लर भारत की ओर से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। मंजित का यह चयन उनके निरंतर कठिन परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन का प्रतिफल है। उनकी इस उपलब्धि से अलवर जिले सहित पूरे राजस्थान में हर्ष और गर्व का माहौल है। खेल जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि मंजित की सफलता युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करेगी। अलवर ताइक्वांडो के जनरल सेक्रेटरी, इंटरनेशनल रेफरी एवं मास्टर पवन कुमार ने मंजित सिंह चिल्लर को बधाई देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना पूरे अलवर और राजस्थान के




लिए गौरव की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि मंजित अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश का नाम रोशन करेंगे और प्रतियोगिता में शानदार सफलता हासिल करेंगे।

इस अवसर पर अलवर ताइक्वांडो की ओर से इंडिया ताइक्वांडो एवं राजस्थान ताइक्वांडो के जनरल सेक्रेटरी सहज़ाद खान तथा टेक्निकल डायरेक्टर एवं इंटरनेशनल रेफरी भानु प्रताप सिंह का विशेष आभार व्यक्त किया गया। संगठन ने खिलाड़ियों को निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करने वाले सभी प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं सहयोगियों को भी शुभकामनाएं देते हुए इस उपलब्धि को सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया।

## राजस्थान को तम्बाकू नियंत्रण में विश्व स्तर पर प्रथम स्थान, अलवर के प्रयास बने मिसाल

### सार्वजनिक स्थलों पर कार्रवाई, विद्यालयों-महाविद्यालयों में चलाए व्यापक जागरूकता अभियान

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में राजस्थान को वैश्विक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त होने पर अलवर जिले के योगदान को विशेष रूप से सराहा जा रहा है। जिले में तम्बाकू निषेध को लेकर चलाए गए जनजागरूकता अभियानों, प्रवर्तन कार्रवाइयों और नवाचारपूर्ण निगरानी प्रणाली ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने बुधवार को बताया कि विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के तहत जिले में व्यापक स्तर पर विशेष अभियान संचालित किए गए। अस्पतालों, पार्कों, बस स्टैंडों और रेलवे स्टेशनों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर तम्बाकू सेवन करते पाए गए लोगों के चालान काटे गए। इसके साथ ही नागरिकों को सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई।

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश कुमार बैरवा ने बताया कि जिले के 1,492 राजकीय विद्यालयों, 1,332 निजी विद्यालयों तथा 43 महाविद्यालयों में तम्बाकू नियंत्रण संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य सरकार के निर्देशानुसार रैलियां, पोस्टर प्रतियोगिताएं एवं विभिन्न जनजागरण गतिविधियां आयोजित कर विद्यार्थियों और शिक्षकों को तम्बाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही सभी को भविष्य में तम्बाकू का सेवन नहीं करने का संकल्प दिलाया गया।

#### रियल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए विकसित किया 'कॉम्बो टूल'

तम्बाकू नियंत्रण गतिविधियों की प्रभावी निगरानी एवं रिपोर्टिंग के लिए अलवर जिले ने एक अभिनव 'कॉम्बो टूल' विकसित किया। इस प्रणाली के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता रियल-टाइम लोकेशन साझा करते हुए तम्बाकू नियंत्रण संबंधी गतिविधियों की रिपोर्टिंग करते हैं। साथ ही तम्बाकू मुक्त परिसर संबंधी राज्य स्तरीय दिशा-निर्देशों की पालना भी सुनिश्चित की जाती है।

#### राज्य स्तर पर मिली सराहना

अलवर जिले की इस नवाचारपूर्ण पहल और प्रभावी कार्यप्रणाली को राज्य स्तर पर भी सराहना प्राप्त हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी तम्बाकू नियंत्रण एवं जनजागरूकता के ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाएंगे, जिससे समाज को तम्बाकू मुक्त बनाने के लक्ष्य को और मजबूती मिलेगी।

## राज्य में उच्च स्तरीय खेल मैदान व विकेट तैयार करने के लिए आरसीए एडहॉक आरसीए पैनल के प्रशिक्षित क्यूरेटर व ग्राउंड स्टाफ हेतु सेमिनार व प्रशिक्षण सत्र आयोजित करेगी - डॉ मोहित जसवंत यादव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर।** आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव के अनुसार राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आगामी 25 मई से राज्य के विभिन्न जिला केंद्रों पर खेली जाने वाली राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय सुविधाओं के साथ खेल मापदंड के अनुरूप विकसित खेल मैदान उपलब्ध को की दिशा में कार्य करते हुए आरसीए एडहॉक कमेटी के निर्देशानुसार आरसीए द्वारा विभिन्न खेल मैदानों की उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा के साथ उनके प्रतिनिधियों से गहन चर्चा के बाद विकसित व आवश्यक सुविधाओं के मापदंड को पूर्ण करने वाले क्रिकेट ग्राउंड पर आरसीए की प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियों पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

संयोजक के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी राज्य के प्रतिभावान खिलाडियों को बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र की तैयारियों के लिए आरसीए की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उच्च स्तरीय विकेट व खेल मैदान पर अपना प्रदर्शन दिखने का अवसर प्रदान करना चाहती है उसी कड़ी में हमने सभी मैदानों के विकेट्स , खेल मैदान व मैदान में उपलब्ध सुविधाओं की गहन समीक्षा करते हुए प्रतियोगिताओं हेतु मैदानों के चयन को अंतिम रूप दिया है। डॉ मोहित जसवंत यादव के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी समस्त जिला क्रिकेट संघ केंद्रों पर विकसित खेल मैदान व उच्च स्तरीय क्रिकेट विकेट्स को उपलब्ध कराने के लिए गहन प्रयासरत है व जल्द ही हम आरसीए पैनल के प्रशिक्षित क्यूरेटर व ग्राउंड स्टाफ को तैयार करने के लिए सेमिनार व प्रशिक्षण सत्र आयोजित करेंगे। आरसीए पैनल के क्यूरेटर व ग्राउंड स्टाफ सेमिनार के लिए इसके आरसीए के सभी जिला क्रिकेट संघो से आवेदन आमंत्रित किये जायेंगे। संयोजक के अनुसार आरसीए पैनल क्यूरेटर व ग्राउडं स्टाफ सेमिनार में भाग लने वाले अभ्यथियों को बीसीसीआइ पैनल व आरसीए के क्यूरेटर व अनुभवी ग्राउंड स्टाफ द्वारा प्रशिक्षण के साथ विकेट व ग्राउंड को विकसित करने की सभी आवश्यक जानकरी के साथ गहन प्रशिक्षण दिया जायेगा। एडहॉक कमेटी सदस्य आशीष तिवाड़ी के अनुसार आरसीए द्वारा आगामी क्रिकेट सत्र 2026 - 27 की घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिताओं व बीसीसीआई की राष्ट्रिय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली राजस्थान की विभिन्न आयु वर्ग की पुरुष / महिला टीमों के चयन हेतु आरसीए चयन कमेटी हेतु आवेदन आमंत्रित किये थे जिसमे हमें विभिन्न आवदेन प्राप्त हुए है व जल्द ही आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा आवेदनों की आरसीए के नियमानुसार समीक्षा कर आरसीए पुरुष / महिला चयन कमेटियों की घोषणा की जाएगी।

## राजस्व विभाग के अधिकारियों की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। राज्य मानवाधिकार आयोग, राज्य महिला आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग तथा राजकीय कार्मिकों से संबंधित प्रकरणों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने एसडीएम व तहसीलदार स्तर पर लंबित प्रकरण, तलफी, पत्थरगड़ी, तरमीन कार्य, एलआर एक्ट, पीडीआर एक्ट, एलआर एक्ट, रोड़ा एक्ट, सीएमओ, स्टेट, संपर्क एवं लोकायुक्त के प्रकरणों पर कार्यवाही कर जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय (CMO) से प्राप्त परिवेदनाओं एवं जन-अभियोगों के त्वरित निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने जिले में अतिक्रमण के प्रकरण, अवरूद्ध रास्तों को खोलना, नामान्तरण के प्रकरण, सहमति बंटवारा एवं सीमाज्ञान के प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने



म्यूटेशन के लंबित प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित रूप से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की स्थानीय समस्याओं जैसे खराब सड़क, पानी की समस्या सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को जिला स्तर पर अवगत करायें ताकि समय से आमजन को आ रही समस्याओं से निजात दिला सके। उन्होंने अधिकारियों को जमीन आवंटन से संबंधित प्रकरणों को अपने स्तर से निस्तारित करने के निर्देश ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। उन्होंने पिछले माह में निस्तारित कोर्ट केस की संख्या की जानकारी लेकर आगामी माह में निर्धारित नॉर्म्स अनुरूप केस निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी चार्ज जनगणना अधिकारियों को सभी एचएलबी का एचएलओ ऐप पर कार्य करवाने निर्देश दिए।

# जिला कलक्टर ने किया, ठोस कचरा निस्तारण प्लांट,ई बस चार्जिंग स्टेशन, एनिकट व शहर के विकास कार्यों एवं साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

### ई -बस चार्जिंग स्टेशन का शेष कार्य एवं जल संरचनाओं व विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ यथाशीघ्र पूर्ण कराने के दिए दिशा-निर्देश

### कचरा पॉइंट्स पर ऑटो टिपर करने व वाहन चालकों को गर्मी के मौसम में राहत प्रदान करने हेतु शहर के चौराहों पर ग्रीन नेट लगवाने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने नगर निगम एवं नगर विकास न्यास की टीम के साथ अग्यारा स्थित ठोस कचरा निस्तारण प्लांट (एसडब्ल्यूपी), बहाला स्थित ई-बस चार्जिंग स्टेशन, जरखवाला एनिकट एवं अखेपुरा में निर्माणाधीन एनीकट कार्य, सागर के पास पार्क निर्माण कार्य सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने एसडब्ल्यूपी प्लांट की कार्यप्रणाली, मशीनों एवं कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। जहां कचरे का पृथक्करण, ठोप अपशिष्ट का निस्तारण एवं गीले कचरे से ऑर्गेनिक खाद बनती हुई पाई गई। जिस पर जिला कलक्टर ने नगर निगम के कार्यों की सराहना करते हुए नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण मानकों की पालना करते हुए पूरी क्षमता के साथ इस प्लांट का संचालन सुचारू रूप से किया जावे। इसके उपरान्त उन्होंने बहाला स्थित ई-बस चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। जहां स्टेशन का 90' कार्य पूर्ण होना पाया गया। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि स्टेशन के एडमिन ब्लॉक के शेष कार्य को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथही उन्होंने निर्देश दिये कि ई बस सप्लाई कम्पनी सीएसएल से समन्वय स्थापित कर ई बस चार्जिंग स्टेशन पर चार्जिंग पॉइंट यथाशीघ्र लगवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने नगर विकास न्यास द्वारा एनकेप फण्ड से सागर जलाशय के पास निर्माणाधीन पार्क का निरीक्षण कर यूआईटी के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि पार्क के कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराते हुए पार्क को सुन्दर व आकर्षक स्वरूप प्रदान करें। उन्होंने नगर निगम द्वारा जरखवाला एवं अखैपुरा में एनीकट निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर उन्होंने निर्देश दिए किए एनीकटों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए यथाशीघ्र कार्य को पूर्ण करावे, जिससे वर्षा जल का सचयन हो सके। जिला कलक्टर ने शहर के अशोका टाकिज, घोडाफेर, 200 फुट रोड, हनुमान सर्किल सहित शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया किया कचरा पॉइंट्स पर ऑटो टिपर खडे करावे, जिससे नागरिको ऑटो टिपर में कचरा डालने की आदत पड़ सके। साथ इन स्थानों पर कचरा डालने आने वाले लोगों को ऑटोटिपर में ही कचरा डालने हेतु समझाईश भी करें।साथ ही शहर की साफ-सफाई व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देश पर नगर निगम द्वारा ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर वाहन चालकों को गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से बिजली घर चौराहे पर ग्रीन नेट व हरे छायादार पर्दे लगाए गए है तथा भगतसिंह सर्किल पर इसका कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने बताया कि शहर के अन्य स्थानों का चिन्हिकरण कर ग्रीन नेट व हरे पर्दे लगाए जायेंगे। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, यूआईटी के अधिशासी अभियन्ता अशोक मदान, नगर निगम के सहायक अभियन्ता दिनेश वर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पीएम मोदी को लेकर राहुल गांधी का घटिया से घटिया शर्मनाक बयान जिसकी निंदा करने के लिए शब्द नहीं, कांग्रेस का बहिष्कार करें लोग : मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बुधवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करने के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिए गए बयान पर आक्रोश प्रकट किया और राहुल गांधी के बयान को घटिया से घटिया शर्मनाक बयान करार देते हुए कहा कि राहुल गांधी का जो बयान है उसकी निंदा करने के लिए उनके पास कोई शब्द ही नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और राजनेताओं को आलोचना करनी चाहिए लेकिन बयान में सभ्यता का जरूर ध्यान रखना चाहिए लेकिन राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के नेता इस समय हताशा में डूबे हुए हैं क्योंकि देश की जनता ने कांग्रेस पार्टी को पूरी तरह से नकार दिया है कांग्रेस पार्टी एक के बाद एक राज्यों में चुनाव में लगातार हार रही है इसलिए कांग्रेस पार्टी के पास अब कोई मुद्दा भी नहीं बचा है और ना.ही कांग्रेस पार्टी के नेताओं के पास कोई विचार है इसलिए कांग्रेस पार्टी के नेताओं की बयान बाजी से भारत का लोकतंत्र भी लज्जित हो रहा है। मदन राठौड़ ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार दुनिया में अपने नाम का डंका बज रहा है पूरी दुनिया भारत को देख रही है पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, टेक्नोलॉजी, महिला विकास, किसान विकास, युवा विकास इत्यादि सभी मामलों में मोदी सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक तरफ कृषक की इनकम को लगातार बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं तो दूसरी तरफ भारत जो पहले युद्ध की सामग्री यंत्र उपकरण इत्यादि का आयात करता था। आज भारत खुद इन युद्ध सामग्री यंत्र उपकरण का निर्माण कर रहा है और निर्यात कर रहा है तो दूसरी तरफ मोदी के नेतृत्व में भारत के वैज्ञानिकों ने चंद्रमा के उस छोर पर भी भारत का झंडा फहराया जहां भारत में पहले कभी कदम नहीं रखा था। मदन राठौड़ ने कहा कि आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्मान करती है, भारत का सम्मान करती है तो दूसरी तरफ राहुल गांधी अपने ही देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ शर्मनाक बयान देते हैं जो उनकी हताशा को बताता है उन्होंने कहा कि देश की जनता राहुल गांधी को सबक सिखाएगी। पत्रकारों के सवाल के जवाब में मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर राहुल गांधी की ओर से दिए गए बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता में आक्रोश छाया हुआ है और समय आने पर राहुल गांधी को देश की जनता जरूर सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि वैसे भी कांग्रेस पार्टी देश के लोगों का भरोसा हो चुकी है राहुल गांधी के बयानों को लेकर प्रदेश भाजपा आंदोलन तो करेगी ही लेकिन इस तरह की बयान बाजी करने वाले नेताओं का पूरी तरह से बहिष्कार करना बहुत जरूरी है उन्होंने कहा कि विपक्ष का नेता होने के राहुल गांधी अगर सरकार की आलोचना करें तो कोई दिक्कत नहीं लेकिन उन्हें भाषा की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए लेकिन राहुल गांधी भाषा की मर्यादा का पालन करना भूल चुके हैं पहले भी कई बार इस तरह के बयान दिए हैं बाद में उन्हें कोर्ट में जाकर माफी मांगनी पड़ी उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के कई देशों का समर्थन जुटा रहे हैं और खाड़ी युद्ध को लेकर लोगों को अलर्ट कर रहे हैं लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के नेता भारत में अनर्गल बयान बाजी करके दहशत फैलाने का प्रयास कर रहे हैं उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खाड़ी युद्ध को देखते हुए भविष्य में भारत की व्यवस्था बनी रहे इसलिए उन्होंने पेट्रोल डीजल की बचत करने को कहा जिस पर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के नेता अनर्गल बयान बाजी करके देश के लोगों को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं जो ठीक नहीं है मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की 140 करोड़ की जनता को अपना परिवार मानते हैं और अपने परिवार से ज्यादा देश के 140 करोड लोगों की चिंता करते हैं ऐसे नेता के खिलाफ राहुल गांधी ने जो शर्मनाक बयान दिया है उसको लेकर प्रदेश भाजपा में जबरदस्त आक्रोश है भाजपा अब चुप नहीं बैठेगी।

## कलयुगी मां के हाथों तेजाब पीने वाली 8 महीने की बच्ची की हुई मौत, अरेस्ट हो सकती है बच्ची की आरोपी मां

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भिवाड़ी के थर्ड फेस थाना इलाके में एक कलयुग की मां के हाथों से तेजाब पीने वाली 8 महीने की बालिका की अलवर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान बुधवार को मौत हो गई। इस मामले में मृतक बच्ची के पिता प्रमोद प्रजापत ने अपनी पत्नी सपना के खिलाफ शिकायत भी दर्ज करवाई है पुलिस की जांच पड़ताल जारी है और माना जा रहा है कि इस मामले में आरोपी मां सपना सपना की बहुत जल्दी ही गिरफ्तारी हो सकती है। उल्लेखनीय है कि प्रमोद प्रजापत अपनी पत्नी सपना और अन्य परिजनों के साथ करीब 4 महीने पहले डीग से यहां भिवाड़ी आया था यहां प्रमोद प्रजापत की एक फैक्ट्री में नौकरी लग गई थी। गत मंगलवार को प्रमोद प्रजापति अपनी नौकरी पर गया हुआ था तभी उसकी पत्नी सपना ने उसे फोन किया और खुद को अपने मायके छोड़ने की बात अपने पति से कहीं जिस पर प्रमोद ने कहा कि उसकी नई नई नौकरी है अभी उसे छुट्टी नहीं मिलेगी रविवार को छुट्टी के दिन वह उसको उसके मायके छोड़ देगा पति के यह कहने पर सपना ने गुस्से में फोन काट दिया कुछ देर बाद प्रमोद की बहन का प्रमोद के पास फोन आया और कहा कि उसकी बेटी की तबीयत अचानक खराब हो गई है इसके बाद प्रमोद घर पहुंचा और उसने तुरंत अपनी बेटी को अलवर के एक निजी अस्पताल में एडमिट करवाया इस दौरान सपना ने अपने भाई को कहा कि उसने अपनी बेटी को तेजाब दिल दिया है यह बात उसने रोते-रोते अपने पति से भी कहीं इसके बाद पति ने सपना के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई दूसरी तरफ अलवर के नीचे अस्पताल में भर्ती प्रमोद की बेटी हालत काफी गंभीर थी उसे वेंटिलेटर पर रखा हुआ था क्योंकि तेजाब की वजह से उसके शरीर के अंदर के अंग बुरी तरह से झुलस गए थे इसलिए उसके बचने की उम्मीद काफी कम थी फिर भी चिकित्सकों ने बच्ची का ट्रीटमेंट शुरू किया लेकिन बुधवार को बच्ची ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

## दो सगी बहनें खेलते खेलते कार में हो गई लॉक, दम घुटने से दोनों की हो गई मौत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के अलवर के वैशाली नगर थाना इलाके में कुंदनपुरी में चार और पांच साल की दो सगी बहनें खेलते खेलते मौके पर खड़ी एक कार में चली गई और फिर कार के दरवाजे का लॉक अंदर से बंद हो गया जिसकी वजह से दोनों सगी बहनों की दम घुटने से कार में ही मौत होगई, मौके पर मौजूद सीसीटीवी कैमरे में दोनों सगी बहनों का गाड़ी के अंदर जाने का फोटो साफ नजर आ रहा है और फिर गाड़ी के दरवाजे का फाटक बंद होने का दृश्य भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। बाद में जब इन दोनों सगी बहनों का पिता घर पर आया आया और उसने अपनी बेटियों की तलाश की तो इलाके में कहीं भी अपनी बेटियों को नहीं देखकर वह घबरा गया बाद में उसने मौके पर खड़ी कार के शीशे से कर में देखा तो अपनी दोनों बेटियों को अचेत अवस्था में देखकर घबरा गया उसने तुरंत कार का दरवाजा खुलवाया लेकिन दोनों मासूम बच्चियों की सांस थम चुकी थी। उनकी मृत बॉडी को देखकर ऐसा लग रहा था कि बच्चियों ने काफी चिल्लाया भी लेकिन दरवाजा बंद होने की वजह से उनकी आवाज बाहर तक सुनाई नहीं दी जिसकी वजह से दम घुटने से उनकी गाड़ी में ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दोनों बच्चियों की माता का कुछ साल पहले ही निधन हो गया था पिता काम पर गया हुआ था। दोपहर को जब वह अपने घर आया तो अपनी दोनों बेटियों को घर पर नहीं देखकर चिंतित हुआ उसने आसपास के इलाके में तलाश भी किया लेकिन उसे कहीं भी अपनी बेटियों दिखाई नहीं दी इसके बाद उसने घर के नजदीक खड़ी कार के शीशे से देखा तो दोनों बेटियां गाड़ी में बंद मिली। यह दर्दनाक हादसा बुधवार को हुआ। जानकारी के अनुसार घर के नजदीकी गाड़ी रिपेयरिंग की दुकान है जहां पर यह कारखाना रिपेयरिंग के लिए आई हुई थी जो दोनों बच्चियों की मौत का कारण बन गई।

## राज्यवर्धन राठौड़ ने जयपुर-फुलेरा शटल ट्रेन को हरी झंडी दिखाई, भाजपा कार्यकर्ताओं व्यापारियों से किया संवाद



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** क्षेत्रीय विकास को गति देते हुए कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बोबास रेलवे स्टेशन से जयपुर-फुलेरा शटल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राठौड़ ने कहा की यह ट्रेन क्षेत्रवासियों की लंबे समय से मांग थी,राठौड़ ने कहा सेटेलाइट हॉस्पिटल, कालवाड़ महाविद्यालय तथा बसेड़ी में लगभग साढ़े नौ करोड़ रुपये की लागत से कृषि मंडी निर्माण कार्य प्रगतिरत है। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में पहली बार बनने जा रहे आईटीआई को युवाओं के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान बाजार में व्यापारियों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी समस्याएं भी सुनीं। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि किसानों, युवाओं और मरीजों की सुविधा के लिए बेहतर सड़कें सरकार की प्राथमिकता हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से सड़क निर्माण कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ईरान-अमेरिका युद्ध के चलते तेल और डामर की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे सड़क निर्माण कार्यों पर असर पड़ा है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री मोदी लगातार प्रयास कर रहे हैं कि भारत में तेल और गैस की आपूर्ति सामान्य बनी रहे। उन्होंने लोगों से अफवाहों से दूर रहकर सतर्क और एकजुट रहने की अपील भी की। 32 उच्च जलाशयों का निर्माण किया जा रहा है और हर घर तक पेयजल पहुंचाने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है साथ ही गर्मियों में पानी की समस्या से राहत दिलाने के लिए दो नए जलकूप निर्माण की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से बड़े स्तर पर विकास कार्य किए जा रहे हैं।

## सरस दूध और सरस के सभी अन्य प्रोडक्ट की कीमत में बढ़ोतरी, दूध के दाम में 2 रुपए प्रति किलो की वृद्धि

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पेट्रोल और डीजल के दामों में हुई वृद्धि का प्रभाव अब आम उपभोग की वस्तुओं की कीमतों पर भी असर हो रहा है महंगाई बढ़ रही है पिछले दिनों अमूल डेयरी ने दूध के दाम बढ़ाए थे। बुधवार को आरसीडीएफ की ओर से भी सरस के दूध के दाम बढ़ाने की घोषणा कर दी गई है सरस दूध और सारस के अन्य सभी प्रोडक्ट दही, पनीर, मावा, छाछ इत्यादि के दाम में वृद्धि की गई है जानकारी के अनुसार सरस का गोल्ड दूध जो पहले 68 रुपए प्रति किलो में बेचा जाता था अब 70 रुपए प्रति किलो का भाव निश्चित किया गया है इसी तरह से सरस का बिना क्रीम का दूध जो नीली पैकिंग में 54 रुपए प्रति किलो में बेचा जाता था वह 56 प्रति किलो और सरस का जो दूध रुपए प्रति किलोमें आता था वह अब 62 रुपए प्रति किलो में उपलब्ध होगा इसी तरह से सरस के दही पनीर मावा और अन्य सभी प्रोडक्ट की कीमत में वृद्धि की गई है।

## ग्रामीणों ने लेपर्ड को पीट-पीट कर मार डाला, वन विभाग ने कहा ग्रामीण पर हत्या का मुकदमा होगा दर्ज

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के भरतपुर जिले में सीता गांव में एक घर में घुसे पैंथर को ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला और फिर पैंथर की बॉडी को जलाने का प्रयास किया लेकिन मौके पर पहुंचे वन विभाग और पुलिस के अधिकारियों ने पैंथर जली हुई बॉडी को कब्जे में किया, वन विभाग के अधिकारियों ने पैंथर की इस मौत को काफी गंभीरता से लिया है वन विभाग के अधिकारियों का यह तो कहना है कि पैंथर पिछले 15 दिनों से इलाके में श्रवण कर रहा था और कई पैंथर पिछले 15 दिनों से इलाके में घूम रहा था और कई जानवरों का उसने शिकार भी किया लेकिन इस तरह से पैंथर की हत्या करना कानून के खिलाफ है इसलिए इस मामले में दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाएगा जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात सीता गांव में एक जने के मकान में पैंथर घुस गया इसके बाद घर में मौजूद परिवार के लोगों में घबराहट और चिंता छा गई परिवार के लोग अपनी जान बचाने के लिए मकान की छत पर चले गए इस दौरान आसपास के लोगों को जब पता चला तो मकान के बाहर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए ग्रामीणों ने पुलिस और वन विभाग को भी इसके बारे में सूचना भेजी लेकिन पैंथर जैसे ही मकान से बाहर आया ग्रामीणों ने घेराबंदी करके पैंथर पर ताबड़तोड़ वार किया जिसकी वजह से पैंथर की मौके पर ही मौत हो गई हालांकि सूचना के बाद वन विभाग और पुलिस की टीम की मौके पर पहुंच गई थी लेकिन तब तक पैंथर की मौत हो चुकी थी और ग्रामीण पैंथर का अंतिम संस्कार भी करने लग गए थे लेकिन वन विभाग के अधिकारियों ने पैंथर की जली हुई बॉडी को कब्जे में किया अब वन विभाग की टीम इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल भी कर रही है इस मामले में पैंथर की हत्या करने वाले लोगों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है वन विभाग में साफ कहा है कि यह हत्या का मामला है और चिन्हित करने के बाद लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा।

## राहुल गांधी का अमर्यादित बयान उनके मानसिक अवसाद और कांग्रेस के पतन का प्रतीक- पूर्व विधायक रामलाल शर्मा

ष्जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई अमर्यादित व अभद्र टिप्पणी की कड़े शब्दों में घोर निंदा की है। रामलाल शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र के भीतर पक्ष और विपक्ष का होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। लोकतंत्र में अलग-अलग राजनीतिक दल होते हैं और उनकी विचारधाराएं भी भिन्न हो सकती हैं लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत धरना देना, प्रदर्शन करना, नीतियों की आलोचना करना, बयान जारी करना और प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपनी बात को जनता के समक्ष रखना हर दल का अधिकार है। परंतु जब कोई राजनेता अपनी मर्यादाएं लांघकर देश के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने लगे तो वह किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। भाजपा मुख्य प्रवक्ता ने राहुल गांधी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जिस प्रकार देश के माननीय प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के लिए गद्दार जैसे अत्यंत आपत्तिजनक शब्दों का चयन किया है, उसकी हम घोर निंदा करते है। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी व्यक्ति इस तरह का अमर्यादित और ओछा वक्तव्य तभी दे सकता है, जब वह गहरे मानसिक अवसाद से गुजर रहा हो। बार-बार मिल रही राजनीतिक असफलताओं के कारण विपक्ष अपना मानसिक संतुलन और राजनीतिक मर्यादा पूरी तरह खो चुका है। शर्मा ने कांग्रेस आलाकमान को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से हताश हो चुकी है और उसके नेताओं की भाषा समाज में केवल अराजकता और विभाजन पैदा करने वाली रह गई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को अब अपने नेताओं की इस अमर्यादित भाषा और व्यवहार को सुधारने के लिए उन्हें अच्छे चिकित्सकों को दिखाने की आवश्यकता है। ?भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता ने मांग की है कि देश के सर्वोच्च पदों, लोकतांत्रिक गरिमा और 140 करोड़ देशवासियों की भावनाओं को आहत करने वाले इस घृणास्पद बयान के लिए राहुल गांधी को बिना किसी देरी के राष्ट्र से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

## राहुल गांधी को देश के लोगों की चिंता, सरकार का राहुल गांधी के साथ अच्छा व्यवहार नहीं : अशोक गहलोत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि नरेंद्र मोदी को जहां देश की जनता ने प्रधानमंत्री पद के लिए चुना है तो राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में चुना है इसलिए विपक्ष का नेता होने के नाते राहुल गांधी देश के लोगों की चिंता करते हैं जो उनके दिल में होता है वही बात उनकी जुबान पर आ जाती है क्योंकि पूरा देश जानता है राहुल गांधी बहुत अच्छे इंसान है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश के लोगों को भी सचेत करते रहते हैं और सरकार को भी सचेत करते रहते हैं लेकिन सरकार का राहुल गांधी के प्रति व्यवहार बिल्कुल भी ठीक नहीं है। अशोक गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी दिल के बहुत अच्छे इंसान है और देश के वर्तमान और भविष्य की चिंता करते हैं पूर्व में भी उन्होंने जो जो चिंता और जो जो बातें कहीं वह बात बिल्कुल सही निकली। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ने की बात कही थी और पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की का गठन होने के बाद पेट्रोल डीजल की कीमत में वृद्धि कर दी गई। उन्होंने कहा कि देश में पेट्रोल डीजल ईंधन की कमी है भीषण समस्याएं लोगों के सामने आकर खड़ी हो गई हैं रोजगार खत्म हो गए हैं उद्योग धंधे बंद हो रहे हैं आर्थिक मंदी छा गई है डॉलर की तुलना में रुपया लगातार कमजोर होता जा रहा है अगर इन बातों को राहुल गांधी देश की चिंता के रूप में प्रकट कर रहे हैं तो इसमें गलत क्या है। उन्होंने कहा कि है पूरा देश और दुनिया जानती है लोकसभा में जानबूझकर राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जाता क्योंकि राहुल गांधी जो भी बोलते हैं निडर होकर बोलते हैं और बिल्कुल सच बोलते हैं इसलिए उन्हें लोकसभा में बोलने नहीं दिया जाता जबकि राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं गहलोत ने कहा कि जितना प्रधानमंत्री का पद महत्वपूर्ण होता है उतना ही लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद भी महत्वपूर्ण होता है लेकिन राहुल गांधी के साथ सरकार सम्मानजनक व्यवहार नहीं कर रही इसलिए सरकार को राहुल गांधी का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वे विपक्ष के नेता हैं और अगर प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से अगर वह देश की चिंता को प्रकट करते हैं तो इसमें गलत कुछ भी नहीं है। जानकारी के अनुसार अशोक गहलोत बुधवार को दिल्ली जा रहे हैं दिल्ली जाने से पहले पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में राजस्थान में भी लोग काफी परेशान है, प्रदेश में चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ी हुई है, पेपर लीक हो रहे हैं, पानी बिजली सड़क शिक्षा चिकित्सा सभी क्षेत्रों में हाल काफी खराब हो गए हैं क्योंकि हमारी सरकार में हमने जो कल्याणकारी योजनाएं शुरू की थी उनमें कई योजनाओं को बंद कर दिया गया है और कई योजनाओं को कमजोर कर दिया गया है जिसकी वजह से प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा पानी बिजली खेती कृषि हर क्षेत्र में लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है, गहलोत ने कहा कि पेट्रोल और डीजल के मामले में सरकार को गंभीरता से काम करना चाहिए क्योंकि महंगाई तेजी से बढ़ रही है और अगर पेट्रोल और डीजल की इसी तरह की व्यवस्था रही तो फिर महंगाई और बढ़ेगी लोगों का जीना वैसे ही मुश्किल हो रहा है, आगे और मुश्किल हो जाएगा।

## ऑनलाइन दवाई बिक्री व्यवस्था के खिलाफ राजस्थान सहित कई राज्यों में मेडिकल स्टोर बंद रहे, जयपुर में 90 प्रतिशत मेडिकल स्टोर खुले रहे

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** देश में ई-फार्मेसी ऑनलाइन दवाई वितरण व्यवस्था के खिलाफ राजस्थान सहित देश के कई राज्यों में मेडिकल स्टोर वालों ने अपने मेडिकल स्टोर बंद रखें हालांकि कुछ राज्यों में मेडिकल स्टोर वालों ने खुद को इस बंद से अलग रखा लेकिन देश के अधिकांश राज्यों में दवाई की ऑनलाइन वितरण व्यवस्था के खिलाफ बुधवार को लाखों मेडिकल स्टोर बंद रहे जिसकी वजह से राजस्थान और अन्य राज्यों में मरीजों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा हालांकि राजस्थान में प्रदेश सरकार ने मेडिकल स्टोर वालों की इस हड़ताल को देखते हुए दवाई वितरण व्यवस्था की समुचित व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित कर दी थी। राजस्थान सरकार और राजस्थान सरकार से जुडी विभिन्न एजेंसी की ओर से जिन्हें दवाई वितरण व्यवस्था के लिए सरकार ने जिम्मेदारी दी हुई है उन सब ने बुधवार को मोर्चा संभाले रखा और मरीजों को दवाई उपलब्ध करवाते रहे लेकिन फिर भी देश भर में करीब 13 लाख मेडिकल स्टोर बंद होने से कहीं ना कहीं मरीजों को परेशानी जरूर उठानी पड़ी। हालांकि राजधानी जयपुर में 90 प्रतिशत मेडिकल स्टोर खुले रहे लेकिन इनके संचालकों ने काली पट्टी बांधकर ऑनलाइन दवाई वितरण व्यवस्था का विरोध जरूर किया और कहा कि ऑनलाइन वितरण व्यवस्था अनुचित है इसे बंद किया जाना चाहिए। हड़ताल में शामिल मेडिकल स्टोर वालों का कहना है कि ऑनलाइन दवाई वितरण व्यवस्था में गंभीर कमियां है इस व्यवस्था से एक तरफ जहां नशीली दवाइयां और नशे का कारोबार संचालित हो रहा है तो दूसरी तरफ ऑनलाइन तरीके से जो दवाइयां वितरित की जाती है वह दवाइयां अवधिपार भी हो सकती हैं दवाई का उत्पादन कब हुआ दवाई की एक्सपायरी डेट कब है इसके मामले में उपभोक्ता के हाथों में ही दवाई आने के बाद पता चलता है बाद में चाहे वह अपनी आपत्ति जताता रहे लेकिन सही समय पर सही दवाई और उचित दवाई मिलने में काफी परेशानी होती है जबकि मेडिकल स्टोर से दवाई खरीदने के मामले में उपभोक्ता अच्छी तरह से दवाई के निर्माण की तारीख, एक्सपायरी डेट, कीमत इत्यादि के बारे में जांच पड़ताल करके ही दवाई लेता है और फिर उस दवाई को संबंधित डॉक्टर को दिखता भी है इसलिए ई फार्मेसी व्यवस्था बिल्कुल भी उचित नहीं है इसी विषय को लेकर राजस्थान सहित देश भर के मेडिकल स्टोर वालों ने बुधवार को 1 दिन का सांकेतिक विरोध प्रकट करते हुए अपने मेडिकल स्टोर बंद रखें। मेडिकल स्टोर वालों का कहना है कि अगर सरकार ने उनके डिमांड को मंजूर नहीं किया और ई फार्मेसी व्यवस्था को बंद नहीं किया तो आने वाले दिनों में मेडिकल स्टोर अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल पर जा सकते हैं बुधवार को राजधानी जयपुर में 90 प्रतिशत मेडिकल स्टोर खुले रखे लेकिन इनके मालिकों ने काली पट्टी बांधकर दवाई का वितरण किया इनका कहना था कि अगर हड़ताल पर चले जाते तो फिर मरीज की हालत काफी खराब हो जाती इसलिए हमने हड़ताल का समर्थन करते हुए अपने प्रतिष्ठान खुले रखे हैं ताकि मरीज को इलाज में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं रहे हालांकि चौड़ा रास्ता स्थित फिल्म कॉलोनी में स्थित सभी मेडिकल दवाइयां के प्रतिष्ठान पूरी तरह से बंद रहे जयपुर के अलावा कोटा जोधपुर अजमेर भीलवाड़ा उदयपुर चित्तौड़गढ़ बूंदी भरतपुर अलवर दोसा डूंगरपुर बांसवाड़ा प्रतापगढ़ चूरू सीकर झुंझुनू बीकानेर जैसलमेर बाड़मेर सवाई माधोपुर करौली धौलपुर इत्यादि सभी जिलों में मेडिकल स्टोर बंद रहे मेडिकल स्टोर वालों का कहना है कि हर कोई मेडिकल स्टोर नहीं खोल सकता इसके लिए सरकार की ओर से कड़े प्रावधान है।

## डोटासरा के नेतृत्व में आज प्रवेश भाजपा कार्यालय घेराव, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा ने देने और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को भंग करने की मांग को लेकर आज जयपुर में प्रदेश भाजपा कार्यालय का घेराव किया जाएगा, इस प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की ओर से किया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी विधायक और पार्टी के संगठन से जुड़े नेता तो मौजूद रहेंगे ही इसके अलावा जयपुर और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को इस प्रदर्शन के लिए बुलाया गया है। कांग्रेस पार्टी के इस विशाल प्रदर्शन को देखते हुए जयपुर पुलिस ने प्रदेश भाजपा कार्यालय और आसपास के इलाके में सुरक्षा के कड़े प्रबंध सुनिश्चित कर दिए हैं कांग्रेस पार्टी के नेताओं का सीधा आरोप है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को भंग किया जाए क्योंकि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के लापरवाही और मिली भगत से ही यह पेपर लीक हुआ है इसलिए भले ही इसकी सीबीआई जांच की जा रही हो लेकिन इस मामले में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को तत्काल प्रभाव से भंग करना चाहिए क्योंकि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी प्रशासन से जुड़े कई लोगों को पुलिस की ओर से गिरफ्तार किया गया है इसलिए इस मामले में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के प्रति लोगों का भरोसा उठ चुका है। जब तक नए सिरे से ईमानदार और अच्छे लोगों को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी में नियुक्त नहीं किया जाएगा तब तक छात्र और छात्राओं का इस एजेंसी के प्रति बिल्कुल भी भरोसा नहीं होगा इसलिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को तत्काल भंग किया जाए और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अब एक पल के लिए भी मंत्री नहीं रहना चाहिए। उन्हें आगे बढ़कर अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए इसी बात को लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके साफ कहा था कि इस पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किया गया दिनेश भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़ा हुआ है और दिनेश के भाजपा के कई वर्तमान और पूर्व विधायकों से अच्छे संबंध हैं डोटासराने चोमू के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा और जमवारामगढ़ के वर्तमान विधायक के साथ दिनेश के फोटो सोशल मीडिया में वायरल होने का जिक्र करके कहा कि दिनेश पिछले कई सालों से भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े नेताओं के संपर्क में है संगठन से भी जुड़ा हुआ है इसलिए नीट पेपर लीक मामले में कहीं ना कहीं बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है इसलिए इस मामले में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देना चाहिए कांग्रेस पार्टी इस मामले को जोर-जोर से उठा रही है राजस्थान में ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी कांग्रेस पार्टी की ओर से यह मामला जोर-जोर से उठाया जा रहा है अब देखने वाली बात यह है कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और नेता आज प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंच पाएंगे या नहीं क्योंकि कांग्रेस पार्टी अपने इस प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार दिख रही है इसलिए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता आज आ सकते हैं कांग्रेस पार्टी के इस प्रदर्शन को देखते हुए जयपुर पुलिस के अधिकारियों ने भी मोर्चा संभाल लिया है बताया गया है कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय तक पहुंचने से पहले ही प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के आसपास ही रोका जा सकता है क्योंकि अब से पहले भी कांग्रेस पार्टी की ओर से कुछ मौका पर प्रदेश भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया था लेकिन जयपुर पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के आसपास बैरिकेट्स स्थापित करके और बड़ी संख्या में पुलिस बल स्थापित करके कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया था इसलिए आज भी यह माना जा रहा है कि जयपुर पुलिस कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के आसपास रोक सकती है।

## सम्पादकीय

# आधुनिकता के दावों के बीच दहेज की जकड़ में घुटती महिलाओं की जिंदगी

किसी भी समाज के सभ्य होने की कसौटी यह है कि वह अपने बीच परंपरा से चली आ रही वैसी कुप्रथाओं से किस हद तक मुक्ति हासिल कर पाता है, जो अमानवीय होने के साथ कानूनन अपराध भी हैं। मगर ऐसा लगता है कि हमारे देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को लेकर समाज एक तरह की उदासीनता में रहता है। नतीजतन, जहां आधुनिक मूल्यों के साथ हो रहे सामाजिक विकास के बीच महिलाओं के प्रति दुराग्रह और कुंठा की हिंसा की जगह पूरी तरह खत्म होनी चाहिए थी, वहां आज भी कई ऐसी परंपराएं मुखर दिखती हैं, जिनकी वजह से महिलाओं का जीवन-संघर्ष कई गुना बढ़ जाता है। हालत यह है कि जिस दहेज जैसी समस्या के खिलाफ सबसे ज्यादा अभियान चले, बेहद सख्त कानूनी प्रावधान किए गए, उसकी वजह से आज भी अक्सर महिलाओं की जान जा रही है। अर्थव्यवस्था और विकास के चमकते आंकड़ों के बीच आखिर क्या ऐसा छूट रहा है कि न तो समाज अपनी ओर से इस विकृत परंपरा को छोड़ने के लिए संवेदनशील हो रहा है और न ही इस संबंध में बने सख्त कानूनों का खौफ दिखता है? दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गिने जाने वाले नोएडा यानी गौतमबुद्ध नगर में दहेज उत्पीड़न के कारण एक महिला की मौत की खबर ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर किया है कि सामाजिक विकास की कसौटी पर हम कहां खड़े हैं और यह कितना अफसोसनाक है। कुछ ही दिन पहले भोपाल से भी दहेज की वजह से एक महिला की जान जाने की खबर आई थी। इन मामलों में महिला के परिवार वालों का स्पष्ट आरोप है कि शादी में भारी खर्च करने के बावजूद बाद के दिनों में भी दहेज की लगातार मांग पूरी न हो पाने की वजह से उनकी बेटी की हत्या कर दी गई और उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई। आए दिन सामने आने वाली ऐसी घटनाएं बताती हैं कि आम भारतीय परिवारों में दहेज की वजह से उत्पीड़न और हत्या की घटनाएं आज भी एक भयावह वास्तविकता बनी हुई हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के एक आंकड़े के मुताबिक अकेले 2022 में दहेज की वजह से 6,516 महिलाओं की मौत हुई थी। माना जाता है कि परंपरा के नाम पर जारी कुछ अमानवीय कुप्रथाएं दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में समाज के वैसे हिस्से में चलन में होती हैं, जो किन्हीं वजहों से शिक्षा और प्रगतिशील मूल्यों से दूर रह गए या विकास के सफर में पिछड़ गए हैं। मगर शायद यह बस एक धारणा है और दिल्ली, नोएडा या किसी बड़े महानगर में भी कई लोग कुरीतियों के निर्वाह को लेकर उतने ही संकीर्ण घेरे में जीते हैं। यह समझना मुश्किल है कि उच्च शिक्षित और आधुनिक मूल्यों के साथ जीने वाले कथित संभ्रांत परिवारों के भीतर भी दहेज जैसी विकृत परंपरा के प्रति इतना मोह क्यों बचा हुआ है कि वे बहू के उत्पीड़न और कई बार हत्या कर देने की हद तक भी चले जाते हैं।

# रक्तरंजित राहों पर शांति का संकल्पः 21 मई राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस विशेष



**सुनील कुमार महला**

किसी कवि ने क्या खूब लिखा है-'आतंकवाद से धरा दूषित है, इसे शुद्ध हो जाने दो। हाथ खोल दो वीरों के अब महायुद्ध हो जाने दो।' भारत ही नहीं पूरे विश्व के लिए वास्तव में आतंकवाद आज पूरी मानवता के लिए एक नासूर बन चुका है।सच तो यह है कि यह ऐसा दंश है, जिसमें केवल जहर ही जहर भरा है। आज भारत ही नहीं, बल्कि पूरा विश्व आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। गरीबी, जनसंख्या वृद्धि, निरक्षरता और असमानता जैसी समस्याएँ अपनी जगह हैं, किंतु आतंकवाद इन सबमें सबसे अधिक खतरनाक है, क्योंकि यह सीधे मानव सभ्यता, शांति और राष्ट्रीय एकता पर हमला करता है। आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और इसका समूल नाश आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। पाठक जानते होंगे कि प्रतिवर्ष 21 मई को भारत में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस (एंटी टेररिज्म डे) मनाया जाता है। यह दिन मुख्य रूप से भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के रूप में उनकी स्मृति में मनाया जाता है। वर्ष 1991 में तमिलनाडु के श्रीपेरुमबुदुर में एक आत्मघाती आतंकी हमले में उनकी हत्या कर दी गई थी। वास्तव में,इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आतंकवाद और उग्रवाद से दूर रखना तथा समाज में शांति, एकता और सद्भाव का संदेश देना है। सरल शब्दों में कहें तो यह दिवस लोगों को आतंकवाद और हिंसा के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का दिन है।दरअसल, इस दिवस का उद्देश्य केवल आतंकवाद का विरोध करना भर नहीं है, बल्कि समाज में भाईचारा, राष्ट्रीय एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करना भी है। यह दिन युवाओं को आतंकवाद और कट्टरता के खतरों से अवगत कराता है तथा हिंसा के स्थान पर संवाद, लोकतांत्रिक सोच और मानवीय मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। साथ ही आतंकवाद से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करने और नागरिकों में 'आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता' अर्थात जीरो टॉलरेंस की भावना विकसित करने का संदेश भी देता है।इस दिन देशभर के सरकारी कार्यालयों, स्कूलों और कॉलेजों में अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों द्वारा आतंकवाद विरोधी शपथ ली जाती है। इस प्रतिज्ञा में बिना किसी धर्म या संप्रदाय का नाम लिए 'मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव और आपसी समझ' को बढ़ावा देने तथा 'विघटनकारी शक्तियों' से लड़ने का संकल्प लिया जाता है। इसके अतिरिक्त विद्यालयों और संस्थानों में वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ, सेमिनार, व्याख्यान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं तथा आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में शहीद हुए जवानों और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। राजीव गांधी की हत्या भारतीय इतिहास की सबसे चर्चित आतंकी घटनाओं में से एक थी। यह हमला श्रीलंका के उग्रवादी संगठन लिबरेशन टाइगर्स ऑफ़ तमिल ईलम यानी एलटीटीई द्वारा किया गया था। एक महिला आत्मघाती हमलावर 'थानु' (धनु) ने फूलों का हार पहनाने के बहाने विस्फोट कर दिया, जिसमें राजीव गांधी की मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद भारत की आंतरिक सुरक्षा और वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन किए गए। विशेष सुरक्षा समूह यानी विशेष सुरक्षा समूह(एसपीजी) के नियमों को अत्यंत सख्त बनाया गया तथा पूर्व प्रधानमंत्रियों और उनके परिवारों को भी सुरक्षा दायरे में लाया गया। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि एलटीटीई यानी कि लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम  श्रीलंका का एक अलगाववादी गुरिल्ला संगठन था, जिसने श्रीलंका के उत्तर और पूर्वी भागों में तमिलों के लिए एक स्वतंत्र राष्ट्र 'तमिल ईलम' की मांग को लेकर लगभग तीन दशकों तक सशस्त्र संघर्ष किया। इसकी स्थापना वर्ष 1976 में वेलुपिल्लई प्रभाकरन द्वारा की गई थी। प्रभाकरन अंत तक इस संगठन का सर्वोच्च और तानाशाही कमांडर बना रहा। एलटीटीई का आत्मघाती दस्ता 'ब्लैक टाइगर्स' कहलाता था, जिसे दुनिया के सबसे खतरनाक और अनुशासित आत्मघाती दस्तों में गिना जाता था।दरअसल, श्रीलंका (तत्कालीन सीलोन) को वर्ष 1948 में स्वतंत्रता मिलने के बाद वहाँ बहुसंख्यक सिंहली समुदाय और अल्पसंख्यक तमिलों के बीच जातीय तनाव बढ़ने लगा। तमिलों का आरोप था कि सरकारी नौकरियों, शिक्षा और नागरिकता के मामलों में उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। इसी असंतोष ने धीरे-धीरे उग्रवाद का रूप ले लिया और एलटीटीई जैसे संगठन का जन्म हुआ। शुरुआत में श्रीलंका में तमिलों पर हो रहे अत्याचारों के कारण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में, एलटीटीई के प्रति सहानुभूति थी। वर्ष 1987 में भारत-श्रीलंका समझौते के तहत प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भारतीय शांति सेना श्रीलंका भेजी, लेकिन एलटीटीई ने हथियार डालने से इनकार कर दिया और भारतीय सेना से ही संघर्ष शुरू कर दिया। इसके बाद संबंध बेहद तनावपूर्ण हो गए। अंततः 21 मई 1991 को एलटीटीई ने आत्मघाती हमले में राजीव गांधी की हत्या कर दी, जिसके बाद भारत सरकार ने इस संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया। बाद में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी एलटीटीई को आतंकवादी संगठन घोषित किया गया और उसकी फंडिंग कमजोर पड़ती गई। अंततः वर्ष 2006 से 2009 तक चले चौथे ईलम युद्ध में श्रीलंकाई सेना ने एलटीटीई को पूरी तरह पराजित कर दिया तथा 18 मई 2009 को प्रभाकरन की मृत्यु के साथ ही संगठन का अंत हो गया। वास्तव में, अपने राजनीतिक, धार्मिक या व्यक्तिगत उद्देश्यों की पूर्ति के लिए हिंसात्मक तरीकों का प्रयोग ही आतंकवाद कहलाता है। आतंकवाद की सबसे ख़तरनाक बात यह है कि अंततः यह उन लोगों को भी नष्ट कर देता है जो इसका समर्थन या अभ्यास करते हैं। आतंकवाद राष्ट्रीय सद्भाव, शांति और सामाजिक एकता को गहरी क्षति पहुँचाता है। सच तो यह है कि आतंकवाद का कोई धर्म, राष्ट्रीयता या मानवीय उद्देश्य नहीं होता। यह मानवता के विरुद्ध हिंसा और अमानवीयता की पराकाष्ठा है।महात्मा गांधी ने कहा था-'मैं मरने के लिए तैयार हूँ, पर ऐसी कोई वजह नहीं है जिसके लिए मैं मारने को तैयार हूँ।' गांधीजी ने सदैव अहिंसा, शांति और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने कभी भी हिंसा और आतंकवाद को उचित नहीं माना।

# सुप्रीम आदेश से आवारा कुत्तों से मुक्ति की उम्मीद बढ़ी



**अशोक मधुप**
**वरिष्ठ पत्रकार**

*पीठ ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एएनएचएआई) की ओर से पेश हुए अधिवक्ता की दलीलें भ सुनी । इसमें सात नवंबर, 2025 के उस निर्देश के अनुपालन का जिक्र था। अदालत ने प्राधिकरण को राष्ट्रीय राजमार्गों से आवारा पशुओं को हटाने और सड़कों के किनारे बाड़ लगाने के निर्देश दिये थे। न्यायालय ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) को पशु आश्रय स्थलों या पशु जन्म नियंत्रण सुविधाओं के लिए अनुमति मांगने वाले गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ)के आवेदनों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।पीठ ने एडब्ल्यूबीआई का पक्ष रख रहे अधिवक्ता से कहा, 'या तो आप आवेदन स्वीकार करें या अस्वीकार करें, लेकिन इसे शीघ्रता से करें।' शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी अधिवक्ता की इस दलील पर की कि सात नवंबर के आदेश के बाद, विभिन्न संगठनों से ऐसे आवेदनों में अचानक वृद्धि हुई है। यायालय ने 13 जनवरी को कहा था कि वह राज्यों से कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए भारी हर्जाना देने को कहेगी और ऐसे मामलों के लिए कुत्तों को खाना खिलाने वालों को जवाबदेह ठहराएगी। अदालत ने पिछले पांच वर्षों से आवारा पशुओं से संबंधित मानदंडों के लागू न होने*

आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपने पुराने आदेश को बरकरार रखने से अब लगता है कि देश को आवारा कुत्तों के आंतक से मुक्ति मिल जाएगी। लोगों को रैबीज की जान लेवा बीमारी से छुटकारा मिल सकेगा। न्यायालय ने नेशनल हाईवे अथार्टी को भी कहा कि यह मार्ग पर इस तरह बाड़ और अवरोध बनाए कि आवारा पशु सड़क पर न जा सके। न्यायालय के नेशनल हाईवे अथार्टी को दिए आदेश से आशा बनी है कि आवारा पशुओं के टकराने से होने वाली दुर्घटनाएं कम होंगी।

आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में फैसला सुनाते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट पुराने अपने पुराने आदेश को बरकरार रखा। कोर्ट ने 11 अगस्त के पिछले आदेशों में बदलाव करने का निर्देश देने की मांग करने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया । पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, सभी राज्य हर शहर में एनिमल सेंटर बनाएं। जस्टिस विक्रम नाथ की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, कुत्तों के काटने की घटना लगातार जारी है और यह दिखाया है कि संबंधित अथॉरिटी की लापरवाही दिखती है। अदालत ने कहा, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों का यह दायित्व है कि लोगों के जीवन की रक्षा करें। राइट टू लाइफ की रक्षा करना राज्य और यूटी की जिम्मेदारी है। सर्वोच्च अदालत ने कहा, 'गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार सभी का अधिकार है। इसकी के तहत पब्लिक प्लेस में एक्सेस का अधिकार उनका है। बिना डर लोग कहीं जा सकें, ये उनका अधिकार है।' पीठ ने कहा, बच्चे और बुजुर्ग पर अटैक हो रहा है। कुत्तों द्वारा इंटरनेशनल ट्रैवलर को निशाना बनाया गया है। पीठ ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश जारी करते हुए कहा, सभी राज्य व केंद्र शासित प्रदेश एनिमल बर्थ कंट्रोल लागू करें। राज्य तमाम सुविधाओं वाले यूटी एबीसी सेंटर हर जिले में स्थापित करें। कोर्ट ने कहा, वहां स्टेरलाइजेशन और वेक्सिनेशन प्रोग्राम वहां हो पाए। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने याचिकाकर्ताओं, प्रतिवादियों, पीड़ितों, कुत्तों के पक्ष में शामिल लोग, पशु कल्याण बोर्ड और भारत सरकार की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

पीठ ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एएनएचएआई) की ओर से पेश हुए अधिवक्ता की दलीलें भ सुनी । इसमें सात नवंबर, 2025 के उस निर्देश के अनुपालन का जिक्र था। अदालत ने प्राधिकरण को राष्ट्रीय राजमार्गों से आवारा पशुओं को हटाने और सड़कों के किनारे बाड़ लगाने के निर्देश दिये थे। न्यायालय ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) को पशु आश्रय स्थलों या पशु जन्म नियंत्रण सुविधाओं के लिए अनुमति मांगने वाले गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ)के आवेदनों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।पीठ ने एडब्ल्यूबीआई का पक्ष रख रहे अधिवक्ता से कहा, 'या तो आप आवेदन स्वीकार करें या अस्वीकार करें, लेकिन इसे शीघ्रता से करें।' शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी अधिवक्ता की इस दलील पर की कि सात नवंबर के आदेश के बाद, विभिन्न संगठनों से ऐसे आवेदनों में अचानक वृद्धि हुई है।

यायालय ने 13 जनवरी को कहा था कि वह राज्यों से कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए भारी हर्जाना देने को कहेगी और ऐसे मामलों के लिए कुत्तों को खाना खिलाने वालों को जवाबदेह ठहराएगी। अदालत ने पिछले पांच वर्षों से आवारा पशुओं से संबंधित मानदंडों के लागू न होने पर भी चिंता जताई। अदालत ने कई मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा, 'कुत्तों के काटने का ख़तरा अब हवाई अड्डों और रिहायशी इलाक़ों समेत महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों तक फैल चुका है। 'अदालत ने कहा कि यह समस्या 'बेहद व्यापक' रूप ले चुकी है और 'ऐसी घटनाओं का लगातार दोहराया जाना' निर्देशों के पालन में कमी को दर्शाता है। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि जो अधिकारी इन आदेशों को लागू करने में विफल रहेंगे, उनके ख़िलाफ़ अवमानना और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। फ़ैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा, 'गरिमा के साथ जीने के अधिकार में यह अधिकार भी शामिल है कि व्यक्ति कुत्तों के हमलों के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सके। राज्य मूक दर्शन बनकर नही रह सकता। अदालत भी उन कठोर ज़मीनी हक़ीक़तों से आँखें नहीं मूँद सकती, जहाँ बच्चे, विदेशी यात्री और बुज़ुर्ग कुत्तों के काटने की घटनाओं का शिकार हुए हैं. संविधान ऐसे समाज की कल्पना नहीं करता, जहाँ बच्चों और बुज़ुर्गों का जीवन केवल शारीरिक ताक़त या क़िस्मत के भरोसे हो।

इससे पहले नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की एक बेंच ने अपने एक आदेश में सभी राज्य सरकारों से कहा था कि वो आवारा कुत्तों और मवेशियों को हाईवे, सड़कों और एक्सप्रेस-वे से हटा दें। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था, 'इसका सख़्ती से पालन करना ज़रूरी है वरना अधिकारियों को व्यक्तिगत तौर पर ज़िम्मेदार ठहराया जाएगा '। कोर्ट ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह भी निर्देश दिए थे कि अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, सार्वजनिक खेल परिसर, रेलवे स्टेशन जैसे सरकारी और निजी संस्थानों की पहचान कर उन्हें इस तरह घेर दें कि आवारा कुत्ते अंदर न आ सकें। कोर्ट ने यह भी कहा कि अधिकारियों को ऐसे परिसरों से मौजूद आवारा कुत्तों को हटाकर उनकी नसबंदी करानी होगी. इसके बाद उन्हें डॉग शेल्टर में भेजना होगा। कुछ वकीलों ने आदेश पर चिंता जताई थी और कोर्ट से इसे संशोधित करने के लिए सुनवाई की मांग की. हालाँकि बेंच से इसे ख़ारिज कर दिया।

क सुप्रीम कोर्ट की चिंता वास्तव में उचित है, क्योंकि इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के अनुसार, भारत में रेबीज के कारण हर साल लगभग 5,700 लोगों की जान जाती है 7 विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया भर में रेबीज से होने वाली कुल मौतों का लगभग 36 प्रतिशत हिस्सा अकेले भारत से आता है। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) और इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम (आईडीएसपी) की रिपोर्ट में हर साल कुत्ते के काटने के मामलों में भारी वृद्धि देखी जा रही है 7 पिछले वर्ष के दौरान भारत में कुत्ते के काटने के 37 लाख (37,15,713) से अधिक मामले दर्ज किए गए । रेबीज एक लगभग 100 प्रतिशत घातक बीमारी है। यानी लक्षण (सिंटम्स) दीखने के बाद इसे ठीक करना लगभग असंभव है 7 भारत में आवारा कुत्तों की समस्या एक गंभीर मुद्दा बन चुकी है। भारत में साल 2024 में कुत्ते के काटने की 37,15,713 घटना रिपोर्ट की गई। राजधानी दिल्ली की बात की जाए तो यहां साल 2025 में केवल जनवरी के महीने में 3,196 (प्रतिदिन लगभग 103) कुत्ते के काटने के मामले सामने आए। 2024 में 25,210 (प्रतिदिन लगभग 69), 2023 में 17,874 (प्रतिदिन लगभग 49), 2022 में 6,691 (प्रतिदिन लगभग 18) ये वो मामले हैं जो रिपोर्ट किए गए हैं।

कुत्ते के काटने पर दवा की चार डोज देने का प्रावधान है। पहली डोज शून्य से एक दिन के बीच,दूसरी शून्य ये तीन दिन, तीसरी शून्य से सात दिन और और चौथी शून्य से 28 दिन के बीच दी जाती है। देखने में आया है कि सरकारी अस्पतालों में एक या दो डोज देकर ही काम निपटा दिया जाता है। खुद इस पत्रकार के बेटे को कुत्ते के काटने पर जिला अस्पताल में दो डोज देकर इतिश्री कर दी गई। बाद में दो डोज बाजार से खरीदकर लगवाईं गई। अब इस तरह की चिकित्सीय लापरवाही से कुत्ते के काटने के शिकार को रेबीज नही होगा। न्यायालय ने आदेश तो दे दिया किंतु इस आदेश के पालन को भी सुनिश्चित करना जरूरी होगा, क्योंकि सरकारी अमला इस कान से सुनकर दूसरे कान से निकालने का अभ्यस्त हो चुका है।

# विकास के साथ प्रकृति के विनाश की पटकथा लिख रहा मानव

*नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें*

वातावरण के प्रति संवेदनशील होना होगा।

आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी फल स्वरुप हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीतनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।



**संजीव ठाकुर,**
**वरिष्ठ पत्रकार**
**स्तंभकार,**

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है,

जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना,
पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे।

विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 141 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

# वोट बैंक के आगे नतमस्तक राष्ट्र धर्म

चल रहे हैं दौर विष के देवता के आवरण में
रात की काली लता है भोर के नवजागरण में
देश का दुर्भाग्य मित्रों क्या भला तुलसी लिखेंगे
साथ देते हैं जटायु, आज के सीता हरण में।



**डॉ. सुधाकर आशावादी - विभूति फीचर्स**

केवल धरती के किसी भूभाग में निवास करने से वह भूभाग तब तक राष्ट्र नहीं कहलाता, जब तक कि राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिकों का उसमें निवास न हो। यूँ तो अपना और अपने परिवार का भरण पोषण सभी करते ही हैं तथा अपने और पराये का भेद करके अपने स्वार्थ को सर्वोपरि मानते हैं। परिवार के उपरांत कभी जातिवाद और कभी क्षेत्रवाद की संकीर्ण विचारधारा का अनुपालन करते हुए कुछ लोग अपनी सोच का दायरा संकुचित कर लेते हैं। भारतीय राजनीति का आधार ही यही है। भले ही लोक दिखावे के लिए तथाकथित दिशानायक स्वयं को पंथनिरपेक्ष घोषित करें, लेकिन उनके अंतस का संकीर्ण जातीय लगाव यदा कदा उनके आचरण से लक्षित होता रहता है। विघटनकारी शक्तियां भी इसी प्रयास में लगी रहती हैं, कि जैसे भी हो समाज को जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा के आधार पर बांटकर आपस में भिड़ाते रहो और अपना स्वार्थ पूरा करते रहो। उनकी षड्यंत्रकारी चालों में फंसकर आम आदमी राष्ट्र चिंतन और राष्ट्र समर्पण जैसे अपने नागरिक दायित्व की पूर्ति करने की ओर ध्यान नहीं दे पाता , जिसका दुष्परिणाम समाज व राष्ट्र को समय समय पर भोगना पड़ता है। कहीं धार्मिक आधार पर दंगे होते हैं, तो कहीं जातीय वैमनस्य उत्पन्न होता है। आपराधिक घटनाओं को जातीय चश्मे से देखकर समाज में जातीय संघर्ष की भूमिका तैयार करने में भी अराजक तत्व पीछे नहीं रहते। जैसे किसी अपराधी के अपराध के लिए अपराधी की जाति से जुड़ा हर व्यक्ति जिम्मेदार हो। ऐसे में मानवीय दृष्टिकोण से चिंतन कोई नहीं करना चाहता। राजनीतिक दल पीड़ित की जाति देखकर अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति में लग जाते हैं तथा केवल उन जगहों पर घड़ियाली आंसू बहाने जाते हैं, जहाँ उन्हें लगता है, कि पीड़ित की जाति उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति में सहायक होगी। इतना ही नहीं, राजनीतिक मंसूबों को पूरा करने की आड़ में राजनीतिक दल समाज को भिन्न भिन्न तरीकों से बांटने में पीछे नहीं हैं। विश्व के किसी भी लोकतान्त्रिक देश में ऐसी भेदभावपूर्ण नीतियां लागू नहीं हैं, जितनी कि अपने भारत में हैं। व्यक्ति को सरकारी दृष्टि से ही अमानवीय ढंग से बाँट दिया गया है। सरकार व्यक्ति के आर्थिक और सामाजिक पिछड़ेपन को उसके जीवन यापन हेतु उपलब्ध संसाधनों की कमी से नहीं आंकती, सरकार की दृष्टि में कोई व्यक्ति नहीं, वरन उसकी समूची जाति ही पिछड़ी है, इसी प्रकार किन्ही खास व्यक्तियों की समूची जाति ही अगड़ी और समृद्ध है, उन जातियों में कोई भी व्यक्ति आर्थिक या सामाजिक से रूप से दुर्बल नहीं होता। विडंबना है, कि जैसे जैसे विश्व तकनीकी क्षेत्र में विकसित हो रहा है तथा वैज्ञानिक रीति नीतियों से जीवन यापन में सुधार की दिशा में गतिशील है, वैसे वैसे संकीर्ण जातीय सोच आम आदमी को दलित सवर्ण, अगड़ा पिछड़ा में विघटित करने के कुत्सित प्रयास में लगी है। स्वाधीनता के उपरांत से दलितों के नाम पर ख़ास जातियों को मिले विशेष क़ानूनी अधिकारों का दुरूपयोग होने के उपरांत भी देश के नियंताओं की आँखों पर पट्टी बंधी है। सत्ता की संकीर्ण सोच सामाजिक समरसता की राह में सबसे बड़ा अवरोधक बनी हुई है। सरकार की इन नीतियों के चलते दलित वोट बैंक साधने के लिए अनेक ऐसे तत्व सक्रिय हैं, जिन्हें महात्मा बुद्ध की अहिंसा सर्वोपरि की अवधारणा से कोई सरोकार नहीं है, यदि न्याय के मंदिर में सामाजिक समरसता और मानवीय दृष्टिकोण से जुड़े कुछ निर्णय सुनाए जाते हैं, तो जातीय क्षत्रप सड़कों पर उतरकर अराजकता फैलाने से भी नहीं चूकते। इससे बड़ा ज्वलंत प्रश्न और क्या हो सकता है, कि जिस देश में संविधान की दुहाई देकर संवैधानिक निर्णयों का ही विरोध हो, उस देश में संविधान के सम्मान की दुहाई वही लोग देते हैं, जिन्हें संवैधानिक व्यवस्था पर ही विश्वास नहीं है। आरक्षण जैसी व्यवस्था का दुरूपयोग चंद जातियां और चंद परिवारों तक ही सीमित है। यदि सर्वेक्षण कराया जाए तो स्पष्ट होगा, कि किस प्रकार से आरक्षण का लाभ उस अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुँच पाया है, जिसके जीवन का उत्थान करने के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया गया था। बहरहाल स्थिति विकट है। भ्रष्टाचार चरम पर है। भले ही शासक कोई भी हो, किन्तु व्यवस्था में जुटी कार्यपालिका के आचरण में कोई बदलाव नहीं आया है। राजस्व विभाग के भ्रष्ट कर्मचारियों की कृपा से भूमाफिया खूब फल फूल रहे हैं। ग्राम पंचायतों में भी लूट मची है। ग्राम प्रधान बनने से पहले और ग्राम प्रधान बनने के बाद ग्राम प्रधानों की आर्थिक समृद्धि इसी तथ्य को पुष्ट करती है, कि ग्राम प्रधान बनने का उद्देश्य ग्राम की सेवा नहीं, अपना और अपने परिवार का आर्थिक उत्थान ही रहता है। ग्राम प्रधान तो मात्र उदाहरण है, जनप्रतिनिधियों का गाहे बगाहे यही हाल है। जो जहाँ है, उसके लिए येन केन प्रकारेण अपनी भौतिक सम्पन्नता सर्वोपरि है, राष्ट्र के प्रति दायित्वों का निर्वहन उसकी किसी भी प्राथमिकता में नहीं आता। विषय अत्यंत व्यापक व गंभीर है

## राष्ट्र सेविका समिति का 15 दिवसीय प्रवेश शिक्षा वर्ग प्रारंभ



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राष्ट्र सेविका समिति, जयपुर प्रांत की ओर से आयोजित 15 दिवसीय प्रवेश शिक्षा वर्ग का शुभारंभ 17 मई को शंकरलाल धानुका केशव विद्यापीठ, जामडोली में भारत माता पूजन के साथ हुआ। 1 जून तक चलने वाले इस आवासीय वर्ग में जयपुर प्रांत के 7 विभागों से कुल 92 शिक्षार्थी एवं प्रबंधिकायें, शिक्षिकाएं एवं अधिकारी सहित कुल 125 बहिनें सहभागी हैं। उद्घाटन सत्र में क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख व अखिल भारतीय टोली सदस्य डॉ. मंजु शर्मा ने 'पंच परिवर्तन : समाज की एकात्मता का आधार' विषय पर बौद्धिक देते हुए सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण व कुटुंब प्रबोधन को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। प्रांत कार्यवाहिका संगीता जागिड़ ने वर्ग को अनुशासन व व्यक्तित्व निर्माण का केंद्र बताते हुए सेविकाओं को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। वर्गाधिकारी डॉ. नीलम पूनार, वर्ग कार्यवाहिका डॉ. वंदना गौतम एवं मुख्य शिक्षिका अदिति राठौड़ वर्ग संचालन में उपस्थित रहेंगी। वर्ग में आगामी 15 दिनों तक शारीरिक, बौद्धिक व संगठनात्मक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## राज्यपाल बागडे ने अमित शाह से की चर्चा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच देश और राजस्थान के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। राज्यपाल बागडे ने प्रदेश से जुड़े समसामयिक विषयों और विकास कार्यों पर केंद्रीय गृह मंत्री से संवाद किया। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें राज्य और राष्ट्रहित से जुड़े विषय प्रमुख रूप से चर्चा के केंद्र में रहे।

## भाजपा एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष बनने पर धनीराम मीणा ने जताया आभार



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भाजपा एसटी मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष धनीराम मीणा झिरी ने नियुक्ति पर प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद मीणा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह शेखावत का धन्यवाद देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया। धनीराम मीणा ने कहा कि पार्टी की ओर से सौंपी गई जिम्मेदारी का वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाया जाएगा। गौरतलब है कि धनीराम मीणा पूर्व में झिरी पंचायत के सरपंच रह चुके हैं और बसेड़ी क्षेत्र में लंबे समय से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत हैं। इस अवसर पर हरीलाल मीणा, रामअवतार सिंह उर्फ गुटाली, दिनेश मीणा बरौली, सोनू मीणा झिरी, महेश मीणा, जोगेंद्र शर्मा, बहादुर मीणा, राकेश खैमरी, जलदीश खैमरी व मुकेश सिंह शंकरपुर सहित कई कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## नीरजा अशोक शर्मा ने फीता काटकर किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के शाहपुरा शाला गांव में आयोजित सिकरवार क्रिकेट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को भाजपा नेत्री व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नीरजा अशोक शर्मा ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने दोनों टीमों का टॉस कराकर मैच की शुरुआत कराई तथा खिलाड़ियों और आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीरजा अशोक शर्मा ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। युवाओं को मोबाइल और टीवी स्क्रीन से दूर रहकर खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी देश में खेलों को बढ़ावा देकर युवाओं के सपनों को नई उड़ान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईपीएल जैसे बड़े टूर्नामेंट शुरू होने के बाद युवाओं के लिए खेलों में करियर बनाने के नए अवसर खुले हैं और आज का युवा अपने सपनों को साकार करने के लिए मेहनत कर रहा है। गांव के युवाओं द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का अच्छा मंच है। शर्मा ने आयोजन समिति के अभिषेक सिकरवार, श्यामवीर सिकरवार, सुरेश सिकरवार, राकेश सिकरवार एवं सिल्वो सहित अन्य सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर राजकुमार सिकरवार, बबलू पोसवाल, हरिसिंह गुर्जर, श्याम गिरी, एदल सिंह तोमर, तिलक गुर्जर, मनियां मंडल अध्यक्ष रामवतार त्यागी, बबलू कटारा, रामसेवक मुद्गल सहित कई लोग मौजूद रहे। उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# भाजपा का लक्ष्य भारत को परम वैभव तक पहुंचाना : महेंद्र सिंह कुमावत

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी धौलपुर की ओर से बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सोना हवेली, बाड़ी रोड स्थित कार्यक्रम स्थल पर हुआ। शिविर में जिलेभर से आए 200 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद मंचासीन अतिथियों का भाजपा पटका पहनाकर स्वागत किया गया। प्रशिक्षण शिविर के मुख्य वक्ता एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह कुमावत ने कहा कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाना है। पार्टी राष्ट्रवाद और भारतीय संस्कृति को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा व्यक्तिवादी नहीं, बल्कि विचारधारा आधारित पार्टी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत पर पार्टी कार्य कर रही है, जिसमें व्यक्ति के समग्र विकास और सुख की चिंता की गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि विषम परिस्थितियों में भी पार्टी के साथ खड़े रहकर अनुशासन और समर्पण भाव से कार्य करना ही सच्चे कार्यकर्ता की पहचान है। भारतीय संस्कृति एवं पर्यटन प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनीष पारीक ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं को संस्कारवान और विचारधारा से मजबूत बनाता है। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और यहां कार्यकर्ता परिवार की भावना से जुड़कर कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने देशहित में लिए गए कई बड़े निर्णयों के माध्यम से जनता से किए वादे पूरे किए हैं। शिविर में पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई, प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा, प्रशिक्षण शिविर प्रभारी रानू पाराशर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गिरिराज सिंह मलिंगा, डॉ. शिवचरण कुशवाहा, श्रवण कुमार वर्मा, जगमोहन बघेल, पूर्व विधायक सुखराम कोली, नीरजा शर्मा, रामवती जाटव, दुर्ग सिंह अड़ाना, विवेक सिंह बोहरा, बाकेलाल लोधा एवं सत्येंद्र पाराशर सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को राष्ट्र गौरव, संगठनात्मक अनुशासन एवं पार्टी की विचारधारा के प्रति प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश से आए सभी वक्ताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया। कार्यक्रम में जिले के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रशिक्षण शिविर गुरुवार को भी जारी रहेगा।

# लक्जरी कार चोरी गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

## चोरी हुई हुंडई वर्ना बरामद की, वारदात में प्रयुक्त फॉर्च्यूनर कार भी जब्त

जयपुर टाइम्स



**शाहपुरा(कास)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस की शाहपुरा थाना टीम ने वाहन चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए लक्जरी कार चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी हुई हुंडई वर्ना कार बरामद कर ली है। साथ ही वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर की फॉर्च्यूनर कार भी जब्त की गई है। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद ने बताया कि 15 मई को परिवादी ऋषभ पारीक ने शाहपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसकी हुंडई वर्ना कार होटल के बाहर से चोरी हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रणवीर सिंह और वृत्ताधिकारी रामावतार ताखर के निर्देशन में थाना प्रभारी रिया चौधरी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी दीपेंद्र कुमार स्वामी लक्जरी कारों और ट्रकों को खरीदकर फर्जी तरीके से बेच देता था और बाद में उन्हें चोरी कर गायब कर देता था। आरोपी पूर्व में भी कई थानों में वांछित चल रहा है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर दीपेंद्र कुमार स्वामी, अश्वनी कुमार और उनके साथी आशीष चाहर को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने 15 मई की रात शाहपुरा के गिरधर होटल के बाहर खड़ी हुंडई वर्ना कार चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की कार बरामद कर ली। इसके अलावा चोरी की वारदात में इस्तेमाल की गई बिना नंबर की सफेद फॉर्च्यूनर कार भी जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में दीपेंद्र कुमार स्वामी निवासी सीकर, अश्वनी कुमार निवासी हरियाणा तथा आशीष चाहर निवासी आगरा शामिल हैं।

# महिला सुरक्षा संकल्प अभियान में कार्रवाईः छात्राओं पर फब्तियां कसने वाला मनचला गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**गोविंदगढ(कास)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस की ओर से चलाए जा रहे महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत गोविंदगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छात्राओं व महिलाओं पर फब्तियां कसने वाले एक मनचले युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों, स्कूल-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व वृत्ताधिकारी गोविंदगढ़ के सुपरविजन में थाना प्रभारी विनोद सांखला के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम 19 मई को स्कूलों, कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गश्त कर रही थी। इस दौरान श्रीराम-कृष्णा लाइब्रेरी के पास एक युवक तेज आवाज में गाने बजाते हुए आने-जाने वाली छात्राओं और महिलाओं पर फब्तियां कस रहा था तथा उनके आगे-पीछे घूम रहा था। पुलिस ने युवक को रोककर पूछताछ की तो वह आक्रोशित हो गया और शिकायत करने वालों को सबक सिखाने की धमकी देने लगा। महिलाओं की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने आरोपी विशाल पुत्र राजेंद्र, निवासी निंदोला, थाना गोविंदगढ़, जिला जयपुर को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 170 के तहत मामला दर्ज किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी विनोद सांखला सहित कालिका पेट्रोलिंग टीम व गोविंदगढ़ थाना पुलिस की अहम भूमिका रही। महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस की तत्पर कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

# प्रांतीय चतुर्वेदी समाज संस्था का प्रथम स्थापना वर्षगांठ समारोह सम्पन्न, समाज की एकजुटता और विकास पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** प्रांतीय चतुर्वेदी समाज संस्था, जयपुर (राजस्थान) की ओर से संस्था की प्रथम स्थापना वर्षगांठ का भव्य आयोजन रविवार को मनोहर होटल, झोटवाड़ा मर्डी रोड, मानसरोवर में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति, युवा वर्ग व विभिन्न क्षेत्रों के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आदरणीय राधा मोहन चतुर्वेदी, विशिष्ट अतिथि के रूप में नीरज चतुर्वेदी, लोकेश चतुर्वेदी, हरिश चतुर्वेदी, दीपक पारीक चतुर्वेदी, प्रशांत चतुर्वेदी (एडवोकेट) व डॉ. नीरज चतुर्वेदी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष डॉ. बी.एल. चतुर्वेदी ने की। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्था की गतिविधियों, समाज सेवा कार्यों व भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष डॉ. बी.एल. चतुर्वेदी ने कहा कि संस्था समाज में सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से नई ऊर्जा का संचार कर रही है। संस्था के विशेष सहयोगकर्ताओं के रूप में श्री डी.एन. चतुर्वेदी को सफल संचालन व आयोजन के लिए सम्मानित किया गया। वहीं महामंत्री महेश चतुर्वेदी तथा संगठन से जुड़े अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के योगदान की भी सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान संस्था की स्मारिका पुस्तक 'प्रांतीय चतुर्वेदी समाज संस्था, जयपुर, राजस्थान का उद्भव व विकास' का भी विमोचन किया गया। स्मारिका में समाज के इतिहास, विकास यात्रा व सामाजिक योगदान को रेखांकित किया गया। इस दौरान संतोष चतुर्वेदी के विशेष योगदान की भी प्रशंसा की गई।

समारोह में बच्चों को पुरस्कार वितरण, मिठाई वितरण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। वहीं समाज की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में समाजजनों से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने एवं समाज हित के कार्यों में निरंतर सहयोग देने का आह्वान किया गया।

# किशनगढ़-विजयनगर रेलवे स्टेशनों के विकास की उठी मांग, भागीरथ चौधरी ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

जयपुर टाइम्स



**अजमेर(कास)।** केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने अजमेर संसदीय क्षेत्र के किशनगढ़ और विजयनगर रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के विस्तार एवं विकास कार्यों को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। पत्र में भागीरथ चौधरी ने कहा कि इन रेलवे स्टेशनों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं आमजन का आवागमन रहता है। ऐसे में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आधारभूत सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है। उन्होंने विजयनगर रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास कार्यों के साथ जीआरपी चौकी स्वीकृत करने, स्टेशन को बीसलपुर पेयजल योजना से जोड़ने तथा स्टेशन परिसर की चारदीवारी निर्माण के लिए बजट स्वीकृत करने की मांग की। वहीं किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर बैंक एटीएम बूथ स्थापित करने, प्लेटफॉर्म संख्या 1 और 2 पर दिव्यांगजन, महिलाओं एवं यात्रियों के लिए पक्के शौचालय निर्माण तथा कोरोना काल से पूर्व की तरह मैकेनाइज्ड सफाई व्यवस्था पुन: शुरू करने का आग्रह किया गया।

सांसद ने किशनगढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग-48, एयरपोर्ट मार्ग एवं शहर की ओर जाने वाले मुख्य मार्गों पर भव्य प्रवेश द्वार और दिशा सूचक बोर्ड लगाने की मांग भी उठाई, ताकि बाहर से आने वाले यात्रियों को सुविधा मिल सके।

इसके अलावा किशनगढ़-अजमेर के पुराने रेलवे स्टेशन परिसर में उपनगरीय रेलवे स्टेशन विकसित करने, खाली भूमि पर मॉल निर्माण एवं अतिरिक्त आरक्षण केंद्र शुरू करने का प्रस्ताव भी रेलवे बोर्ड के समक्ष रखा गया। साथ ही केकड़ी क्षेत्र में रेलवे लाइन आने तक वैकल्पिक रेलवे आरक्षण सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग भी की गई। भागीरथ चौधरी ने रेल मंत्री से जनहित में सभी प्रस्तावों पर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है।

### सहकारिता राज्य मंत्री दक ने दिए संकेत

# जयपुर में जल्द शुरू होगी 'भारत टैक्सी' सेवा, चालकों को मिलेगा मालिकाना हक

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** सहकारी मॉडल पर आधारित देश की पहली 'भारत टैक्सी' सेवा का शुभारंभ जल्द ही जयपुर में किया जाएगा। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि यह सेवा आमजन को किफायती और सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ टैक्सी चालकों की आर्थिक उन्नति का भी माध्यम बनेगी। सहकारिता मंत्री बुधवार को अपेक्स बैंक सभागार में आयोजित भारत टैक्सी संवाद कार्यक्रम में सारथियों (चालकों) को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दिल्ली, लखनऊ, मुंबई और चंडीगढ़ के बाद अब जयपुर सहित अन्य शहरों में भी भारत टैक्सी सेवा शुरू की जाएगी। जयपुर में इसकी शुरुआत जून माह के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें टैक्सी चलाने वाला सारथी ही कंपनी का वास्तविक मालिक होगा। यह सेवा स्वामित्व, सुरक्षा, सम्मान और लाभांश के समान वितरण की अवधारणा पर आधारित है। मंत्री ने कहा कि इस व्यवस्था में किसी भी चालक का अकाउंट बिना सुनवाई के बंद नहीं किया जाएगा तथा हिडन चार्जेज जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में मौजूद चालकों ने निजी कंपनियों के साथ काम करने के दौरान होने वाले शोषण और मनमाने शुल्कों की समस्या उठाई। उन्होंने भारत टैक्सी को स्वदेशी सहकारी मॉडल की सकारात्मक पहल बताते हुए कहा कि इससे उनकी आय और कार्य सुरक्षा में सुधार होगा। इस दौरान विशिष्ट सहायक डॉ. सूरज सिंह नेगी, अतिरिक्त रजिस्ट्रार भोमाराम, अपेक्स बैंक के प्रबंध निदेशक रणजीत सिंह चूंडावत एवं भारत टैक्सी के जयपुर सिटी हेड अभिषेक चारण सहित कई अधिकारी और चालक मौजूद रहे।

# चंबल में भैंस निकाल रही बालिका को जिंदा खींच ले गया मगरमच्छ, गांव में मातम

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** चंबल नदी एक बार फिर खूनी बन गई। बुधवार को जिले के राजघाट गांव में उस समय चीख-पुकार मच गई, जब नदी में छिपे मगरमच्छ ने 14 वर्षीय मासूम बच्ची को अपना शिकार बना लिया। देखते ही देखते मगरमच्छ बच्ची को पानी के भीतर खींच ले गया। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। जानकारी के अनुसार राजघाट निवासी दीनदयाल की 14 वर्षीय पुत्री भारती रोज की तरह मवेशियों को पानी पिलाने चंबल नदी पर गई थी। मवेशियों को पानी पिलाने के बाद वह अपनी भैंस को नदी से बाहर निकाल रही थी, तभी पानी में घात लगाए बैठे मगरमच्छ ने अचानक उस पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मगरमच्छ ने भारती को जबड़ों में दबोचकर नदी के गहरे पानी में खींच लिया। मौके पर मौजूद दो अन्य बच्चियां चीखती-चिल्लाती हुई गांव की ओर दौड़ीं और ग्रामीणों को सूचना दी। शोर सुनते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और जान जोखिम में डालकर बच्ची को बचाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद मगरमच्छ के चंगुल से भारती को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। मासूम बच्ची की मौत से गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना स्थल पर मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। सूचना मिलने पर चंबल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद राजघाट सहित आसपास के गांवों में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि चंबल नदी में मगरमच्छों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। लोगों ने प्रशासन से नदी किनारे चेतावनी बोर्ड लगाने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और मगरमच्छों से बचाव के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर चंबल किनारे रहने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

# भागवत कथा में गूंजा भक्ति का महत्व, राम वनवास प्रसंग सुन श्रद्धालुओं की आंखें हुई नम

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** ग्राम अधन्नपुर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के दूसरे दिन कथा पंडाल भक्ति रस से सराबोर हो उठा। बाल ब्रह्मचारी संत अवधूत स्वामी लोकेशानंद जी महाराज गुफाधाम जारौली टीला सरकार वालों ने 'भक्ति चरित्र' एवं 'प्रभु श्रीराम के वनवास' प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुन श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा व्यास स्वामी लोकेशानंद महाराज ने कहा कि निस्वार्थ भाव से की गई भक्ति ही मानव जीवन को सार्थक बनाती है। उन्होंने बताया कि भक्ति में अहंकार का कोई स्थान नहीं होता और जो व्यक्ति स्वयं को प्रभु के चरणों में समर्पित कर देता है, उसका जीवन सफल हो जाता है। कथा के दौरान उन्होंने प्रभु श्रीराम के वनवास प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि राजा दशरथ द्वारा दिए गए वरदानों के कारण माता कैकेयी ने राम के लिए 14 वर्ष का वनवास और भरत के लिए राजतिलक मांगा था। श्रीराम ने पिता के वचनों की मर्यादा बनाए रखने के लिए सहज भाव से राजपाठ त्यागकर वन गमन स्वीकार किया। जब कथावाचक ने भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के तपस्वी वेश में महल से विदा होने का मार्मिक प्रसंग सुनाया, तो कथा पंडाल में सन्नाटा छा गया। भजनों और भावपूर्ण वर्णन को सुन कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। कथा समापन पर मुख्य यजमान सोबरन सिंह अरेला, भगवंत सिंह अरेला, राजेश मरैया, दिनेश चंद्र रावत, बृजेश उपाध्याय, योगेश चौबे, राजकुमार बिथरिया, शशिकांत, कृष्णकांत, ब्रजमोहन, पुरुषोत्तम, मोतीराम अरेला, भीमसेन, संतोष, आदित्येन्द्र एवं लोकेंद्र सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भागवत आरती उतारी। इसके बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया।



# हनु-मान के बाद अब महाकाली में दिखेंगे रोहित सराफ

मुंबई आरकेडी स्टूडियोज और फिल्ममेकर प्रशांत वर्मा की फिल्म 'महाकाली' को लेकर उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। 'हनु-मान' की दुनिया के अगले अध्याय 'महाकाली' से अब अभिनेता रोहित सराफ जुड़ गए हैं। यही नहीं, रोहित ने इस फिल्म के लिए हैदराबाद में शूटिंग भी शुरू कर दी है, जिससे फिल्म की कहानी को एक नया मोड़ मिल गया है।

गौरतलब है कि रोहित सराफ के जुड़ने से फिल्म की स्टारकास्ट और मजबूत हो गई है। खासकर नॉर्थ इंडिया में उनकी अच्छी फैन फॉलोइंग है, जो फिल्म को व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचाने में मदद करेगी। हालांकि फिल्म में अक्षय खन्ना और भूमि शेट्टी भी अहम भूमिकाओं में नजर आनेवाले हैं और दोनों कलाकारों के फर्स्ट लुक पहले ही दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर चुके हैं।

फर्स्ट लुक के जरिए उनके दमदार और इंटेंस अंदाज को देखते हुए फिल्म से दर्शकों की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। भव्य स्तर पर बनाई जा रही 'महाकाली' का निर्माण आरके दुग्गल और रिवाज रमेश दुग्गल द्वारा आरकेडी स्टूडियोज़ के बैनर तले किया जा रहा है। यह फिल्म प्रशांत वर्मा की उस सिनेमैटिक यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसे 'हनु-मान' की सफलता के बाद और आगे बढ़ाया जा रहा है। फिलहाल फिल्म की शूटिंग तेजी से आगे बढ़ रही है और इसे आने वाले समय की सबसे बहुप्रतीक्षित पैन-इंडिया फिल्मों में से एक माना जा रहा है।






# सलमान खान के एक आइडिया ने 'रेडी' में मेरे किरदार को बना दिया यादगार

'सेक्रेड गेम्स', 'रेडी, 'गली बॉय' जैसी वेबसीरीज और फिल्मों में काम कर चुकीं बॉलीवुड अभिनेत्री कुब्रा सैत ने 'रेडी' के किरदार को लेकर बात की। अभिनेत्री ने यह भी बताया कि फिल्म में उनके रोल को खास बनाने का आइडिया सुपरस्टार सलमान खान का था। सोमवार को अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपनी बात करती नजर आईं। उन्होंने अपनी पहली फिल्म 'रेडी' मिलने का अनुभव साझा किया। इस फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी ने किया था और इसमें सलमान खान मुख्य भूमिका में थे। कुब्रा ने बताया कि उन्होंने इस रोल के लिए छोटे काले रंग की ड्रेस पहनकर ऑडिशन दिया था और अनीस बज्मी की मंजूरी का इंतजार था। शुरुआत में फिल्म में उनके कोई डायलॉग नहीं थे और उन्हें एक नौकरानी का किरदार मिला था। लेकिन, बाद में सलमान खान ने सुझाव दिया कि उनके किरदार को टूटी-फूटी इंग्लिश बोलने वाली मेड बनाया जाए, जिससे उनका रोल खास बन गया।

अभिनेत्री ने कहा, ''यह वही ऑडिशन था, जिसमें मैंने छोटी ब्लैक ड्रेस पहनी थी और अनीस बज्मी के ऑफिस में उनके 'हां' कहने का इंतजार कर रही थी। इस ऑडिशन में मुझे फिल्म 'रेडी' में एक मेड का रोल मिलने वाला था और मैं इसे लेकर बहुत एक्साइटेड थी। इस फिल्म को करते समय मेरे अंदर बहुत आत्मविश्वास था क्योंकि यह मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव था।'' उन्होंने कहा, ''मैंने इससे पहले कभी फिल्म नहीं की थी।



फिल्म में मेरे लिए कोई डायलॉग नहीं था। फिर सलमान खान ने कहा, 'क्यों न इसे ऐसी मेड बनाया जाए जो टूटी-फूटी भाषा, खासकर टूटी-फूटी इंग्लिश बोलती हो?' अनीस सर को यह आइडिया बहुत पसंद आया और तभी मुझे फिल्म में डायलॉग मिले।''

उन्होंने आगे कहा, ''हर किसी ने मुझसे कहा कि 'रेडी' जैसा रोल करके मैं पागलपन कर रही हूं और बहुत जल्दबाजी दिखा रही हूं। अगर मैंने 'रेडी' नहीं की होती, अगर मैं इतना पागलपन नहीं दिखाती, तो मैं कभी 'कुकू' नहीं बन पाती। कभी 'न' मत कहो। कोई रोल छोटा नहीं होता, सिर्फ अभिनेता छोटे होते हैं। यह जिंदगीभर की सीख है।'



# दूसरों के बारे में बहुत जल्दी राय बना लेते हैं

सैफ अली खान नई फिल्म 'कर्तव्य' में नजर आएंगे, जो ओटीटी पर रिलीज होगी। उन्होंने अपनी नई फिल्म 'कर्तव्य' और पुरानी फिल्म 'ओमकारा' के किरदारों की तुलना पर अपनी राय दी है। जब सैफ से पूछा गया कि पवन सिंह (कर्तव्य) और लंगड़ा त्यागी (ओमकारा) के किरदारों में समानता है या नहीं, तो सैफ ने कहा, 'ओमकारा' की वजह से ही निर्देशक पुलकित को विश्वास हुआ कि वह पवन की भूमिका अच्छे से निभा सकते हैं।' सैफ ने आगे बताया कि 'ओमकारा' फिल्म के बाद लोग उन्हें एक गंभीर अभिनेता के रूप में मानने लगे। यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है मीडिया से बात करते हुए सैफ ने कहा, 'अगर कोई जुड़ाव है तो यह कि लोग सोचते हैं मैं शहर में बड़ा हुआ हूं और थोड़ी अंग्रेजी बोलता हूं। लेकिन पुलकित जैसे निर्देशक ने 'ओमकारा' देखी होगी, इसलिए उन्हें पता है कि मैं अलग-अलग तरह के किरदार निभा सकता हूं। यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है।' उन्होंने आगे कहा कि दोनों किरदारों में सिर्फ बोली की कुछ समानता हो सकती है। सैफ ने आगे कहा, 'हम लोग दूसरों के बारे में बहुत जल्दी राय बना लेते हैं। लोग कहते हैं कि 'यह नहीं कर सकता' या 'वह नहीं कर पाएगा'। इसलिए 'ओमकारा' की वजह से लोग मुझे अब गंभीरता से लेते हैं, इसके लिए विशाल भारद्वाज को बहुत-बहुत धन्यवाद। पुलकित ने 'ओमकारा' देखी और सोचा कि मैं यह भूमिका कर सकता हूं। देसी लहजे को सीखना और समझना बहुत मजेदार है, मुझे इसमें बहुत आनंद आता है।' सैफ अली खान क्राइम थ्रिलर फिल्म 'कर्तव्य' में नजर आएंगे। इस फिल्म को पुलकित ने निर्देशित किया है। इस फिल्म को शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान ने प्रोड्यूस किया है।

# पति पत्नी और वो 2 को लेकर उत्साहित सारा अली खान

अपनी अपकमिंग ड्रामा फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' को लेकर अभिनेत्री सारा अली खान उत्साहित हैं। इस बीच प्रमोशन में जुटी अभिनेत्री आए दिन मजेदार बातें दर्शकों के साथ साझा कर रही हैं। इसी कड़ी में उन्होंने फिल्म में अहम किरदार निभा रहीं अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के किरदार को लेकर मजेदार खुलासा किया। सारा अली का मानना है कि फिल्म का हर एक किरदार खास है, मगर उनकी खासी दिलचस्पी अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के किरदार 'नीलोफर' में थी। आईएएनएस से बातचीत में आयुष्मान खुराना ने सबसे पहले यह राज खोला। जब उनसे पूछा गया कि फिल्म में कई मुख्य किरदार होने पर क्या किसी को दूसरे का रोल ज्यादा पसंद आया, तो आयुष्मान ने बताया कि सारा अली को रकुल प्रीत का किरदार बहुत भाया। उन्होंने कहा कि सारा को लगता है कि नीलोफर के डायलॉग सबसे बेहतरीन हैं। इस पर सारा अली खान ने भी अपनी बात रखते हुए रकुल प्रीत की कॉमिक टाइमिंग की भी खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'मुझे नीलोफर का किरदार बहुत पसंद आया था। स्क्रिप्ट पढ़ते समय ही यह रोल मुझे बहुत अच्छा लगा। लेकिन अब जब मैंने सामने से देखा कि रकुल ने इसे कैसे निभाया है, तो लगता है कि उनके लिए यह रोल बिल्कुल परफेक्ट था। रकुल इतनी मजेदार लग रही हैं कि जो हुआ अच्छे के लिए ही हुआ। अगर कोई दूसरी दुनिया होती तो मैं जरूर नीलोफर का किरदार निभाना चाहती।' इसके साथ ही रकुल प्रीत सिंह ने भी अपने अनुभव साझा किए। आयुष्मान खुराना के साथ पहले भी काम कर चुकीं रकुल ने बताया कि दोस्तों के साथ दोबारा काम करना काफी आसान और मजेदार होता है। इस बार सबसे अलग बात यह रही कि सेट पर बहुत सहजता थी। हमें एक-दूसरे के काम करने के तरीके के बारे में पहले से पता था। इससे काम करना आसान और मस्ती भरा हो जाता है।'



# चिरैया को मिल रही प्रतिक्रिया पर बोलीं दिव्या

अभिनेत्री दिव्या दत्ता इन दिनों वेब सीरीज 'चिरैया' को लेकर वाहवाही बटोर रही हैं। शशांत शाह द्वारा निर्देशित 6-एपिसोड की सीरीज मैरिटल रेप और वैवाहिक दुर्व्यवहार जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर आधारित है। सीरीज जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के बाद से अपनी शानदार कहानी को लेकर वाहवाही बटोर रही है और सभी कलाकारों को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। अभिनेत्री दिव्या दत्ता का कहना है कि यह एक ऐसी सीरीज है, जिससे हर लड़की अपने आपको जोड़ पा रही है। अभिनेत्री ने शनिवार को इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पॉडकास्ट का वीडियो शेयर किया। इसमें वे कहती हैं, 'हर कोई चिरैया देख रहा है। अभी हाल ही में मेरी मुलाकात एक मां से हुई, जिसे चिरैया देखने के बाद अपनी बेटी के ससुराल वालों से बोलने की हिम्मत मिली है।' अभिनेत्री ने उस महिला का वाक्य बताते हुए कहा, 'जहां मैं योगा करने जाती हूं, वहां पर एक महिला मेरे पास आई और बोली कि क्या मैं आपसे कुछ बात कर सकती हूं, तो मैंने सोचा, योगा के बीच में कैसी बातें करें, तो मैंने उसे इंतजार करने के लिए बोला, लेकिन वह इसके तैयार ही नहीं थी। वह मुझसे बात करना चाहती थी।' उन्होंने मुझसे कहा, 'मेरी बेटी को उसके ससुराल वालों ने छोड़ दिया है और मेरे अंदर बेटी के ससुराल वालों से बात करने की हिम्मत नहीं थी। फिर एक दिन मैंने 'चिरैया' देखी और मैं बहुत रोई। उसके बाद मुझे उनका सामना करने की हिम्मत मिली।' दिव्या दत्ता ने कहा, 'सीरीज को लेकर हमें इस तरह की प्रतिक्रिया सुनने को मिल रही है। इसके बाद एहसास होता है कि यही तो है विजुअल मीडिया और एक ऐसी कहानी की ताकत है। अगर कहानी को बेहतरीन ढंग से पेश किया गया जाए तो लोग कहानी से खुद को जोड़ते हैं, तो यह दृश्य को देखकर बहुत अच्छा लगता है।



# अब लोग जानेंगे कि मेरे दिमाग में सच में क्या चलता है



**'बालिका वधू' की छोटी आनंदी बनकर घर-घर पहचान बनाने वाली अविका गौर अब एक बार फिर 'खतरों के खिलाड़ी' के मंच पर लौट रही हैं। लेकिन, इस बार उनकी वापसी सिर्फ एक रियलिटी शो का हिस्सा बनने के लिए नहीं है। सीजन 9 में सबसे पहले बाहर होने के बाद अविका अब अपने डर, अपनी पुरानी छवि और खुद की कमजोरियों से दोबारा भिड़ने जा रही हैं। बातचीत के दौरान अविका ने साफ कहा कि पहले वाली 'सहन करने वाली' लड़की अब बदल चुकी है। अब वह किसी की भी बदतमीजी चुपचाप सहने वालों में से नहीं हैं।**

## मेरे अंदर की बहादुर लड़की को लोगों ने कभी देखा ही नहीं

अविका मानती हैं कि इस बार शो में सबसे बड़ा चैलेंज कोई स्टंट नहीं, बल्कि खुद को बिना किसी पर्दे के लोगों के सामने रखना है। उन्होंने कहा, 'लोगों को ये देखना चाहिए कि उस मासूमियत के साथ मेरे अंदर एक ऐसा हिस्सा भी है जो बहादुर है और मुश्किल चीजों से डरता नहीं है। मैं चुनौतियों से पीछे हटने वालों में से नहीं हूं। मुझे लगता है कि लोगों ने हमेशा मेरा सिर्फ एक ही रूप देखा है। लेकिन अब शायद वो समझ पाएंगे कि मैं मेंटली कितनी मजबूत हूं और मुश्किल हालात को संभाल सकती हूं।'

## मैं हमेशा सोच-समझकर बोलती थी... अब वो रोक हटानी है

इस बार अविका को सबसे ज्यादा डर ऊंचाई या खतरनाक एक्शन से नहीं...बल्कि उन चीजों से लग रहा है जिनका नाम सुनकर भी वह असहज हो जाती हैं। 'मुझे लगता है सबसे ज्यादा तनाव खुद को एक बिल्कुल अलग माहौल में साबित करने का है। रियलिटी शो मेरा जोन कभी नहीं रहे। मैं हमेशा बहुत सावधान रही हूं कि मुझे क्या बोलना चाहिए, कैसे रिएक्ट करना चाहिए ...मेरी छवि कैसी दिखनी चाहिए। मैं हर चीज बहुत सोच-समझकर बोलती हूं। लेकिन रियलिटी शो में आप हर वक्त खुद को रोक नहीं सकते। मुझे लगता है कि उस रोक को हटाना किसी भी स्टंट से ज्यादा मुश्किल है। शायद पहली बार लोग मुझे बिल्कुल असली रूप में देखेंगे।' अविका मानती हैं कि इस बार लोग उनका ऐसा रूप देखने वाले हैं, जिसे उन्होंने वर्षों तक सबसे छिपाकर रखा। 'मैं खुद को बहुत ज्यादा कॉम्पिटिटिव नहीं कहूंगी। ऐसा नहीं है कि मैं प्रतियोगिता के बिना नहीं रह सकती। मुझे मस्ती करना पसंद है। लेकिन अगर मैं किसी प्रतियोगिता का हिस्सा हूं, तो मैं उसे हल्के में भी नहीं लूंगी। मैं पूरी ईमानदारी के साथ मुकाबला करूंगी। मुझे लगता है कि रोहित शेट्टी मेरा बदलाव देखकर हैरान होंगे। क्योंकि जब मैं सीजन 9 में 21 साल की उम्र में गई थी, तब मैं बहुत नासमझ थी। मैं बेवकूफ थी, खुद को लेकर असमंजस में थी और काफी मोटी भी थी... लेकिन अब मैं बहुत अलग हूं। अब मैं खुद को ज्यादा समझती हूं।' शो में जाने से पहले उनके घरवाले भी काफी तनाव में हैं। वजह सिर्फ स्टंट्स नहीं, बल्कि अविका का बदला हुआ स्वभाव भी है। 'मुझे लगता है लोग मेरे असली और बेबाक रूप के लिए बिल्कुल तैयार नहीं हैं। मैंने हमेशा अपने उस रूप को बहुत छिपाकर रखा है। मैं कई चीजें बोलना चाहती थी लेकिन खुद को रोक लेती थी। लेकिन अब मुझे लगता है कि लोगों को ठीक वैसे ही देखना चाहिए कि मेरे दिमाग में क्या चलता है, मैं हालात को कैसे देखती हूं और असल में मैं कैसी हूं।'



## पहले मैं बहुत सहन कर लेती थी... अब बिल्कुल नहीं

'सब लोग एलर्जी और शरीर पर होने वाले रिएक्शन को लेकर बहुत ज्यादा परेशान हैं। वो नहीं चाहते कि पिछली बार जैसा अनुभव दोबारा हो। लेकिन मुझे लगता है कि मेरे माता-पिता इस बात से ज्यादा डरते हैं कि अगर किसी ने गलत व्यवहार किया तो मैं कैसे प्रतिक्रिया दूंगी, क्योंकि पहले मैं बहुत सहन कर लेती थी। मैं बहुत चीजें नजरअंदाज कर देती थी। लेकिन अब मैं किसी की भी बदतमीजी बर्दाश्त नहीं करती। अगर कुछ गलत लगे तो मैं चुप नहीं रह पाती।'

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
21 मई, 2026

## जवाई बांध स्टेशन के विकास की मांग, बड़ी ट्रेनों के ठहराव का मुद्दा उठा

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** उत्तर पश्चिम रेलवे की जयपुर में आयोजित ज़ोनल रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (ज़ेडआरयूसीसी) की बैठक में जवाई बांध रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार एवं प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग उठाई गई। समिति सदस्य महेश जोशी ने रेलवे अधिकारियों के समक्ष स्टेशन के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दे रखे। उन्होंने कहा कि जवाई बांध स्टेशन क्षेत्र के करीब 200 गांवों के लोगों के लिए महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है, लेकिन यहां यात्रियों को कई मूलभूत सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में प्लेटफॉर्म संख्या 1 और 2 के बीच सुरक्षित आवागमन के लिए अंडर ब्रिज निर्माण की मांग भी रखी गई। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन पर वर्तमान में 3 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज मौजूद है तथा 12 मीटर चौड़े नए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जारी है। साथ ही अंडर पास निर्माण की तकनीकी संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है। बैठक में जवाई बांध स्टेशन को हृस्त-5 श्रेणी से उन्नत कर हृस्त-4 श्रेणी में शामिल करने की मांग भी उठाई गई। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे बोर्ड के नियमानुसार आय और यात्री संख्या के आधार पर स्टेशन श्रेणीकरण किया जाता है। इसके अलावा गरीब रथ एक्सप्रेस, अजमेर-मैसूर एक्सप्रेस, जन्मभूमि एक्सप्रेस, तिरुचिरापल्ली हमसफर एक्सप्रेस, चंडीगढ़-बांद्रा एक्सप्रेस एवं भगत की कोठी-बांद्रा एक्सप्रेस सहित कई प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी गई। महेश जोशी ने कहा कि ट्रेनों के ठहराव से क्षेत्र के व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यटन को लाभ मिलेगा।

## गाड़िया लोहार बस्ती में पेयजल संकट दूर, हैंडपंप मरम्मत के बाद सप्लाई सुचारू

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** गाड़िया लोहार बस्ती में पेयजल समस्या को लेकर प्रकाशित समाचार के बाद जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खराब हैंडपंप की मरम्मत कर पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी है। अधीक्षण अभियंता राजकिरण यादव ने बताया कि बस्ती में कुल तीन हैंडपंप स्थापित हैं, जिनमें से दो सही स्थिति में थे जबकि एक खराब था। उक्त हैंडपंप की मरम्मत पूर्व में 29 अप्रैल को कराई गई थी, लेकिन पुनः खराब होने पर विभागीय टीम ने 19 मई को तत्काल मरम्मत कार्य कर सप्लाई बहाल कर दी। वर्तमान में बस्ती में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। वहीं सरमथुरा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने संबंधी समाचार पर विभाग ने स्पष्ट किया कि शहरी जल योजना के तहत नियमित जलापूर्ति की जा रही है। गेन्दापुरा व थाना पम्प हाउस के माध्यम से शहर में विभिन्न उच्च जलाशयों से पेयजल वितरण किया जा रहा है। अधिकांश क्षेत्रों में प्रतिदिन जलापूर्ति हो रही है, जबकि बूस्टिंग सप्लाई वाले इलाकों में 48 घंटे के अंतराल पर पानी दिया जा रहा है। विभाग के अनुसार आंगई बांध से जोरघड़ी फिल्टर प्लांट तक जाने वाली राइजिंग मेन लाइन में लीकेज आने से पिछले दिनों आपूर्ति प्रभावित हुई थी। विभाग ने 16 मई को सभी लीकेज दुरुस्त कर सप्लाई पुनः शुरू कर दी। ग्रीष्मकाल में बढ़ी पानी की मांग को देखते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 11 टैंकरों के माध्यम से अतिरिक्त पेयजल आपूर्ति भी कराई जा रही है। विभाग ने आश्वस्त किया कि आमजन को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगातार आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## जनगणना कार्य में लापरवाही पर तहसीलदार मनियां को कारण बताओ नोटिस

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जनगणना- 2027 के कार्यों में लापरवाही बरतने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने चार्ज जनगणना अधिकारी व तहसीलदार मनियां को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिला कलेक्टर ने बताया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण, चिन्हीकरण और नजरी नक्शा संधारण कार्य 18 मई तक पूरा किया जाना था। उप जिला जनगणना अधिकारी व जिला जनगणना समन्वयक की ओर से 19 मई को किए गए फील्ड निरीक्षण में मनियां क्षेत्र में कई अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में नियुक्त प्रगणक अनुपस्थित पाए गए, वहीं मकान सूचीकरण, चिन्हीकरण और नजरी नक्शा निर्माण कार्य भी संतोषजनक नहीं मिला। प्रशासन के अनुसार चार्ज जनगणना अधिकारी एवं तहसीलदार की ओर से प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का उचित निर्देशन, निरीक्षण एवं फील्ड दौरा नहीं किया जा रहा था, जिससे राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में उदासीनता सामने आई। जिला कलेक्टर ने जनगणना अधिनियम-1948 की धारा 11 तथा राजस्थान सिविल सेवा नियमों के तहत इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## जिलेभर में पुलिस का पैदल गश्त अभियान, आमजन में भरोसा और बदमाशों में डर का संदेश



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिलेभर में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विशेष पैदल गश्त अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी किशोर कुमार के सुपरविजन में सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमें लगातार सक्रिय हैं। इसी क्रम में मंगलवार देर शाम जिले के सभी थानाधिकारियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के मुख्य बाजारों, शहरों और कस्बों में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान पुलिस टीमों ने प्रमुख बाजारों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से गश्त की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम करना और असामाजिक तत्वों एवं अपराधियों में भय उत्पन्न करना है। गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों एवं आम नागरिकों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा संबंधी जानकारी दी तथा अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। पुलिस के इस अभियान से बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत दिखाई दी तथा लोगों ने भी पुलिस की सक्रियता की सराहना की।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# ओवर लोड वाहनों का अधिक से अधिक चालान किया जाना करें सुनिश्चित : जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा यातायात नियमों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा आमजन के जीवन से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर वहां आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र करवाने, चेतावनी संकेतक एवं स्पीड ब्रेकर लगाने तथा सड़कों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर एनएचएआई समेत सभी



संबंधित विभाग किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले ओवर लोड वाहनों का अधिक से अधिक चालान किया जाना सुनिश्चित करें। सभी वाहनों पर नम्बर प्लेट लगी होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज के पास आमजनों का आना-जाना लगा रहता है। जिससे वहां पर दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है। इसके लिए मेडिकल कॉलेज के पास स्पीड ब्रेकर बनाया जाना सुनिश्चित करें। जिससे वहां से गुजरने वाले वाहनों की स्पीड को कम किया जा सकेगा।

### ब्लैक स्पॉट पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश:

जिला कलक्टर ने एनएचएआई अधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित ब्लैक स्पॉट्स को चिह्नित कर वहां संकेतक बोर्ड, रंबल स्ट्रिप्स, स्पीड ब्रेकर और गति सीमा निर्धारण जैसे उपाय तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं की आशंका वाले क्षेत्रों में साइनेज लगाया जाए। उन्होंने सुनीपुर में हाईमास्ट लाइन लगाने के निर्देश दिए। जिससे वहां पर रात्रि के समय आने-जाने वाले वाहनों को दिखने में आसानी होगी। उन्होंने ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आई-रैड पोर्टल पर दर्ज डाटा का गहन विश्लेषण किया जाना चाहिए। इससे दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान कर प्रभावी निवारक कदम उठाए जा सकते हैं। उन्होंने सभी विभागों से आई-रैड पर सटीक व समयबद्ध डेटा अपलोड करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने नगर परिषद को निर्देशित किया कि शहर की सड़कों पर बने गड्ढों की मरम्मत तत्काल कराई जाए और नालियों की सफाई भी नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए। शहर में खुले नालों पर फैरो कवर लगाने के निर्देश दिए। एनएचएआई के अधिकारी को एनएच 44 की सर्विस रोड को सीमेंटेड करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में अवैध रूप से रोड़ पर खड़े हुए वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने शहर में ज्यादा ट्रेफिक से होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्य बाजारों में सर्वे कर वन वे बनाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिससे आमजन को राहत प्रदान की जा सके। सड़क पर खड़े ठेले और वेंडर्स को पीछे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समयबद्धता और समन्वय के साथ कार्य करें। यातायात प्रबंधन में बेहतर रणनीति और तालमेल के साथ योगदान दें। बैठक के दौरान जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा इलाज पहले, भुगतान बाद में पोस्टर का विमोचन किया गया। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता मधुसूदन राव, जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव, एनएचएआई के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## चंबल बजरी के अवैध खनन पर पुलिस का शिकंजा

### ड्रोन निगरानी के साथ चला सघन अभियान



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में प्रतिबंधित चंबल बजरी के अवैध खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए पुलिस प्रशासन ने सघन अभियान शुरू किया है। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा एवं एडीएफ बाड़ी श्रवण झोरड़ के सुपरविजन में जिलेभर में लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत सरमथुरा से लेकर राजाखेड़ा तक चंबल नदी क्षेत्र के संवेदनशील घाटों और संभावित अवैध खनन स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस टीमों की ओर से नियमित गश्त, आकस्मिक निरीक्षण और निगरानी गतिविधियां तेज कर दी गई हैं, ताकि अवैध खनन और परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। पुलिस प्रशासन ने अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया है। चंबल नदी क्षेत्र के प्रमुख घाटों और दुर्गम इलाकों में ड्रोन कैमरों के जरिए लगातार निगरानी की जा रही है। ड्रोन सर्विलांस के माध्यम से अवैध खनन गतिविधियों, संदिग्ध गतिविधियों और परिवहन मार्गों पर पैनी नजर रखी जा रही है, जिससे त्वरित कार्रवाई संभव हो रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन व परिवहन में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजन से भी अपील की गई है कि अवैध खनन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत पुलिस को दें। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखकर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ।

## मनियां में धड़ल्ले से चल रहीं अवैध आरा मशीनें, हरे पेड़ों की कटाई से उजड़ रही हरियाली

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर जिले के मनियां कस्बे में अवैध आरा मशीनों के संचालन और हरे पेड़ों की कटाई का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि थाना और वन चौकी से चंद कदमों की दूरी पर ही अवैध लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दिन-रात आरा मशीनों तक पहुंच रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं। क्षेत्र में संचालित वैध और अवैध आरा मशीनों पर प्रतिदिन बड़ी मात्रा में हरी लकड़ियां खपाई जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चोरी-छिपे पेड़ों की कटाई कर लकड़ियों को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में तिरपाल ढंककर लाया जाता है। दिन में कई मशीनें बंद दिखाई देती हैं, जबकि रात के समय चोरी-छिपे संचालन किया जाता है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि वन विभाग और पुलिस प्रशासन की अनदेखी के चलते लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। पूर्व में प्रशासन द्वारा आरा मशीनें बंद कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन कुछ दिन कार्रवाई का दिखावा करने के बाद फिर से मशीनों का संचालन



शुरू हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार पेड़ों की कटाई से पूरा मनियां क्षेत्र हरियाली विहीन होता जा रहा है। सड़कों किनारे और खेतों की मेड़ों पर जहां पहले घने पेड़ नजर आते थे, वहां अब सूना दृश्य दिखाई देता है। पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर अवैध कटाई से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। लोगों ने प्रशासन से अवैध आरा मशीनों और लकड़ी माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए क्षेत्र में हरियाली बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की अपील की है।

## मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने विमानन मंत्री, विमानन राज्य मंत्री व राज्य के नागरिक उड्डयन मंत्री को लिखा पत्र

**जालोर(निस)।** राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने भारत सरकार के विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल व राज्य के नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम कुमार को पत्र लिखकर हवाई पट्टी नून के विकास एवं विस्तार तथा नियमित हवाई सेवा प्रारंभ करवाने की मांग रखी है। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने पत्र के माध्यम से अवगत करवाया है कि जालोर मुख्यालय से लगभग 35 किमी की दूरी पर स्थित नून हवाई पट्टी कई वर्षों से क्रियाशील है किन्तु नियमित हवाई सेवा प्रारंभ नहीं हुई है। जालोर एवं इसके आस-पास के क्षेत्र यथा-सांचोर, सायला, रानीवाड़ा, भीनमाल, आहोर, सुमेरपुर, सिवाना व सिरोही इत्यादि में बड़ी संख्या में प्रवासी बन्धु है। नून हवाई पट्टी पर नियमित हवाई सेवा चालू होने से प्रवासी बन्धुओं को आवागमन में भारी सुविधा होगी, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा व साथ ही पूरा क्षेत्र सामाजिक और आर्थिक तौर पर समृद्ध होगा। नून हवाई पट्टी के विकास के लिए आस-पास पर्याप्त राजकीय भूमि उपलब्ध है तथा हवाई सेवाएँ प्रारंभ किए जाने के लिए समुचित यात्री संख्या भी है। उन्होंने अनुरोध किया है कि नून हवाई पट्टी के आधारभूत संरचना का विकास एवं नियमित हवाई सेवाएँ प्रारंभ कराए।

## ओवरलोड ऑटो बने हादसों का कारण, नियमों की खुलेआम उड़ रही धज्जियां

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर जिले के मनियां उपखंड क्षेत्र में ओवरलोड ऑटो रिक्शाओं का संचालन लोगों की जान पर भारी पड़ रहा है। नेशनल हाईवे-44 पर ऑटो चालक नियमों को ताक पर रखकर क्षमता से कई गुना अधिक सवारियां बैठाकर खुलेआम दौड़ रहे हैं, लेकिन पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं।



स्थानीय लोगों के अनुसार ऑटो चालक तीन सवारी की अनुमति होने के बावजूद 7 से 12 तक यात्रियों को बैठाकर सफर करवा रहे हैं। चालक आगे की सीट पर भी सवारियां बैठा रहे हैं, जबकि इस पर रोक लगी हुई है। कई ऑटो में पीछे की सीटों के साथ अंतिम हिस्से में भी ठूंस-ठूंसकर यात्रियों को बैठाया जा रहा है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि सुआ का बाग से लेकर तोर तक हाईवे पर कई सड़क हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद न तो ऑटो चालकों में सुधार दिखाई दे रहा है और न ही जिम्मेदार विभाग सख्ती बरत रहा है। कुछ समय पहले धौलपुर सदर थाना क्षेत्र में हुई भीषण ऑटो दुर्घटना में कई लोगों की मौत के बाद अभियान चलाया गया था, लेकिन अब फिर से पुराने हालात लौट आए हैं। आरोप है कि ऑटो चालक बीच सड़क पर वाहन खड़े कर सवारियां भरते हैं, जिससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। धौलपुर, सखवारा, बसई नबाव, मांगरोल, मरैना और सैयां रूट पर बड़ी संख्या में ओवरलोड ऑटो दौड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस और परिवहन विभाग पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि दिनभर विभागीय वाहन हाईवे से गुजरते हैं, लेकिन नियमों का उल्लंघन कर रहे ऑटो चालकों पर कार्रवाई नहीं की जाती। लोगों ने प्रशासन से ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## गोपेश्वरी गौशाला व उपचारशाला का उद्घाटन आज

**विराटनगर(निस)।** गोपेश्वरी गौशाला व उपचारशाला ठीकरिया के भव्य उद्घाटन समारोह के उपलक्ष्य में गुरुवार को 'एक शाम गौ माता के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 6 बजे से प्रभु इच्छा तक आयोजित होगा।आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन सायं 6:15 बजे तथा सत्संग का शुभारंभ सायं 7:15 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य भजन सम्राट गौऋषि तपस्वी संत प्रकाश दास महाराज किंडाव, निवाई टोंक की विशेष उपस्थिति रहेगी।


**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR.**

**No. NIT/2026-27/ 2346-66 निविदा सूचना / 2026-27 Date:20.05.2026**

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रु.) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| Additional works of Auditorium Building at UOK, Kota. UBN- RRC2627WSOB00172 | 126.31 Lakh | अल्पकालीन ई-101 / 26-27 |
| Construction of Road on Bali-Pindwara Road. UBN- RRC2627WSOB00164 | 130.63 Lakh | |
| Installation of Fire Tank at ASJP Medical College, Bharatpur. UBN- RRC2627WSOB00173 | 22.48 Lakh | |
| Remaining work of Late Sh. Hari Singh Mahuwa Sports Stadium at Khedla Bujrug, Dausa. UBN- RRC2627WSOB00169 | 22.48 Lakh | ई-105/ 26-27 |
| Internal Electrification work in Dr. Resident Hostel at Medical College, Baran UBN- RRC2627WSOB00175 | 97.49 Lakh | |
| Electrical work in Construction of Bus Depot at Kekri, Ajmer UBN- RRC2627WSOB00177 | 32.12 Lakh | |
| Construction of Boundary wall at ITI Building at Khamnor District Rajsamand. UBN- RRC2627WSOB00168 | 21.95 Lakh | |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईटः http// eproc.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.nic.in तथा http// pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

**महाप्रबंधक**


### एनएच-44 पर टूटे डिवाइडर से बढ़ा हादसों का खतरा

## जान जोखिम में डालकर निकल रहे हाथठेले व बाइक चालक

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर जिले के मनियां क्षेत्र से गुजर रहे नेशनल हाईवे-44 पर टूटे डिवाइडर सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं। हाईवे पर जगह-जगह क्षतिग्रस्त डिवाइडरों के बीच से हाथठेले वाले और मोटरसाइकिल चालक निकल रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब 15 दिनों से हाईवे पर डिवाइडर टूटे पड़े हैं। इसके बावजूद मरम्मत नहीं होने से लोग अस्थायी रास्ता बनाकर आवागमन कर रहे हैं। तेज रफ्तार वाहनों के बीच इस तरह सड़क पार करना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि एनएचएआई के पेट्रोलिंग वाहन दिनभर हाईवे से गुजरते हैं, लेकिन टूटे डिवाइडरों की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। कुछ समय पहले ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए तैनात होमगार्ड कर्मी भी अब नजर नहीं आ रहे, जिससे यातायात



व्यवस्था प्रभावित हो रही है। हाईवे पर वाहनों की रफ्तार 80 से 100 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रहती है। ऐसे में अचानक डिवाइडर के बीच से हाथठेले या बाइक निकलने पर गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई स्थानों पर हाथठेले वालों की ओर से डिवाइडर को और अधिक तोड़कर रास्ता बनाया गया है, जिससे जाम और अव्यवस्था की स्थिति पैदा हो रही है। स्थानीय लोगों ने एनएचएआई और प्रशासन से क्षतिग्रस्त डिवाइडरों की तत्काल मरम्मत कराने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सके।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
21 मई, 2026


## रतनगढ़ फायरिंग कांड में जयपुर के दो युवक गिरफ्तार

### शूटर्स को दिया था सहयोग

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर में कांग्रेस नेता राजकुमार बबेरवाल के घर हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्लानिंग में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। सीआई गौरव खिड़िया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जयपुर जिले के रेनवाल मांझी निवासी 21 वर्षीय मोनू चौधरी एवं 19 वर्षीय अनीश गुर्जर के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों युवक रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण गैंग के संपर्क में थे। पुलिस के अनुसार कांग्रेस नेता राजकुमार बबेरवाल के घर हुई फायरिंग की पूरी प्लानिंग में दोनों आरोपियों की अहम भूमिका रही। साथ ही पंजाब से आए शूटर्स हरदीत सिंह और रोहित को भी इन युवकों की ओर से सहयोग उपलब्ध कराया गया था। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है और मामले में अन्य आरोपियों और गैंग से जुड़े नेटवर्क के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का मानना है कि पूछताछ में कई अहम खुलासे हो सकते हैं

## फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा, कलेक्टर ने दिए अपेक्षित प्रगति के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक जिला कलक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को प्रदान करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जिला रसद अधिकारी प्रथम प्रियव्रत सिंह चारण को निर्देशित किया कि वे पात्र नवीन परिवारों को एनएफएसए से लाभान्वित करने के लिए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने लाडो प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आने वाले प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के अंतर्गत जिले में सूखे बोरवेलों को रिचार्ज करने, जलभराव वाले क्षेत्रों में बोर कर वाटर रिचार्ज जैसे जल संचय एवं जल संरक्षण से संबंधित कार्य करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ प्रदान करने के लिए भी उन्होंने निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस दौरान कुसुम योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं शहरी, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, अटल प्रगति पथ सहित अन्य फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिला परिषद् की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर शहर उत्तर मुकेश कुमार मूण्ड, अतिरिक्त जिला कलक्टर तृतीय देवयान, सीपीओ डॉ. सुदीप कुमावत सहित संबंधित जिलास्तरीय विभागीय अधिकारी व्यक्तिगत एवं वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के लिए अगले सप्ताह खुलेगा पोर्टल



### 5 जून को जयपुर से सोमनाथ-द्वारका के लिए रवाना होगी विशेष ट्रेन, 56 हजार बुजुर्गों को मिलेगा लाभ

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान सरकार की 'वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2026-27' के तहत वरिष्ठजनों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया अगले सप्ताह शुरू होगी। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में विभागीय पोर्टल 15 दिनों के लिए खोलने के निर्देश दिए गए। इस वर्ष योजना के तहत प्रदेश के 56 हजार वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। इनमें 50 हजार यात्रियों को ट्रेन तथा 6 हजार को हवाई यात्रा का लाभ मिलेगा। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा के साथ 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा' की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। इसके तहत 5 जून 2026 को जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से विशेष धार्मिक पर्यटक ट्रेन रवाना होगी। इस ट्रेन से करीब 1000 वरिष्ठजन सोमनाथ, द्वारका और नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करेंगे। देवस्थान मंत्री ने बताया कि ट्रेन में 14 वातानुकूलित कोच, 2 पावर कार और 1 पैंट्री कार लगाई जाएगी। यात्रियों के लिए भोजन, होटल में ठहरने, स्थानीय परिवहन और दर्शनीय स्थलों के भ्रमण की समुचित व्यवस्था की जाएगी। यात्रा के दौरान प्रत्येक कोच में दो अनुदेशक, एक ट्रेन प्रभारी, एक डॉक्टर और दो नर्सिंग कर्मचारी भी तैनात रहेंगे। यात्रा कार्यक्रम के अनुसार ट्रेन 6 जून को सोमनाथ पहुंचेगी, जहां श्रद्धालुओं को स्थानीय धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे। इसके बाद 7 जून की रात द्वारका के लिए प्रस्थान होगा। 8 जून को द्वारकाधीश मंदिर सहित प्रमुख स्थलों के दर्शन के बाद 9 जून की शाम ट्रेन जयपुर के लिए रवाना होगी और 10 जून को वापस जयपुर पहुंचेगी। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि प्रदेश सरकार वरिष्ठ नागरिकों की आध्यात्मिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सरल और सुगम हो, ताकि बुजुर्गों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही यात्रा व्यवस्थाओं को सुरक्षित, आरामदायक और त्रुटिरहित बनाने के निर्देश भी दिए। बैठक में शासन सचिव शुचि त्यागी, अतिरिक्त आयुक्त गितेश मालवीय, सहायक आयुक्त रतनलाल योगी, महेंद्र देवतवाल सहित प्रदेशभर के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

## अभिभाषक संघ पर फिजूलखर्ची के लगे आरोप, वकीलों ने की नारेबाजी

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अभिभाषक संघ के कुछ सदस्य वकीलों ने अभिभाषक संघ सुजानगढ़ बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया है और फिजूलखर्ची के आरोप लगाते हुए अभिभाषक संघ के अध्यक्ष के खिलाफ दिनभर धरना भी दिया। धरने पर अभिभाषक संघ की ओर से सामूहिक भोज आयोजित करने के प्रस्ताव को फिजूलखर्ची बताया गया और इसको लेकर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भोजन के कार्यक्रम को रद्द करने की मांग की गई। पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि एक तरफ जहां देश के प्रधानमंत्री खाने का तेल, रसोई गैस और पेट्रोल डीजल बचाने की अपील जनता से कर रहे हैं। वहीं अभिभाषक संघ की ओर से सामूहिक भोज का आयोजन करना फिजूलखर्ची है, जिस पर रोक लगनी चाहिए। एडवोकेट करणीदान चारण ने कहा कि जब स्थापना दिवस बार संघ का आता है, तब वकीलों के अनुरोध के बावजूद भी सामूहिक भोजन आयोजित करने की बात पर फंड की कमी का हवाला दिया जाता है। जबकि बात विदाई और पार्टी की हो तो, सामूहिक भोजन किया जा रहा है, जिसकी हम लोग खिलाफत करते हैं। उन्होंने कहा कि अभिभाषक संघ की फिजूलखर्ची के खिलाफ धरना जारी रहेगा। वहीं धरने पर वकीलों ने नारेबाजी की। धरनार्थियों से वार्ता करने के लिए वकीलों की मीटिंग भी आयोजित की गई, जिसमें कोई आम सहमति धरनार्थियों और अभिभाषक संघ के अध्यक्ष के बीच तैयार नहीं हो सकी, जिसके कारण कुछ वकील फिर से धरने पर बैठ गए। धरने पर अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप कठातला, रजाक खान, दशरथसिंह राठौड़, अक्षय शर्मा, विमल दाधीच, बाबूलाल कीलका, नरेश सिंवर, रजमान मणिहार, हनुमान मल प्रजापत, राजेंद्र सोनी सहित अनेक वकील बैठे और फिजूलखर्ची के खिलाफ नारेबाजी की। दूसरी ओर इस बारे में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट सूरजमल यादव से बात करने पर उन्होंने बताया कि संघ में प्रस्ताव लेकर ही भोजन रखा गया है, अब कुछ लोग अगर व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए विरोध कर रहे हैं, तो हम लोग बाकी के 98 प्रतिशत वकीलों की सहमति और इच्छा का अनादर नहीं कर सकते। सूरजमल यादव ने कहा कि वार्ता में सब प्रकार से धरनार्थियों को मनाने का प्रयास किया गया, लेकिन अगर किसी को जिद ही करनी है, तो कोई समाधान नहीं निकल सकता। सभी सीनियर वकीलों और अभिभाषक संघ की सहमति से ही भोजन का आयोजन किया गया है। वहीं अभिभाषक संघ के सचिव एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया ने कहा कि फिजूलखर्ची के सारे आरोप निराधार हैं। क्योंकि अभिभाषक संघ में फंड की कोई कमी नहीं है, अधिकारियों के सम्मान में ऐसे आयोजन होते रहे हैं और इससे बार की गरिमा भी बनी रहती है। जहां तक स्थापना दिवस पर भोजन की बात है, तो ऐसी परम्परा नहीं रही है, वरना आयोजन तो हो सकता है। अगर अभिभाषक संघ में ऐसा प्रस्ताव लिया जायेगा, तो भविष्य में स्थापना दिवस पर भी ऐसे आयोजन हो सकते हैं।

## 22 लाख का नाला या भ्रष्टाचार की बहती धारा चार दिन में टूटा निर्माण, पार्षदों ने खोला मोर्चा

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** कस्बे के दुंकर रोड पर नगरपालिका की ओर से करवाए जा रहे नाला निर्माण कार्य पर अब गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री उपयोग करने और भारी अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए बुधवार को निवर्तमान पार्षदों ने अधिशासी अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। ज्ञापन जेईएन मुकेश स्वामी को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि दुंकर रोड पर हनुमान खाती के घर से नोखा-सीकर रोड बस स्टैंड तक करीब 22.23 लाख रुपए की लागत से नाला निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। यह कार्य सुजानगढ़ की श्रीराम कंस्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा किया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य अभी अधूरा ही है, लेकिन जगह-जगह से नाला टूटने और क्षतिग्रस्त होने लगा है।

निवर्तमान पार्षदों ने आरोप लगाया कि निर्माण में गुणवत्ता मानकों की खुली अनदेखी की जा रही है। नाले में निम्न स्तर की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है तथा दोनों तरफ प्लास्टर करने के बजाय केवल एक ओर प्लास्टर कर औपचारिकता निभाई जा रही है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य शुरू होने के महज चार दिन बाद ही नाले के हिस्से टूटने लगे, जिससे कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

पार्षदों ने कहा कि यदि समय रहते निर्माण कार्य की जांच नहीं करवाई गई तो लाखों रुपए की सरकारी राशि व्यर्थ चली जाएगी और आम जनता को परेशानी उठानी पड़ेगी। उन्होंने संबंधित ठेकेदार एवं निर्माण कम्पनी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तकनीकी जांच करवाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान निवर्तमान पार्षद बाबूलाल करड़वाल, शिशपाल सिंह और सुखपाल प्रजापत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जनगणना 2026 की स्वगणना में जयपुर प्रदेश में अव्वल, 3.25 लाख से अधिक प्रविष्टियां दर्ज

### मुख्य सचिव ने कलेक्टर संदेश नायक और निगम आयुक्त ओम कसेरा को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** जनगणना संचालन 2026 के तहत चलाए जा रहे स्वगणना अभियान में जयपुर जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। जिले में अब तक 3.25 लाख से अधिक स्वगणना दर्ज की जा चुकी हैं, जो राजस्थान की कुल स्वगणना उपलब्धि का लगभग 22 प्रतिशत हिस्सा है। जिला प्रशासन की सक्रियता, प्रभावी जनजागरूकता अभियान और जनगणना कार्मिकों की मेहनत के चलते जयपुर जिले ने यह उपलब्धि हासिल की है। प्रशासन द्वारा आमजन को स्वगणना के लिए प्रेरित करने हेतु लगातार प्रचार-प्रसार, जनसंपर्क एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं, जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिला। स्वगणना अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने जिला कलेक्टर संदेश नायक एवं नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा को सम्मानित किया। दोनों अधिकारी जयपुर जिले के प्रधान जनगणना अधिकारी के रूप में इस अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं।जिला प्रशासन ने कहा कि जनगणना 2026 को सफल बनाने के लिए आगे भी आमजन की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता एवं सुविधा गतिविधियां निरंतर जारी रखी जाएंगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे टीमवर्क, जनसहभागिता और तकनीकी दक्षता का परिणाम बताते हुए कहा कि जयपुर जिले का यह प्रदर्शन पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायी है।

## आंगनबाड़ी बच्चों के लिए 'न्यूट्री पुलाव' होगा नया पौष्टिक विकल्प

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया स्वाद परीक्षण, विभाग को दिए आवश्यक निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** उपमुख्यमंत्री व महिला व बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को सचिवालय में आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार की गुणवत्ता को लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) की ओर से प्रस्तुत न्यूट्री पुलाव प्रीमिक्स रेसिपी का स्वाद परीक्षण किया। कॉन्फेड के माध्यम से तैयार किए गए इस न्यूट्री पुलाव प्रीमिक्स को वर्तमान में दिए जा रहे उपमा प्रीमिक्स के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया गया। स्वाद परीक्षण के बाद उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की पृष्ठभूमि और बच्चों के स्वाद को देखते हुए न्यूट्री पुलाव अधिक उपयुक्त एवं स्वादिष्ट प्रतीत होता है। दिया कुमारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर आंगनबाड़ियों में बच्चों को न्यूट्री पुलाव उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट आहार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उपमुख्यमंत्री ने कॉन्फेड को यह भी निर्देश दिए कि वर्तमान में आंगनबाड़ियों में नाश्ते के रूप में दिए जा रहे मुरमुरे के स्थान पर भी निर्धारित बजट के भीतर बेहतर व अधिक पौष्टिक विकल्प तैयार कर प्रस्तुत किए जाएं। सरकार की इस पहल से आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को अधिक पौष्टिक व स्वादानुकूल भोजन उपलब्ध होने की उम्मीद जताई जा रही है।

मुख्य सचिव ने ली प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी आपूर्ति की समीक्षा बैठक

## पेट्रोल, डीजल व एलपीजी के पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध, चिंतित होने की जरूरत नहीं: मुख्य सचिव

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** राज्य में पेट्रोल, डीजल व एलपीजी की आपूर्ति पर मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने बुधवार को सचिवालय में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्य सचिव ने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा आमजन को किसी भी प्रकार की घबराहट में आकर अनावश्यक खरीदारी करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है।राजस्थान देश की प्रमुख पाइपलाइन नेटवर्क प्रणाली से जुड़ा हुआ राज्य है, जिसके माध्यम से पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की नियमित आपूर्ति निरंतर जारी है। केंद्र सरकार द्वारा भी राज्य को आश्वस्त किया गया है कि भविष्य में भी आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव ने राज्य में कार्यरत तेल एवं गैस कंपनियों को निर्देशित किया कि जिला-वार पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की उपलब्धता एवं वितरण का डेटा प्रतिदिन जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर उपलब्ध स्टॉक एवं वितरण व्यवस्था की दैनिक समीक्षा की जाएगी, जिससे किसी भी प्रकार की अफवाह या कृत्रिम कमी की स्थिति उत्पन्न न हो सके। मुख्य सचिव ने पेट्रोल एवं डीजल की ड्रमों में बल्क ओपन बिक्री पर भी सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से ईंधन की बिक्री एवं संभावित लीकेज को रोकने के लिए निगरानी तंत्र को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि आमजन अफवाहों पर ध्यान न दे और पैनिक बाइंग ना करें ताकि पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद आपूर्ति श्रृंखला पर दवाब की स्थिति ना बने। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के सचिव श्री अम्बरीष कुमार ने कहा कि विभागीय स्तर से प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की किसी भी प्रकार की अवैध बिक्री रोकने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। बैठक में बीपीसीएल, आईओसीएल, एचपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी, प्रदेश में ईंधन एवं गैस सप्लाई करने वाली निजी कंपनियों के प्रतिनिधि, पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलक्टर ने की बजट घोषणाओं की समीक्षा, लंबित घोषणाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 व 2026-27 की लंबित बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक जिला कलक्टर संदेश नायक ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में की। उन्होंने बजट घोषणाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने वाले विभागीय अधिकारियों की प्रशंसा करने के साथ-साथ जिन विभागीय अधिकारियों की ओर से उक्त बजट घोषणाओं को पूर्ण नहीं किया गया है उन्हें शीघ्र बजट घोषणाओं की पूर्ति करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने एक से अधिक विभागों की बजट घोषणाओं के संबंध में आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए उन्हें पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। जिला कलक्टर ने उक्त बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक भूमि आवंटन के संबंध में भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए हैं। इस दौरान बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा आदि से संबंधित बजट घोषणाओं की जानकारी के संबंध में विभागीय अधिकारियों ने व्यक्तिगत व वीसी के माध्यम से जिला कलक्टर को अवगत करवाया।

## पेट्रोल पंपों पर बड़ा खुलासा: 60 पंपों पर कम निकला तेल, 103 नोजल सीज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** प्रदेशभर में आम उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के लिए उपभोक्ता मामले विभाग ने बड़ा औचक निरीक्षण अभियान चलाते हुए पेट्रोल पंपों पर व्यापक कार्रवाई की है। 5 मई से 18 मई तक चले इस अभियान में 20 जिलों के 226 पेट्रोल पंपों की जांच की गई, जिनमें से 60 पेट्रोल पंपों पर शॉर्ट डिलीवरी यानी कम पेट्रोल-डीजल देने के मामले सामने आए। विभाग ने कार्रवाई करते हुए 103 नोजल सीज कर दिए। उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा के निर्देश पर गठित 23 जांच दलों ने प्रदेशभर में यह कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि कुछ पेट्रोल पंप उपभोक्ताओं को प्रति 5 लीटर में 30 मिली से लेकर 120 मिली तक कम ईंधन दे रहे थे। विभाग के अनुसार इससे उपभोक्ताओं को प्रतिदिन करीब 211 लीटर ईंधन कम दिया जा रहा था, जिसकी कीमत लगभग 21 हजार रुपए प्रतिदिन बैठती है। मासिक स्तर पर यह आंकड़ा 6.35 लाख रुपए तक पहुंच रहा था। जांच के दौरान 110 पेट्रोल पंपों के खिलाफ विधिक माप विज्ञान अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 2.21 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया। केवल शॉर्ट डिलीवरी के मामलों में ही 1.53 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

## प्रोबेशनर आईएएस अधिकारियों ने जाना स्मार्ट पुलिसिंग का मॉडल

### डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के साथ संवाद, साइबर क्राइम व कानून व्यवस्था पर मिली अहम जानकारी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** पुलिस मुख्यालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में बुधवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के प्रोबेशनर अधिकारियों के दल ने आधिकारिक भ्रमण किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित इस दौरे में युवा अधिकारियों को पुलिसिंग व्यवस्था, कानून-व्यवस्था प्रबंधन और प्रशासन-पुलिस समन्वय की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के साथ विशेष संवाद सत्र आयोजित हुआ। डीजीपी ने कहा कि फील्ड में प्रभावी प्रशासनिक नेतृत्व के लिए पुलिस एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने में टीमवर्क और संवेदनशीलता के महत्व से अवगत कराया। महानिदेशक पुलिस स्पेशल ऑपरेशन्स आनंद कुमार श्रीवास्तव ने जिला स्तर पर जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त भूमिका पर व्याख्यान दिया। वहीं डीजीपी प्रशिक्षण एवं यातायात अनिल पालीवाल ने सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कार्मिक बीजू जॉर्ज जोसेफ ने राजस्थान पुलिस की संरचना एवं प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रस्तुतीकरण दिया। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के आईजी विकास कुमार ने मादक पदार्थों की रोकथाम और एनसीओआरडी समिति की भूमिका पर प्रकाश डाला। साइबर अपराधों पर आयोजित सत्र में डीआईजी साइबर क्राइम शांतनु कुमार सिंह ने डिजिटल ठगी और साइबर सुरक्षा से जुड़े पहलुओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने 1930 साइबर कंट्रोल रूम का दौरा कर ऑनलाइन ठगी के मामलों में की जाने वाली त्वरित कार्रवाई को भी करीब से देखा। डीआईजी सिविल राइट्स श्वेता धनखड़ ने महिला, बच्चों एवं कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए संचालित विशेष योजनाओं की जानकारी दी। भ्रमण के अंतिम चरण में प्रोबेशनर अधिकारियों ने जयपुर कमिश्नरेट स्थित अत्याधुनिक अभय कमांड सेंटर का अवलोकन किया। जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने सीसीटीवी सर्विलांस, ई-चालान एवं इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन करते हुए स्मार्ट पुलिसिंग मॉडल से परिचित कराया।


स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## वोल्टेज के उतार-चढ़ाव से बिजली उपकरण फूंकने से लोगों में आक्रोश

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** नगरपालिका मंडल के वार्ड संख्या 28 में लंबे समय से चल रही कम-ज्यादा वोल्टेज की समस्या से वार्ड वासी बेहद परेशान हैं। आए दिन होने वाले वोल्टेज के इस उतार-चढ़ाव के कारण नागरिकों के टीवी, फ्रिज, पंखे, कूलर और आरओ जैसे कीमती बिजली उपकरण जल रहे हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वार्ड के निवर्तमान पार्षद नंदकिशोर भार्गव ने इस गंभीर समस्या को लेकर जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जो.वि.वि.नि.लि.) के अधिशाषी अभियंता को पत्र सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। भार्गव ने बताया कि इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए वार्ड में उचित स्थानों पर कम से कम दो नए 300 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए जाने बेहद जरूरी हैं। इसके साथ ही उन्होंने विभाग की कार्यप्रणाली पर भी रोष जताया है। निवर्तमान पार्षद के अनुसार, इससे पूर्व 21 अप्रैल 2026 को भी विभाग को पत्र भेजकर वार्ड की करीब 750 मीटर खराब हो चुकी विद्युत केबल को बदलने का आग्रह किया गया था, लेकिन विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते अब तक उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वार्ड वासियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि नागरिकों को हो रही इस मानसिक और आर्थिक परेशानी से राहत दिलाने के लिए जल्द से जल्द नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएं और जर्जर केबल को बदला जाए, अन्यथा उन्हें मजबूरन आंदोलन का रास्ता चुनना पड़ेगा।

## कच्चे झोपड़े में लगी आग, क्विंटलों पशु चारा जलकर राख

जयपुर टाइम्स



**छापर(निस)।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच आगजनी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। बुधवार को कस्बे के वार्ड नंबर 25 स्थित एक मकान में बने कच्चे झोपड़े में अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार श्रवणराम सिहाग के घर परिसर में बने कच्चे झोपड़े से अचानक धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने पूरे झोपड़े को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही पालिका की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायरमैन महिपाल सिंह व मुकेश कुमार सुंडा ने बताया कि आग लगने से झोपड़े में रखा क्विंटलों पशु चारा जलकर राख हो गया। हालांकि समय रहते आग पर नियंत्रण पा लेने से बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

## युवा टीम की सराहनीय पहल सेवा कार्यों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव राजासर बीकान में गांव की युवा टीम हर दिन नई गतिविधि के तहत हर दिन विशेष सेवा कार्यों के तहत गांव में युवा टीम की ओर से ओम प्रकाश सुथार के नेतृत्व में गांव की चौपाल, बस स्टैंड पर साफ सफाई करते हुए राहगीरों के लिए गर्मी को देखते हुए ठंडे पानी की व्यवस्था की गई। साथ ही बेजुबान पक्षियों के लिए गांव के सार्वजनिक स्थलों पर परिंडे लगाकर सेवा व धर्मार्थ कार्य किया गया। इस अवसर पर अनेक युवाओं की टीम कोरोना जैसी महामारी के समय से ही सामने आई और तब से लेकर अब तक निरंतर इस प्रकार के सेवा कार्य का काम कर रही है। सर्दी हो या गर्मी पक्षियों के लिए कुछ न कुछ विशेष करते है। हर साल वर्षा ऋतु में शमशान भूमि में वृक्षारोपण का काम करते है जो पहले सिर्फ श्मशानघाट था। अब ऐसा महसूस हो रहा जैसे हिमालय की पहाड़ियों में कोई घाटी है। ऐसे कार्य को करने के लिए अन्य गांव के ग्रामीणों का भी भरपूर सहयोग मिलता है। बस स्टैंड पर साफ सफाई कार्य के दौरान ओम प्रकाश सुथार के साथ कल्याण राम सारण, डॉ सांवर मल महर्षि, हनुमान सिंह, प्रदीप स्वामी, नीकू सिंह, मुकेश सारण, फारुख तैली सहित अनेक युवा कार्यकर्ता सहयोग कर रहे हैं।

## राहगीरों को गर्मी में पिलाया गुलकन्द



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गर्मी से आम राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए लायंस क्लब सुजानगढ़ की ओर से बाई पास रोड पर प्रेम टेंट हाउस के पास शीतल, मधुर एवं स्वास्थ्यवर्धक गुलकंद पिलाया गया। लगभग 3800 लोगों ने शीतल गुलकंद का आनंद लिया। लायंस क्लब सुजानगढ़ के सचिव अशोक जाजू के संयोजन में अध्यक्ष प्रशांत पारीक, सीए अभिषेक पोदार, मुरली राठी, जोन चेयरपर्सन कमल तापड़िया, संजय गोयल, सीए रोहित शर्मा, एडवोकेट कैलाश खंडेलवाल, राजेंद्र जाजू, हेमंत जाजू, दुर्गाराम डूकिया, देवाराम टाक, सचिन सैनी, लोकेश टाक ने अपनी सेवाएं दी। अध्यक्ष प्रशांत पारीक ने बताया कि आने वाले समय में गर्मी और तेवर बढ़ाएगी यह देखते हुए लायंस क्लब जगह जगह पर शीतल जल की प्याऊ से भी आम जन को राहत पहुंचाने की कोशिश करेगी।

# केडेट अंडर ऑफिसर विशाल सिंह राठौड़ को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** 2 राज बटालियन एनसीसी चूरू की ओर से सांडवा में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कैंप के समापन समारोह के अवसर पर बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर मेजर प्रदीप दहिया ने कैंप सीनियर के रूप में उत्कृष्ट सेवाएं देने और शिविर के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर केकेसी कॉलेज के कैडेट अंडर ऑफिसर विशाल सिंह राठौड़ को विशेष प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट विरेंद्र सिंह राठौड़ के कुशल मार्गदर्शन और कॉलेज एनसीसी ट्रेनर नरेश कुमार की ओर से जमीनी स्तर पर दिए गए कड़े सैन्य व ड्रिल प्रशिक्षण का परिणाम है। सांडवा में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में चूरू जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के सैकड़ों कैडेट्स ने हिस्सा लिया था। कैंप के दौरान सैन्य अनुशासन, ड्रिल, वेपन ट्रेनिंग, फायरिंग और लीडरशिप जैसे विभिन्न पैमानों पर सर्वश्रेष्ठ पाए जाने पर विशाल सिंह राठौड़ को पूरे कैंप की कमान सौंपते हुए कैंप सीनियर की जिम्मेदारी दी गई थी। विशाल ने ट्रेनर नरेश कुमार की ओर से सिखाए गए कड़क ड्रिल और सैन्य कौशलों का प्रदर्शन कर कैंप में अपनी एक अलग पहचान बनाई। कैंप के सफल संचालन पर कमांडिंग ऑफिसर ने की प्रशंसा। समापन समारोह को संबोधित करते हुए कमान अधिकारी मेजर प्रदीप दहिया ने सभी कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि एनसीसी कैडेट्स देश के भविष्य और अनुशासन की रीढ़ हैं। कैंप के दौरान कैडेट्स ने बेहतरीन सैन्य कौशल और जज्बा दिखाया है। कैंप सीनियर के रूप में अंडर ऑफिसर विशाल सिंह राठौड़ ने पूरी कमान को जिस अनुशासित तरीके से संभाला वह बेहद सराहनीय है। कैडेट की इस शानदार सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए लेफ्टिनेंट विरेंद्र सिंह राठौड़ एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर ने कहा कि विशाल सिंह एक अत्यंत अनुशासित और समर्पित कैडेट हैं। कैंप सीनियर के रूप में उनका चयन होना हमारी एनसीसी विंग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। शिविर के समापन के बाद सरदारशहर लौटने पर केकेसी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक डॉ किशोर सिंह राठौड़, स्टाफ और साथी कैडेट्स ने कैंप सीनियर विशाल सिंह, लेफ्टिनेंट विरेंद्र सिंह और ट्रेनर नरेश कुमार का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

## 25 मई से शुरू होगा 'वंदे गंगा' जल संरक्षण अभियान, जिलेभर में 12 दिन चलेंगे जनजागरण कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** जिले में जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से 25 मई (गंगा दशमी) से 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान शुरू होगा। यह अभियान 5 जून तक जिलेभर में विभिन्न गतिविधियों के साथ संचालित किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान की व्यापक एवं प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्चित करते हुए अधिकाधिक जनभागीदारी जोड़ी जाए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों को मिशन मोड पर संचालित किया जाए, ताकि इसका सकारात्मक प्रभाव गांव-गांव और प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे। सभी विभाग आपसी समन्वय से ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में कार्ययोजना बनाकर गतिविधियों का संचालन करेंगे। अभियान के दौरान श्रमदान, पौधारोपण, जल स्रोतों की सफाई, प्रभात फेरियां, जागरूकता रैलियां, जल चौपाल, कलश यात्रा और सामाजिक सहभागिता आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जल स्रोतों की पूजा, अमृत सरोवर पूजन, पीपल पूजन, ईको फ्रेंडली उत्पादों की प्रदर्शनी और जल संरक्षण की शपथ जैसे कार्यक्रम भी होंगे। अभियान के तहत मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान में नए कार्यों की स्वीकृति और शुरुआत की जाएगी। वहीं कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा स्प्रिंकलर, ड्रिप, फार्म पॉण्ड और पाइपलाइन संबंधी स्वीकृतियां जारी की जाएंगी। प्राकृतिक खेती, जैविक कृषि और सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों पर कार्यशालाएं एवं किसान चौपाल भी आयोजित होंगी। वन एवं पर्यावरण विभाग की ओर से 4 जून को 'रन फॉर एन्वायरमेंट' का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा पक्षियों के लिए परिंडे बांधने, तुलसी के पौधे वितरण, प्लास्टिक मुक्त अभियान और जल गौरव सम्मान जैसे कार्यक्रम भी होंगे। अभियान का समापन 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित समारोह के साथ किया जाएगा।

## सरकार तक सही रूप में पहुंचाऐ जनता की आकांक्षाएं और जरूरतें: एसडीएम

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मुख्यमंत्री विकसित ग्राम/शहरी वार्ड अभियान को लेकर गठित कमेटी की बैठक का आयोजन उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा के सानिध्य में उपखंड कार्यालय में किया गया। बैठक में उपस्थित कमेटी सदस्यों को सम्बोधित करते हुए उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में करीब दो सौ और शहर के वार्डों में करीब 150 के लगभग पोईंट्स के आस-पास जानकारी मांगी गई है। इसलिए सभी 24 विभागों से सम्बंधित अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ इस रिपोर्ट को भरना है, ताकि आने वाले समय में जनसंख्या के हिसाब से अधिकतम संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सके। वर्मा ने कहा कि 2030, 2035 और 2047 के जनता की किस प्रकार की आकांक्षाएं और जरूरतें हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुए समुचित आंकड़ों के साथ इस फोर्मेट को भरे, ताकि सरकार तक सही और समुचित जानकारी भविष्य की आवश्यकताओं को लेकर पहुंच सके। बैठक के दौरान तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक, समाज कल्याण अधिकारी बाबूलाल, सहायक विकास अधिकारी रामानंद फलवाड़िया, सीबीईओ सुनीता पूनिया, पुरूषोतम चौहान, नगरपरिषद की सहायक अभियंता चारवी, यतीन्द्र, छापर से अधिशाषी अधिकारी भवानीशंकर व्यास सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

## गांधी चौक पार्क में महापुरुषों की प्रतिमाएं लगाने की मांग को लेकर धरना जारी

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(निस)।** गांधी चौक स्थित पार्क में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर, पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया व स्वतंत्रता सेनानी गिरीशचंद्र मिश्र की प्रतिमाएं स्थापित करने की मांग को लेकर नगरपरिषद कार्यालय के बाहर अजय ढेनवाल के नेतृत्व में चल रहा धरना बुधवार को 18वें दिन भी जारी रहा। धरने में स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय गिरीशचंद्र मिश्र के पुत्र आनंद मंगल मिश्र ने भी भाग लिया और महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित किए जाने की मांग का समर्थन किया। धरनार्थियों ने भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप द्वारा लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनकी मांग केवल महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित करने और पार्क को नियमित रूप से खोलने की है। उन्होंने पार्क का नाम नेहरू पार्क रखने तथा प्रतिमाओं की स्थापना की मांग दोहराई। धरनार्थी एवं निवर्तमान पार्षद इकबाल खान कायमखानी ने आरोप लगाया कि धरने को प्रभावित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने नगरपरिषद में ट्रैक्टर-लेबर कार्यों को लेकर भी सवाल उठाए और बिना आदेश कार्य कराए जाने का आरोप लगाया। वहीं कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि मार्च के बाद किसी प्रकार का एक्सटेंशन नहीं हुआ है तथा डंपिंग यार्ड में पहुंचने वाले ट्रैक्टरों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। सफाई निरीक्षक मुनालाल मीणा ने भी एक्सटेंशन संबंधी जानकारी होने से इनकार किया। धरने में तरुण सियोता, बिलाल भूरान, नोरतन सियोता, गोपाल तेजस्वी, पवन लाखन सहित कई लोग मौजूद रहे।

## बीएड परीक्षा देने जा रही महिला को डंपर ने कुचला, मौत; पति गंभीर

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** शहर के इंडाली बाइपास पर बुधवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में बीएड की परीक्षा देने जा रही एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। कोतवाली थाना प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि हादसे में पूजा मेघवाल (24) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पति मनजीत मेघवाल (29) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार पूजा राजस्थान कॉलेज झुंझुनूं से बीएड कर रही थी और बुधवार को उसका परीक्षा पेपर था। वह अपने पति मनजीत के साथ स्कूटी से सोलाना गांव से झुंझुनूं आ रही थी। सुबह करीब 11:30 बजे इंडाली गेट के पास गोलाई मोड़ पर सामने से आए तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में डंपर महिला के शरीर के ऊपरी हिस्से को कुचलता हुआ निकल गया। टक्कर के बाद मनजीत दूर जाकर गिरा, जबकि पूजा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मौके से मिले मोबाइल के जरिए परिजनों को हादसे की सूचना दी। परिजनों ने बताया कि पूजा तीन महीने के मासूम बेटे को घर पर छोड़कर परीक्षा देने निकली थी। मनजीत पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का काम करता है। उसके पिता का निधन हो चुका है। घर में उसकी मां और छोटा बच्चा मौजूद थे। हादसे के बाद मेघवाल समाज के लोग बीडीके अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर एकत्रित हो गए और आरोपियों की गिरफ्तारी व कार्रवाई की मांग को लेकर शव लेने से इनकार कर दिया।

## भाजपा के प्रशिक्षण में राठौड़ व सांसद सीपी जोशी ने की शिरकत



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** गुढ़ा में शिविर के दूसरे दिन भाजपा के राष्ट्रव्यापी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 में जिला झुंझुनूं के प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन प्रथम सत्र की मुख्य वक्ता पूर्व विधायक व राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने बूथ प्रबंधन विषय पर प्रकाश डाला। सत्र की अध्यक्षता पूर्व विधायक सुभाष पूनिया ने की। द्वितीय सत्र में प्रदेश प्रवक्ता रेंवत सिंह राजपुरोहित ने विचार परिवार विषय पर संवाद किया।अध्यक्षता भाजपा नेता बबलू चौधरी ने की। व्यावहारिक सत्र में प्रशिक्षण की कार्यप्रणाली पर पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, भाषण विषय पर जिला महामंत्री डॉ. वीरपाल सिंह शेखावत, मीडिया प्रबंधन पर पिलानी से भाजपा प्रत्याशी व पूर्व महामंत्री राजेश दहिया, कार्यालय प्रबंधन पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य विशंभर पूनिया व चुनाव प्रबंधन पर जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी ने प्रशिक्षण दिया। अध्यक्षता क्रमशः पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य विकास शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष जयसिंह मांठ, महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोज श्योराण, जिला महामंत्री दिलीप सैनी व जिला मंत्री मंजू सैनी की। चतुर्थ सत्र में मुख्य वक्ता पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कार्यकर्ता विकास -गुण आचरण और अपेक्षाएं विषय कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। अध्यक्षता लोहार्गल पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य जी ने की। समापन सत्र में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी मुख्य वक्ता रहे जिन्होंने अपनी सरकारों की गरीब कल्याण योजना व उनके क्रियान्वयन विषय पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया सत्र की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने की। जिला संगठन प्रभारी विधायक गोवर्धन वर्मा, वर्ग प्रभारी प्रेम सिंह बनवासा, संयोजक डॉ.वीरपाल सिंह पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार एवं संतोष अहलावत, पूर्व विधायक सुभाष पुनिया, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, जे पी चंदेलिया व रणवीर गुढ़ा, भाजपा नेता राजेश दहिया, बबलू चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विशंभर पूनिया, सहसंयोजक विकास शर्मा, प्रधान रोहिताश धागढ़ मंचस्थ रहे। जिला महामंत्री योगेन्द्र मिश्रा, व दिलीप सैनी, जिला उपाध्यक्ष सुनील लांबा, भूपेंद्रसिंह शेखावत, पूनम गुर्जर एवं अजय चाहर, जिला मंत्री मंजू सैनी, निखिल शर्मा, विनोद कुमावत, सुरेन्द्र रसगनिया व सुशील कुमार, आईटी सैल प्रभारी सौरभ सोनी, मीडिया प्रभारी चंद्रप्रकाश शुक्ला, नितेश खीचड़, कार्यालय सहमंत्री जतन किशोर सैनी, प्रकोष्ठ संयोजक जयप्रकाश सूरा, जिलाप्रवक्ता संजय मोरवाल, हनुमान सिंह, शेर सिंह निर्वाण व राजकुमार मुंड, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जयसिंह माठ, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरोज श्योरण, एस सी मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र भाटिया, ओबीसी जिला संयोजक डॉ बी एल वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष शौकत अली चौहान सहित मंडल अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित रहे।

## 143 तिरपाल गोदाम धारकों को नोटिस

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नगर परिषद के नगरीय एवं पेराफेरी क्षेत्र में अवैध रूप से तिरपाल गोदाम बने हुए हैं। आयुक्त गिरधारी लाल पारीक ने बताया कि उक्त अवैध गोदामों का परिषद के हल्का जमादार व स्वास्थ्य निरीक्षक से मौका निरीक्षण किया गया। जिसमें सर्वे अनुसार 143 तिरपाल गोदाम अवैध निर्मित पाए गए। उक्त समस्त अवैध निर्मित तिरपाल गौदाम मालिकों को को राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 166, 167, 245 व 194 के तहत 3 दिवस में तामीर इजाजत, भू-उपयोग परिर्वतन व फायर एन.ओ.सी से संबंधित दस्तावेज मय लिखित स्पष्टीकरण के लिए नोटिस जारी किय गये है। आयुक्त ने बताया कि उसके बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## तीन फर्मों को दिया नोटिस

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद का टेंडर लेकर कार्य करने वाली फर्मों की ओर से समय पर कार्य पूरा नहीं करने, काम अधूरा करने, काम सही से नहीं करने, कीचड़ समय पर नहीं उठाने सहित अन्य कारणों को लेकर आयुक्त की ओर से नोटिस जारी किए गए हैं। सफाई निरीक्षक मुन्नालाल मीणा के अनुसार दिव्या एंटरप्राईजेज और मैसर्स रामप्यारी सियोता एंटरप्राईजेज को दूसरा नोटिस जारी किया गया है। जबकि सोनी टेक्नोलॉजी को प्रथम नोटिस दिया गया है।

## प्रबंधक कार्यकारिणी की बैठक में चर्चा

**तारानगर(निस)।** बस स्टैंड के पास स्थित वैदिक कन्या छात्रावास में संस्था अध्यक्ष जीताराम जांदू की अध्यक्षता में बुधवार को प्रबंधक कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई जिसमें कार्यकारिणी के सदस्य रहे जीतूसिह तेतरवाल की आकस्मिक मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रंद्धाजलि अर्पित की गई और छात्रावास की साधारण सभा की बैठक करने व छात्रावास में वार्डन व चौकीदार की नियुक्ति पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर हरिसिंह बेनिवाल, रामजीलाल, कुलदीप, डूंगरराम मील, भोजराज महला, रामस्वरूप झाझड़िया, मदनलाल कालेर, भगतसिंह भाकर, राजेंद्र कस्वां, हेतराम भाकर, केसरी सिँह भालोटिया, हेमराज ज्याणी आदि बैठक में मौजूद रहे।

**कार्यालय अतिरिक्त परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, चूरू**

क्रमांक :- अतिजिपस/समसा/चूरू/2026/83 दिनांक :- 18/05/2026

**Notice Inviting Bid**

Bids of Civil work at Various School at Churu District are invited from interested bidders upto 2.00 pm 02.06.2026. Other Particulars of the bid May be visited on the Procurement portal **(http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in)** of the state.

**UBN - RSE2627WSOB00287, RSE2627WSOB00288** — **ADPC**
**Raj.Samwad/C/26/3163** — **SMSA, CHURU**

**Office of the Executive Engineer, Public Health Engineering Department, Division Ratangarh**

No.:- EE/NIT/2026-27/ 327 Date: 14-5-26

**Notice Inviting Bid**

Bid of ARC FOR SUPPLY OF CID JOINTS FOR PVC PIPES AND VARIOUS SIZE APPROVED MAKE SUBMERSIBLE CABLE UNDER PHED DIVISION RATANGARH are invited from interested bidders up to 26.05.2026, for other particulars/details of the bids may visit on the procurement portal(http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and P.H.E.D. department website:
UBN NIT No. : 04 PHE 2627WSRC01185
UBN NIT NO. : 05 PHE2627WSRC01186

**(Mahendra Kantiwal)**
**Executive Engineer**
**RED Division Ratangarh**

DIPR/C/8796/2026

## दक्ष प्रजापति समाज ने दी श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय प्रजापति समाज के भामाशाह व भूमिदान दाता नोरतमल किरोड़ीवाल की धर्मपत्नी सुवटी देवी किरोड़ीवाल का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को देवलोकगमन हो गया था। दक्ष प्रजापति भवन चूरू में सुवटी देवी किरोड़ीवाल को प्रजापति समाज बन्दुओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रजापति भवन के अध्यक्ष गोपालराम बबेरवाल ने बताया कि सुवटी देवी के परिवार ने प्रजापति समाज को भवन व छात्रावास के लिए भूमिदान के साथ साथ दोनों भवनों में तीन कमरों का निर्माण भी करवाया। उनके सुपुत्र नारायण प्रसाद ने भी दोनों भवनों में दो कमरों का निर्माण करवाया व समय समय पर आर्थिक सहयोग व समाजहित में सदेव अग्रणी भूमिका में किरोड़ीवाल परिवार रहता है। इस अवसर पर ताराचंद पेंसिया, लिखमीचंद टाक, दयाचंद नानवल, किशनलाल किरोड़ीवाल, मनीराम सिंहमार, मांगीलाल टाक,अजित निमिवाल, लिखमाराम डाबला, सोहनलाल किरोड़ीवाल, मदनलाल घोड़ेला, इंदरचंद किरोड़ीवाल, रामेश्वर रामसरा, शंकर कुदाल, चिरंजीलाल घंटेलवाल, नारायण कुदाल, बलदेव नानवाल, विनोद होदखासिया, मनीष किरोड़ीवाल, गिरधारीलाल रामगढ व बाबूलाल घंटेलवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## पक्षियों के लिए बांधे परिंडे



जयपुर टाइम्स

**झुन्झुनूं(निस)।** स्थानीय गणपति नगर स्थित वी.पी.एल. करियर इंस्टीट्यूट में पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए। संस्थान के संस्थापक व प्रेरणास्रोत इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने बताया कि बेजुबान पक्षियों के लिए गर्मी की तीव्रता को देखते हुए हमारा कर्तव्य मानव के प्रति ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों के प्रति भी अच्छा होना चाहिए, इस प्रकार के कार्यों से ही व्यक्ति महान सफलता प्राप्त कर सकता है। और बताया कि परिंडे बांधनें से ही नहीं जबकि प्रतिदिन पानी डालने का कर्तव्य भी निभाना चाहिए। वीपीएल सेंटर हेड डॉ. शिखा सहाय ने भी छात्राओं को इन बेजुबान पक्षियों के लिए इंस्टीट्यूट में ही नहीं, अपने घर और घर के आस-पास भी परिंडे बांधने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एडमिन हेड जितेंद्र शर्मा, राकेश झाझड़िया व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## नई सड़क धंसी, लोगों ने निर्माण गुणवत्ता पर उठाए सवाल




जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** कस्बे के वार्ड-17 स्थित खेमानी कुएं के पीछे हाल ही में बनाई गई सड़क क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क धंसने के बाद स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की है। वार्ड निवासी अंकित सोनी व अन्य लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हुई है। उनका कहना है कि सड़क के नीचे खोखलापन रहने के कारण यह हिस्सा अचानक धंस गया। गनीमत रही कि घटना के समय वहां से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि समस्या को लेकर 8 से 10 बार नगर पालिका में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने संबंधित ठेकेदार की जांच कर नियमों के तहत कार्रवाई करने तथा क्षतिग्रस्त सड़क को जल्द दुरुस्त कराने की मांग की है।

## नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे पड़े कंक्रीट व बजरी दे रहे हैं हादसों को निमंत्रण

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** नेशनल हाईवे 11 पर हेतमसर गांव में सड़क किनारे अवैध रूप से कंक्रीट और बजरी डालने से हादसों का खतरा बढ़ रहा है। जानकारी के अनुसार हेतमसर गांव में नेशनल हाईवे मार्ग पर सड़क किनारे बजरी और कंक्रीट डालकर व्यावसायिक गतिविधि संचालित की जा रही है। जिसके कारण वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और इस मार्ग पर 24 घंटे वाहनों का आवागमन रहता है ऐसे में हादसों



की भी आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन को समय रहते ध्यान देकर जिसने भी सड़क किनारे अवैध रूप से कंक्रीट और बजरी डाल रखी है, उसको वहां से हटवाना चाहिए। सड़क किनारे बजरी और कंक्रीट पड़ी होने के कारण अगर कोई वाहन आमने-सामने से गुजर रहे हैं और इसी दौरान कोई वाहन चालक ओवरटेक करते हुए आगे निकलने की कोशिश करता है तो सामने से आने वाले दूसरे वाहन चालक के लिए काफी खतरा बढ़ जाता है। सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण से हादसों का खतरा बढ़ता है और यातायात भी बाधित होता है। नेशनल हाईवे सड़क किनारे बजरी व कंक्रीट डालकर अतिक्रमण करना एक गैर कानूनी और दंडनीय अपराध है ऐसे में प्रशासन को तुरंत इस पर ध्यान देना चाहिए।

# ई-फार्मेसी के विरोध में बंद रहे मेडिकल स्टोर, केमिस्टों ने जताया रोष



तारानगर।



सरदारशहर।



चूरू।

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं)।** ई-फार्मेसी व कॉरपोरेट कंपनियों की नीतियों के विरोध में ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर बुधवार को तारानगर कस्बे में मेडिकल स्टोर पूर्णतया बंद रहे। दवा व्यापारियों ने एकजुट होकर ऑनलाइन दवा बिक्री व्यवस्था के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। केमिस्ट गुलशन चाचान ने बताया कि केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी सरकारी अस्पताल के सामने एकत्रित हुए और ई-फार्मेसी के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान केमिस्टों ने कहा कि ऑनलाइन दवाओं की अनियंत्रित बिक्री के कारण बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाइयां उपलब्ध हो रही हैं, जिससे नकली व गलत दवाओं के इस्तेमाल का खतरा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने इसे जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ई-फार्मेसी की बढ़ती गतिविधियों से छोटे दवा व्यापारियों का रोजगार भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियम लागू करने व जनहित में आवश्यक कदम उठाने की मांग की। इस मौके पर रामस्वरूप कुमावत, गुलशन चाचान, सार्दुल पारीक, सत्यनारायण सैनी, श्रवण कसवां, रामधन चौधरी, वासुदेव शर्मा, सहदेव भाटी सहित बड़ी संख्या में केमिस्ट मौजूद रहे।

**धौलपुर।** अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट तथा राज्य केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संगठन के आह्वान पर मंगलवार को जिलेभर के केमिस्ट एवं दवा विक्रेताओं ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल रखी। इस



धौलपुर।

दौरान जिले की अधिकांश मेडिकल दुकानें बंद रहीं। दवा विक्रेता गांधी पार्क में एकत्रित हुए, जहां धरना-प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिला केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज जैन 'अंकल' ने कहा कि ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 एवं नियम 1945 में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं होने के बावजूद कई कंपनियां वर्षों से दवाओं की बिक्री कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बिना वैधानिक प्रावधान एवं चिकित्सकीय परामर्श के घर-घर दवा पहुंचाना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने मांग की कि अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए तथा बिना वैध एवं सत्यापित ई-प्रिस्क्रिप्शन के दवाओं की बिक्री और होम डिलीवरी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। जिला केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव संजय शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा दी जा रही अत्यधिक छूट नीति पर भी रोक लगाई जानी चाहिए, क्योंकि इससे स्थानीय दवा व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। सभा का संचालन करते हुए मीडिया प्रभारी धनेश जैन ने कहा कि देशभर के केमिस्ट एवं दवा विक्रेता स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था और औषधि आपूर्ति तंत्र की मजबूत कड़ी हैं। कोविड महामारी के दौरान भी दवा व्यापारियों ने निरंतर दवा आपूर्ति सुनिश्चित कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। प्रदर्शन में पवन कुमार जैन, रिंकू शर्मा, जितेंद्र त्रिपाठी, नवीन मंगल, संतोष कुमार, सचिन जैन, संजय जैन, मनोज गोयल, रामकुमार बंसल, मनोज शर्मा, सोनू अग्रवाल, गोविंद गोयल, सुनील मित्तल, संतोष मित्तल, शिवम अग्रवाल, अमन रस्तोगी सहित मनिया, सुआ का बाग, सरानी खेड़ा आदि क्षेत्रों के दवा विक्रेता मौजूद रहे।

**चूरू।** ऑल इंडिया केमिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले मेडिकल संचालकों ने ऑनलाइन दवा बिक्री और कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा भारी डिस्काउंट के विरोध में बुधवार को जिलेभर में मेडिकल स्टोर बंद रहे। शहर के अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद रहने से दवा लेने पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। चूरू जिला केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अतिरिक्त जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष रामसिंह खींवासर ने बताया कि देशभर में केमिस्ट्स ने ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने, कॉरपोरेट कंपनियों की ओर से दिए जा रहे भारी डिस्काउंट को बंद करने और नकली दवाइयों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर बुधवार को एक दिवसीय हड़ताल की गई। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लेती है, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। चूरू जिला केमिस्ट एसोसिएशन की ओर से बंद के आह्वान पर बंद का असर कई मरीजों पर देखने को मिला। यहां दवाएं न मिलने के कारण वापस निराश लौटना पड़ा, विशेषकर दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। मरीजों और उनके परिजनों ने बताया कि मेडिकल बंद होने से उन्हें आवश्यक दवाइयां नहीं मिल पाईं, जिससे उनका इलाज प्रभावित हुआ है। वहीं मेडिकल संचालकों का कहना है कि ऑनलाइन दवा कंपनियों और बड़े कॉरपोरेट्स के कारण छोटे व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है, जिसके चलते यह आंदोलन करना उनकी मजबूरी हो गई। इस अवसर पर राजकुमार, सरवानंद, विजय कुमार शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, सुधीर शर्मा, नटवर हारित, सुशील कुमार, कन्हैयालाल शर्मा, संजय सहित एसोसिएशन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**सरदारशहर।** ऑल इंडिया केमिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को सरदारशहर में मेडिकल संचालकों ने ऑनलाइन दवा बिक्री और कॉरपोरेट कंपनियों की ओर से भारी डिस्काउंट के विरोध में अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मेडिकल संचालकों ने सरदारशहर तहसीलदार कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मेडिकल संचालकों की समस्यायों के समाधान की मांग की है। मेडिकल एसोसिएशन संघ के सदस्य राजेंद्र पारीक व नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि देशभर में केमिस्ट्स ने एकजुट होकर ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने, कॉरपोरेट कंपनियों की ओर से दिए जा रहे भारी डिस्काउंट को बंद करने तथा नकली दवाइयों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एक दिवसीय हड़ताल की है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लेती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मेडिकल संचालकों की हड़ताल का असर सरदारशहर उप जिला अस्पताल में भी देखने को मिला। अस्पताल में कुछ आवश्यक दवाइयां उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को बाहर से दवा लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। मेडिकल बंद होने से कई मरीजों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। जबकि दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी।

मरीजों और उनके परिजनों ने बताया कि अचानक मेडिकल बंद होने से जरूरी दवाइयां नहीं मिल रही हैं। जिससे इलाज प्रभावित हुआ है। वहीं मेडिकल संचालकों का कहना है कि ऑनलाइन दवा कंपनियों और बड़े कॉरपोरेट्स के कारण छोटे व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। इसलिए यह आंदोलन मजबूरी में किया जा रहा है। शहरभर में दिनभर मेडिकल प्रतिष्ठान बंद रहने से दवा बाजार पूरी तरह प्रभावित रहा। इस मौके पर मेडिकल एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष नरपत, नरेंद्र सिंह राजपुरोहित, दयाराम सुथार, कन्हैयालाल सैनी, प्रकाश सोनी, रामाअवतार सोनी, सुरेश पारीक, मोनू वर्मा, रामावतार बोहरा, दीपक शर्मा, अख्तर अली सहित अनेक मेडिकल संचालक मौजूद रहे।

## श्रीरामकथा ज्ञान यज्ञ की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** तोदी कुई दुर्गा पूजा महोत्सव स्थल पर 25 मई से 2 जून तक आयोजित होने वाले नौ दिवसीय श्रीरामकथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार रात्रि को बैठक आयोजित हुई। बैठक जगद्गुरु धर्माचार्य जी महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि कार्यक्रम के तहत पूज्या प्रेमा सखी के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 2.15 बजे से सायं 6 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 25 मई को सुबह 108 कलशों की भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होकर कथा स्थल पहुंचेगी।जगद्गुरु धर्माचार्य महाराज ने अधिमास में धार्मिक आयोजनों की महत्ता बताते हुए श्रद्धालुओं से कथा में अधिकाधिक भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन में सहभागिता से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा भगवान श्रीराम की कृपा प्राप्त होती है।बैठक में पार्षद पवन बुटोलिया ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी श्रद्धालुओं व समिति सदस्यों से



व्यक्तिगत जिम्मेदारी निभाने की अपील की। वहीं दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष महेश चिकणा ने आयोजन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां समिति सदस्यों को सौंपी। इस दौरान दीपक जाजोदिया, संदीप चिरानिया, गणेश गोटेवाला, सांवरमल, विकास तुनवाल, सुरेश टेलर, रामस्वरूप वेदी, मुरारीलाल वेदी, सज्जन टेलर, पूर्णमल भगत, राकेश मिश्रा, अशोक जोशी, विनोद तुनवाल, अमित तुनवाल, अशोक तुनवाल, सुरेंद्र टेलर, मुकेश टेलर, श्यामसुंदर टेलर, छोटेलाल घोड़ेला, घीसालाल माली, पीरामल, वितेश घासोलिया, सुमित सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सुसाइड नोट में आरोपियों के नाम, फिर भी गिरफ्तारी नहीं'

### झुंझुनूं में विप्र फाउंडेशन ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, सूदखोरों पर कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** झुंझुनूं में सूदखोरी से तंग आकर एक युवक की ओर से सुसाइड करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोशित विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में बुधवार को सर्वसमाज और बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एसपी कावेंद्र सिंह सागर को ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की। विप्र फाउंडेशन के जिला संयोजक उमाशंकर महमिया व संरक्षक एडवोकेट सुशील जोशी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए। एसपी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि विमल कुमार शर्मा ने कथित सूदखोरों के मानसिक टॉर्चर से तंग आकर 16 मई को ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया था। मरने से पहले विमल ने एक विस्तृत सुसाइड नोट छोड़ा था। इसमें अपनी मौत के जिम्मेदार सूदखोरों के नामों का स्पष्ट उल्लेख किया है। घटना के दिन ही मृतक के पिता बनवारी लाल शर्मा ने नामजद एफआईआर दर्ज करवा दी थी। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।इस दौरान मांग की गई है कि सुसाइड नोट में नामजद सभी आरोपियों को आगामी 5 दिनों के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। सूदखोरों



की ओर से पीड़ित परिवार से अवैध रूप से और डरा-धमकाकर वसूली गई पूरी राशि वापस दिलवाई जाए। मृतक की पत्नी को जीवन यापन के लिए सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। इस मामले में कथित रूप से लापरवाही बरतने वाले एएसआई नरेंद्र सिंह को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त किया जाए। 5 दिन का अल्टीमेटम, वर्ना करेंगे आंदोलन?विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी पांच दिनों के भीतर प्रशासन उचित कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो तो विप्र समाज, बार एसोसिएशन और ग्रामीण मिलकर बड़ा और उग्र आंदोलन करेंगे। विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, एडवोकेट बाबूलाल शर्मा, रमेश चौमाल, श्याम सुंदर दाधीच, राकेश सहल, विकास पुरोहित, शिवकुमार जेवरिया एडवोकेट, जितेंद्र निर्मल एडवोकेट, कृष्ण कुमार शर्मा एडवोकेट, प्रमोद शर्मा, चिरंजीलाल शर्मा, सुधीर शर्मा, संजीव शर्मा, नेमीचंद शर्मा, नौरंगराम शर्मा, मदन सिंह शेखावत, सांवर सिंह शेखावत, कमलेश शर्मा, विकास शर्मा, दिलीप शर्मा, एडवोकेट अनीता गुर्जर, एडवोकेट सोनू कुमारी, एडवोकेट लक्ष्मीकांत गौड़ आदि मौजूद रहे।

## जिले में लू-तापघात से बचाव के लिए पुख्ता प्रबन्धः सीएमएचओ

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** हीटवेव लू-तापघात से बचाव को लेकर पुख्ता प्रबंधन की व्यवस्था की गई है। जालोर सीएमएचओ डॉ भैराराम जाणी ने बुधवार को पत्रकार वार्ता कर इस बारे में जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ भैराराम जाणी ने बताया कि जालौर जिले के जिला अस्पताल व सीएचसी में कम से कम 10 से 3 बेड व पीएचसी स्तर पर एक बेड केवल हीट स्ट्रोक के लिए आरक्षित किया गया है। उन्होंने बताया कि हिट इलनेस किट जैसे बर्फ के पैक, ठंडे पानी की पटियां विशेष इन ड्रिप इत्यादि उपलब्ध कराए गए हैं। आउटडोर काउंटर वेटिंग एरिया में शेड कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर हीटवेव रोगियों के लिए अलग से 108 एंबुलेंस सीमित की गई है। साथ ही एंबुलेंस में आइस बॉक्स की पैक इत्यादि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि सभी चिकित्सा स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले मरीज और उनके परिजनों के लिए ठंडा पेयजल की व्यवस्था करवाई गई है। सभी चिकित्सा स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ को हिट रिलेटेड बीमारियों के लिए प्रोटोकॉल का भी ज्ञान दिया गया है। साथ ही बच्चों और पालतू जानवरों को भी कभी भी बंद वाहनों में या सीधी धूप में लंबे समय तक नहीं रखने की अपील की गई है। सीएमएचओ डॉ भैराराम जाणी ने बताया कि इन दिनों सीएमएचओ कार्यालय जालौर के संबंध में सोशल मीडिया पर घोटाला करने के आरोप लगाए जा रहे हैं, जो निराधार है। इन आरोपों को सीएमएचओ ने सिरे से खारिज किया है। उन्होंने बताया कि इस कार्यालय की ओर से जैम निविदा के माध्यम से उपापन की सामग्री व बिल की प्रति 31 मार्च 2025 को भंडार में प्राप्त हो गई थी चूंकि वित्त वर्ष समाप्ति के अंतिम दिवस होने के कारण प्राप्त अधिक परिणाम में प्राप्त सामग्री अनुसार इंद्राज करने के पश्चात प्राप्त सामग्री जो कि अधिक परिणाम में थी उसका निरीक्षण व मिलान किया गया।

## नवलगढ़ शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में आज चार घंटे बिजली बंद रहेगी

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 132 केवी पावर ग्रिड स्टेशन नवलगढ़ पर मरम्मत कार्य किए जाने के कारण 21 मई को शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विभाग के अनुसार प्रातः 6 बजे से सुबह 10 बजे तक नवलगढ़ शहर सहित डूण्डलोद, चैलासी, ढाकां की ढाणी, बिरोल, झाझड़, बसावा, परसरामपुरा, देवगांव, गोठड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। विद्युत निगम ने उपभोक्ताओं से असुविधा के लिए खेद जताते हुए आवश्यक कार्य पहले से निपटाने की अपील की है।

## भीषण गर्मी में बेजुबानों के लिए सहकारिता विभाग की पहल, शुरू हुआ 'परिंडा बांधो अभियान'

### सहकारिता मंत्री गौतम दक ने किया शुभारंभ, कार्यालयों में छाया-पानी की भी व्यवस्था

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** भीषण गर्मी में बेजुबान पशु-पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सहकारिता विभाग ने प्रदेशभर में 'परिंडा बांधो अभियान' की शुरुआत की है। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बुधवार को राजस्थान राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) परिसर में परिंडा बांधकर अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के तहत विभागीय कार्यालयों, सहकारी



संस्थाओं, सहकारी बैंक शाखाओं, केवीएसएस एवं ग्राम सेवा सहकारी समितियों के परिसरों, भवनों की छतों और पेड़ों पर मिट्टी के परिंडे एवं जल पात्र लगाए जाएंगे। साथ ही पक्षियों के लिए दाना-पानी की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सहकारिता विभाग के शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार डॉ. समित शर्मा ने सचिवालय एवं नेहरू सहकार भवन में अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ परिंडे बांधे। उन्होंने निर्देश दिए कि जल पात्रों की नियमित सफाई की जाए और उनमें प्रतिदिन स्वच्छ पेयजल भरा जाए, ताकि पक्षियों को शुद्ध पानी मिल सके और बीमारियों की आशंका न रहे। डॉ. शर्मा ने कहा कि सहकारिता विभाग अपने विस्तृत नेटवर्क के माध्यम से इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देगा। किसानों, पशुपालकों एवं आमजन को भी अपने घरों, खेतों और सार्वजनिक स्थलों पर परिंडे लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया, स्थानीय मीडिया और जनसंपर्क माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। विभाग ने जनप्रतिनिधियों, भामाशाहों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से भी इस पुण्य कार्य में सहयोग की अपील की है। इसके साथ ही विभाग ने सभी सहकारी समितियों एवं कार्यालयों को निर्देश दिए हैं कि गर्मी के मौसम में आने वाले किसानों एवं आमजन के लिए स्वच्छ पेयजल, छायादार विश्राम स्थल और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शासन सचिव ने कहा कि जीव-दया, करुणा और पर्यावरण संरक्षण राजस्थान की संस्कृति का हिस्सा हैं और यह अभियान समाज में संवेदनशीलता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।